

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी



आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 02, अंक : 63 | रांची, बुधवार, 12 फरवरी 2025 (माघ शुक्ल पूर्णिमा, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com


# महाकुंभ में माघ पूर्णिमा का महास्नान आज, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

एजेंसियां

**प्रयागराज।** बुधवार को माघी पूर्णिमा का पवित्र स्नान है, मान्यताओं की मानी जाए, तो माघी पूर्णिमा कल्पवासियों का अंतिम स्नान कहा जाता है। माघी पूर्णिमा का स्नान करके कल्पवासी अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करते हैं। माघी पूर्णिमा पर नया ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। अब मेला क्षेत्र ही नहीं, पूरे शहर को 12 फरवरी तक नो-व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अफसरों से कड़े लहजे में कहा है कि किसी भी स्थिति में जाम नहीं लगना चाहिए। अब मेला क्षेत्र ही नहीं, पूरे शहर को 12 फरवरी तक नो-व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। कल्पवासियों के भी वाहन को अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी।

## मेला क्षेत्र ही नहीं, पूरा शहर 12 फरवरी तक नो-व्हीकल जोन घोषित



- माघ पूर्णिमा पर प्रयागराज में 10 लाख कल्पवासी करेंगे स्नान
- ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए अफसरों की फौज तैनात
- गंगा, यमुना, सरस्वती में स्नान से पापों का नाश और मोक्ष की होती है प्राप्ति

**माघी पूर्णिमा के स्नान से पापों का नाश, मोक्ष की प्राप्ति** : दरअसल, माघी पूर्णिमा का पर्व हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन गंगा, यमुना और सरस्वती जैसी पवित्र नदियों में स्नान करने से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस साल माघी पूर्णिमा का पर्व 12 फरवरी को मनाया जाएगा। इस दिन प्रयागराज संगम सहित अन्य1 तीर्थ स्थलों पर स्नान का विशेष महत्व है। इसके साथ ही, लोग दान-पुण्य भी करते हैं और भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करते हैं। माघी पूर्णिमा के स्नान के लिए श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं।

**स्नान का समय ब्रह्म मुहूर्त में सबसे शुभ** : माघी पूर्णिमा के दिन स्नान का समय ब्रह्म मुहूर्त में सबसे शुभ माना जाता है। इस समय स्नान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। इसके अलावा, इस दिन व्रत रखने और धार्मिक अनुष्ठान करने का भी विशेष महत्व है। माघ पूर्णिमा 2025, 12 फरवरी को मनाई जाएगी। इस दिन गंगा स्नान, व्रत, दान और सत्यानारायण पूजा का विशेष महत्व है। यह दिन भगवान विष्णु को समर्पित होता है। माघ पूर्णिमा के दिन गंगा, यमुना, नर्मदा, कावेरी आदि पवित्र नदियों में स्नान करने से समस्त पापों का नाश होता है।

## माघी पूर्णिमा स्नान से पहले हादसा: संगम पर पलटी नाव, दो श्रद्धालु डूबे

**प्रयागराज।** महाकुंभ में माघी पूर्णिमा स्नान से ठीक पहले मंगलवार को एक और हादसा हो गया। श्रद्धालुओं से भरी नाव संगम के पास पलट गई। हादसे में महिला सहित दो श्रद्धालु डूब गए हैं। एनडीआरएफ और जल पुलिस ने सात लोगों को बचाया है। देहरादून से एक ही परिवार के छह और बैंगलुरू के तीन लोग नाव पर सवार होकर संगम स्नान करने के बाद वापस जा रहे थे। बचाए गए लोगों में दो की हालत गंभीर है। दोनों को एसआरएन अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया है।



उत्तराखंड के कनेली देहरादून निवासी एक ही परिवार के 60 वर्षीय महावीर प्रसाद, 55 वर्षीय बृजलाल, 67 वर्षीय सुरेश चंद्र, 65 वर्षीय ललिता, 60 वर्षीय उषा रानी व 70 वर्षीय गीता देवी मंगलवार की सुबह महाकुंभ पहुंचे थे। इन छह लोगों के अलावा बैंगलुरू के रवि किरण अपने माता-पिता के साथ दोपहर लगभग तीन बजे बोट क्लब से एक ही नाव पर सवार होकर संगम नोज श्यामसुंदर घाट स्नान के लिए पहुंचे।

शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त खबरें

### जेईई मेंस के पहले एडिशन का रिजल्ट जारी, 14 छात्रों को मिले 100 पर्सेंटाइल अंक



**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन के पहले एडिशन के रिजल्ट घोषित कर दिए गए हैं। जेईई-मेन में 14 छात्रों ने सर्वश्रेष्ठ 'स्कोर' हासिल किया है। जेईई मेन 2025 सत्र 1 की परीक्षा में 14 उम्मीदवारों को 100 पर्सेंटाइल मिले हैं। जेईई मेन 2025 टॉपर्स की सूची, रैंक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, जबकि जेईई मेन कट-ऑफ 2025 जल्द ही जारी की जाएगी। जेईई की जनवरी सत्र की परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थी अपना रिजल्ट ऑफिशियल वेबसाइट jeemain.nta.ac.in के माध्यम से चेक कर सकते हैं।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 18 फरवरी को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 18 फरवरी को अपराह्न 4 बजे से होगी। इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) के अनुसार कैबिनेट की बैठक 18 फरवरी, 2025 को अपराह्न 4 बजे से होगी। यह बैठक झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### 77 दिनों से जारी शिक्षकेतर कर्मियों की हड़ताल समाप्त

**देवघर।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय (एसकेएमयू) के शिक्षकेतर कर्मचारियों की हड़ताल मंगलवार को खत्म हो गयी। अब विश्वविद्यालय में सभी कार्य पूर्व की भांति सुचारु रूप से चलेंगे। कुछ दिन पूर्व ही कर्मचारी संघ ने हड़ताल समाप्त करने के संबंध में विश्वविद्यालय को एक पत्र सौंपा था, जिसमें संघ ने विश्वविद्यालय को विनोबा भावे विश्वविद्यालय की तर्ज पर एसीपी एवं एमएसीपी बहाल करने की मांग की थी।

शेष पेज 08 पर

## सुप्रीम कोर्ट ने की सरकारी नौकरियों पर अहम टिप्पणी

# झारखंड में चतुर्थवर्गीय कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह अवैध

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची/नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया से जुड़े मामले में कहा कि आरक्षण का दावा करना भले ही मौलिक अधिकार नहीं है, पर इसका मतलब यह नहीं है कि राज्य को मनमाने या मनमौजी तरीके से कार्य करने की अनुमति है। अगर कोई राज्य आरक्षण नहीं देने का निर्णय करता है, तो यह तथ्यों व वैध तर्क पर आधारित होना चाहिए। शीर्ष कोर्ट ने झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए यह टिप्पणी की। शीर्ष कोर्ट ने कहा, सरकारी नौकरियों में मनमानी से समानता के मौलिक अधिकार की जड़ों पर असर होता है। सरकारी नौकरी की प्रक्रिया हमेशा निष्पक्ष, पारदर्शी और संविधानसम्मत होनी चाहिए।

### आरक्षण मौलिक अधिकार नहीं, राज्य मनमानी नहीं कर सकते



- सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट का फैसला रखा बरकरार
- 2010 में हुई थी परीक्षा, आदेश के बाद नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया निरस्त

**इस मामले को सुप्रीम कोर्ट ने दिया उल्लघंन करार** : जस्टिस पंकज मिथल व जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने झारखंड के पलामू में चतुर्थ श्रेणी के पदों की भर्ती के लिए 29 जुलाई, 2010 को जारी विज्ञापन को स्थापित कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन करार दिया। पीठ ने कहा, विज्ञापन में कुल पदों की संख्या, आरक्षित व सामान्य कोटे के पदों की संख्या का उल्लेख नहीं था। साथ ही कोर्ट ने कहा कि किसी भर्ती विज्ञापन में सामान्य, आरक्षित और अनारक्षित सीटों की कुल संख्या का स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं है, तो वह पारदर्शिता की कमी के कारण अमान्य व अवैध है। शीर्ष कोर्ट ने कहा, चूंकि अपीलकर्ता कर्मचारी का चयन और नियुक्ति ही कानून की दृष्टि में अमान्य थी, इसलिए हाईकोर्ट ने चयनित उम्मीदवारों का नया पैनल बनाने का निर्देश देकर कोई गलती नहीं की। कोर्ट ने अपीलकर्ता कर्मचारी अमृत यादव की याचिका खारिज कर दी।

**समानता के अधिकार का उल्लंघन**

#### एक नजर याचिका पर

याचिका में दावा किया गया था कि उसकी सेवा को प्रभावित करने वाले निर्देश जारी करने से पहले न तो उसे पक्षकार बनाया गया और न ही उसकी बात सुनी गई। कोर्ट ने कहा कि एक बार जब नियुक्ति प्रक्रिया को अमान्य घोषित किया जाता है, तो ऐसी नियुक्ति प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए की गई हर कार्रवाई भी अवैध है।

**न्यायिक जांच के लिए उत्तरदायी** : सरकारी रोजगार संविधान की ओर से राज्य को सौंपा गया एक कर्तव्य है। इसलिए यह जरूरी हो जाता है, सार्वजनिक रोजगार से जुड़े मामले में राज्य अनुच्छेद-14 और 16 की मूल भावना को नजरअंदाज न करें।

शेष पेज 08 पर

# आवेदन रिजेक्ट करने पर सीओ को बताने होंगे ठोस कारण : बिरुआ

- भू राजस्व, भूमि सुधार विभाग के मंत्री ने की विभागीय समीक्षा, दिए निर्देश

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि अंचलों में तकनीकी कारणों का हवाला देकर रैयतों के आवेदनों को बेवजह रिजेक्ट करने पर चिन्हित सीओ पर अब कार्रवाई होगी। अंचलों में दाखिल खारिज संबंधित मामलों पर आवेदनों की अस्वीकृत या आपत्ति के कारणों को सीओ को पचास शब्दों में ठोस बातें लिखकर स्पष्ट कारण बताना अनिवार्य है। मंत्री दीपक बिरुआ मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में भू राजस्व, भूमि सुधार विभाग की समीक्षात्मक बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे।



### वार्षिक लक्ष्य के तहत काम करें

विभागीय सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि राजस्व संग्रहण का वार्षिक लक्ष्य के तहत कार्य किया जाए। कमजोर प्रदर्शन करनेवाले अंचलों की समीक्षा कर सुधारात्मक रणनीति अपनाई जाएगी। उन्होंने एलआरडीसी और एसी को अंचलों में लगनेवाले कैंप की विशेष निगरानी करने का खास निर्देश दिया।

**अब नहीं चलेंगे ऐसे बहाने** : श्री बिरुआ ने कहा कि कई बार तकनीकी कारणों से झारभूमि साइट नहीं खुलने की बातें लिखकर अंचल अधिकारी आवेदनों को जिस तरह रिजेक्ट करने का बहाना बनाते हैं। अब ऐसा नहीं चलेगा। जमीन मामले में अंचलों में कई गड़बड़ियां हैं, जिसका भुगतान सरकार को उठाना पड़ता है। इसलिए सभी अंचल अधिकारी पदाधिकारी सचेत होकर ईमानदारी से अपने कार्य दायित्व का निर्वहन करें।

**मॉडर्न रूम को करें दुरुस्त** : मंत्री ने कहा कि कई मॉडर्न रिकॉर्ड रूम से खतियान निकालने पर सही छपाई नहीं होती। खतियान फोटो कॉपी नहीं दिखता है। ऐसी विसंगतियों को दुरुस्त किया जाएं। स्पष्ट स्कैनिंग नहीं होने पर रैयतों को अपने जमीन की सही जानकारी नहीं मिलती। खतियान निकालने के बाद भी रैयतों को परेशानी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मॉडर्न रुम में कैथी और बंगला भाषा में लिखी खतियान को ट्रांसलेट करने सुविधा देने की आवश्यकता है।

शेष पेज 08 पर

## जम्मू-कश्मीर : आईईडी ब्लास्ट में झारखंड का बेटा हुआ शहीद

- हजारीबाग के जुलू पार्क के समीप रहता है कैप्टन सरदार करमजीत सिंह बक्शी का परिवार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास मंगलवार को आईईडी विस्फोट हुआ। इसमें सेना के कैप्टन सरदार करमजीत सिंह बक्शी उर्फ पुनीत सहित दो सैन्यकर्मी शहीद हो गये। एक अन्य सैन्यकर्मी के घायल होने की सूचना है। जानकारी के अनुसार शहीद कमरजीत का परिवार हजारीबाग के जुलू पार्क के पास रहता है। उनके पिता का



नाम अजिंनदर सिंह बक्शी और मां का नाम नीलू बक्शी है। शहादत से हजारीबाग में शोक की लहर है।

**पांच अप्रैल को होनेवाली थी शादी** : कैप्टन सरदार करमजीत सिंह बक्शी अपने घर के बड़े बेटे थे। पांच अप्रैल को उनकी शादी होनेवाली थी। उनके परिवार का हजारीबाग में क्वालिटी रेस्टोरेंट है। सरदार करमजीत सिंह बक्शी अखनूर में एलओसी पर तैनात थे।

शेष पेज 08 पर

## एआई मानवता के कोड लिख रहा : पीएम

एजेंसियां

**फ्रांस।** पीएम मोदी के फ्रांस दौरे का मंगलवार को दूसरा दिन है। वे आज पेरिस में एआई समिट में शामिल हुए। उन्होंने कहा, 'एआई इस सदी के लिए मानवता के कोड लिख रहा है। इसमें दुनिया बदलने की ताकत है। यह समाज-सुरक्षा के लिए जरूरी है। यह दिखाता है कि एआई का पॉजिटिव पोटेंशियल असाधारण है।'

प्रधानमंत्री ने कहा-एआई लाखों लोगों की जिंदगियां बदल रहा है। वक्त के साथ-साथ रोजगार का स्वरूप भी बदल रहा है। इतिहास गवाह है कि तकनीक नौकरियां नहीं लेती। एआई से नई नौकरियों के अवसर पैदा होंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने सफलतापूर्वक कम लागत में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है। डेटा एम्पावरमेंट के जरिए डेटा की ताकत को अनलॉक किया है। ये विजन भारत के राष्ट्रीय एआई मिशन की नींव है। भारत अपने एक्सपीरियंस और एक्सपर्टीज को साझा करने के लिए तैयार है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भविष्य अच्छा और सभी के लिए हो।



- पेरिस के एआई समिट में प्रधानमंत्री मोदी बोले-इतिहास गवाह है कि तकनीक नौकरियां नहीं लेती, एआई से नई नौकरियां होंगी पैदा

**अगला एआई समिट भारत में** : पीएम मोदी ने अगला एआई समिट भारत में होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत को अगले एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने में खुशी होगी।

**समाज को नया आकार दे रहा एआई** : मोदी ने समिट की शुरुआत एआई को लेकर एक उदाहरण देकर की।

शेष पेज 08 पर

## साहिबगंज के तत्कालीन डीसी पर 50,000 रुपये का जुर्माना

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने खनन लाइसेंस रद्द करने पर साहिबगंज के तत्कालीन उपायुक्त राम निवास यादव पर पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। साहिबगंज के तत्कालीन उपायुक्त राम निवास यादव द्वारा 8 सितंबर, 2023 से खनन लाइसेंस रद्द करने के बाद खनन कंपनी ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

जुर्माना लगाते हुए अदालत ने कहा कि जब खनन कंपनी को दिया गया लाइसेंस अभी भी प्रभावी था, तो उपायुक्त के पास पट्टा रद्द करने की कोई शक्ति नहीं थी। साथ ही



- झारखंड हाईकोर्ट ने खनन लाइसेंस रद्द करने पर की कार्रवाई
- कंपनी को बकाया वसूली के लिए दी छूट

उच्च न्यायालय ने कंपनी को अपना बकाया वसूलने के लिए सिविल कोर्ट में जाने की भी छूट दी।

# देश भर में शुरू होंगी नारी अदालतें

**नई दिल्ली।** महिलाओं को छोटी-मोटी शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए देश भर में नारी अदालतें शुरू होंगी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने सभी राज्यों को नारी अदालत शुरू करने के लिए चिट्ठी लिखी है और प्रस्ताव मांगे हैं। अभी तक असम और जम्मू-कश्मीर में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में नारी अदालतें चल रही थीं, जिनकी सफलता को देखते हुए सरकार ने इन्हें पूरे देश में शुरू करने का निर्णय लिया है।

**छोटे-मोटे विवाद निपटाने के लिए अदालतों को शुरू किया गया** : महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को बताया कि छोटे-मोटे विवाद निपटाने के लिए महिलाओं को वैकल्पिक तंत्र मुहैया कराने के उद्देश्य से नारी अदालतों को शुरू किया गया है। पहले जम्मू-कश्मीर और असम में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में नारी अदालतें चल रहीं थीं।



**महिलाओं की छोटी-मोटी शिकायतों का होगा जल्द निपटारा**

### महिलाओं के लिए बराबरी का समावेशी माहौल सृजित होगा

मंत्रालय की ओर से सभी राज्यों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि नारी अदालतें स्थानीय स्तर पर छोटे-मोटे विवादों को निपटाने में महिलाओं को त्वरित न्याय का वैकल्पिक तंत्र उपलब्ध करा रही हैं। इससे उम्मीद है कि महिलाओं के लिए बराबरी का समावेशी माहौल सृजित होगा। साथ ही छोटे-मोटे विवादों के लिए उन्हें लंबी मुकदमेबाजी में नहीं पड़ना पड़ेगा। मंत्रालय ने राज्यों से कहा कि वे नारी अदालतें स्थापित करने के लिए प्रस्ताव भेजें। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर कम से कम दस ग्राम पंचायतों में नारी अदालतें स्थापित करने के प्रस्ताव राज्य भेजें और केंद्र शासित प्रदेश पांच ग्राम पंचायतों के लिए प्रस्ताव भेज सकते हैं।

असम में 50-50 ग्राम पंचायतों में नारी अदालतें थीं : जम्मू-कश्मीर और असम में 50-50 ग्राम पंचायतों में नारी अदालतें थीं। 2023-24 में असम में नारी अदालतों में 102 विवाद आए, जिनमें से 76 का निपटारा किया गया। इसी तरह, जम्मू-कश्मीर में 180 मामले नारी अदालत में आए, जिनमें से 144 का निपटारा किया गया। इनकी सफलता को देखते हुए मंत्रालय बिहार और कर्नाटक में भी 10-10 ग्राम पंचायतों में नारी अदालतों को मंजूरी दे चुका है। अब इस योजना को सभी राज्यों में विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है।




## अमन साव गिरोह का आशीष साहू भागा विदेश

**रांची।** बीजीआर कंपनी के मैनेजर, झामुमो नेता सहित कई की हत्या में शामिल अमन साव गिरोह के आशीष साहू के विदेश भागने की खबर है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, आशीष साहू फर्जी पासपोर्ट बनाकर विदेश भाग गया, इस बात का खुलासा तब हुआ, जब गढ़वा और रामगढ़ पुलिस आशीष साहू का प्रोडक्शन वारंट लेकर सिमडेगा जेल पहुंची।

- मैनेजर व जेएमएम नेता की हत्या में था शामिल

शेष पेज 08 पर

## कांग्रेस के साथ गठबंधन से ममता बनर्जी ने किया इनकार

एजेंसियां

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को साफ कर दिया कि 2026 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस अकेले उतरेगी और कांग्रेस या किसी अन्य पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। टीएमसी सूत्रों के मुताबिक, ममता बनर्जी ने पार्टी के विधायकों की बैठक में यह एलान किया। विधानसभा के बजट सत्र से पहले पार्टी विधायकों को संबोधित करते हुए टीएमसी सुप्रीमो ने अगले साल होने वाले चुनाव में दो-तिहाई बहुमत से जीतने का दावा किया। टीएमसी सूत्र ने ममता बनर्जी के हवाले से कहा कि कांग्रेस ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी की मदद नहीं की। हरियाणा में भी आप ने कांग्रेस का समर्थन नहीं किया। इसी कारण भाजपा ने दोनों राज्यों में जीत दर्ज की। सभी को एक साथ रहना चाहिए, लेकिन कांग्रेस का बंगाल में कोई जनाधार नहीं है।



- टीएमसी अकेले लड़ेगी 2026 का विधानसभा चुनाव

शेष पेज 08 पर



## संजय आनंद लाठकर को परमाणु ऊर्जा विभाग में मिली नई जिम्मेदारी

**रांची।** झारखंड कैडर के 1995 बैच के आईपीएस संजय आनंद लाठकर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जायेंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने संजय लाठकर को परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन आईजी (सुरक्षा) के पद पर एडीजी के स्तर और वेतन पर नियुक्त करने के विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

- वर्तमान में झारखंड पुलिस में एडीजी अभियान के पद पर हैं कार्यरत

शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### श्रद्धालुओं का जत्था महाकुंभ के लिए रवाना



**सिल्ली।** प्रखंड के बंता हजाम उत्तरी एवं बंता हजाम दक्षिणी पंचायत के विभिन्न गांवों के 45 श्रद्धालुओं का जत्था मंगलवार को बंता से प्रयागराज महाकुंभ के लिए रवाना हुआ। इनमें पुरुषों के साथ महिलाएं भी शामिल रहीं। श्रद्धालुओं के जत्थे को मुखिया माधुरी सिंह मुंडा, मुखिया गंगा नारायण सिंह मुंडा एवं पुर्व मुखिया शुशील सिंह मुंडा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रद्धालुओं ने मिलकर हर-हर महादेव का उद्घोष किया। इससे पूर्व सभी ने बंता गांव के प्राचीन हरि मंदिर में पूजा-अर्चना कर धार्मिक यात्रा की सफलता के लिए कामना की।

### समाजसेवी मदन भगत को दी गई श्रद्धांजलि

**खूंटी।** श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर मुरहू में मंगलवार को समाजसेवी मदन भगत की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई, साथ ही दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। मौके पर डॉ डीएन तिवारी मदन भगत के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे उदार व्यक्तित्व के धनी,महान समाजसेवी और धार्मिक प्रवृत्ति के उजार्वान व्यक्ति थे। उन्होंने अपने जीवन में तमाम संघर्ष करते हुए समाज के सभी वर्गों के हित के लिए हमेशा आवाज बुलंद किया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को

**खूंटी।** व्यवहार न्यायालय परिसर खूंटी में आठ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर व्यवहार न्यायालय में मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी शामिल हुए।जिला जज ने सभी विभागों के अधिकारियों एसडीओ, डीटीओ, एलडीएम एवं बैंक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि वैसे लोग जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और वाद सुलहनीय है वह भी अपने-अपने वादों का निष्पादन कर सकेंगे।

## रामगढ़ टाउन हॉल में आयोजित सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर डीसी ने कहा

# अंजान लोगों से ऑनलाइन संपर्क में रहना खतरनाक

▸ साइबर सुरक्षा से सम्बंधित दी गई जानकारी

**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** हमारा समाज तरक्की कर रहा है। इंटरनेट हमारे जीवन का अंग बन चुका है। इन सबके बीच सोशल मीडिया पर ऑनलाइन साइबर क्रिमिनल्स लोगों को चूना लगा रहे हैं। ऑनलाइन ठगी की खबरें हर दिन बढ़ती ही जा रही हैं। अगर इंटरनेट का उपयोग सावधानी से नहीं किया गया तो आपको भारी परेशानी उठानी पड़ सकती है। यह बातें मंगलवार को टाउन हॉल में आयोजित सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर डीसी चंदन कुमार ने कही।

उन्होंने कहा कि अनजान लोगों से ऑनलाइन संपर्क में रहना खतरनाक साबित हो सकता है। इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर "टुगेदर फॉर ए बेटर इंटरनेट" थीम पर आधारित सुरक्षित इंटरनेट दिवस का जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीसी चंदन कुमार एवं एसपी अजय कुमार, डीडीसी रोबिन टोप्पो, सयुंक्त निदेशक (आईटी) सह जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी वीरेंद्र प्रसाद, अपर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी मनीष चाहर, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, पुलिस उपाधीक्षक (साईबर) चंदन वत्स के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।



कार्यक्रम के दौरान राधा गोविंद विद्यालय के बच्चों ने इंटरनेट का उपयोग, इंटरनेट कितना सुरक्षित है, कैसे इसका इस्तेमाल करें, इन सब विषयों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान सयुंक्त निदेशक (आईटी) सह जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी बिरेंद्र प्रसाद ने आज के युग में दिन प्रतिदिन बढ़ रहे साईबर घटना को ध्यान में रखते हुए साइबर सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी दी।

डीसी चंदन कुमार ने इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के उपयोग, साइबर ठग से कैसे बचें विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने स्कूली बच्चों को बताया कि इंटरनेट में अनजान लोगों से संपर्क में आना खतरनाक हो सकता है। अंजान कॉलर से अपने फोटो या डाटा को इंटरनेट पर साझा करने से कई परेशानी हो सकती है। एसपी अजय कुमार ने साइबर क्रिमिनल से बचने के उपाय बताया। उन्होंने कहा कि इंटरनेट जितना सुविधाजनक है, अगर उसका सतर्कता से उपयोग न हुआ तो काफी महंगा पड़ सकता है। इंटरनेट के माध्यम से सोशल मीडिया में अनजान लोगों से अपनी पर्सनल दस्तावेज एवं ओटीपी अंजाने लिंक पर न क्लिक करने की सलाह दी। डीडीसी रोबिन टोप्पो ने कहा कि आवश्यकता के अनुसार ही इंटरनेट का उपयोग किया जाना चाहिए। बच्चे शिक्षा के लिए इसका उपयोग करें और बड़े बुजुर्ग भी जरूरत के हिसाब से सोशल मीडिया का उपयोग करें। कार्यशाला में साइबर क्राइम और उसकी रोकथाम कैसे की जाए, इस पर विशेष जोर दिया गया। सयुंक्त निदेशक (आईटी) सह जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, अपर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, सहायक प्रोफेसर, राधा गोविन्द विश्वविद्यालय रामगढ़, एचओडी कंप्यूटर साइंस, रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर द्वारा तकनीकी टिप्स पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपस्थित जिला एवं प्रखंड सभी पदाधिकारी के साथ कर्मी, प्रज्ञा केंद्र संचालकों, छात्रों, अभिभावकों को प्रशिक्षित किया गया।

## मैट्रिक और इंटर की परीक्षा शुरू

### डीसी-एसपी ने किया केंद्रों का निरीक्षण



**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** मैट्रिक और इंटर की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई है। रामगढ़ जिले में 12669 छात्र मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हुए हैं। जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा में 12300 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया है। इन दोनों परीक्षाओं के लिए 93 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। मैट्रिक के परीक्षार्थियों के लिए 53 परीक्षा केंद्र बने हैं। इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों के लिए 40 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा शुरू होने के बाद डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। डीसी एवं एसपी ने राधा गोविंद पब्लिक स्कूल सहित अन्य विद्यालयों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं और सीसीटीवी कैमरे का जायजा लिया। डीसी ने केंद्राधीक्षकों सहित परीक्षा कार्य में लगे अन्य अधिकारियों एवं शिक्षकों को पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी नियम का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम सहित अन्य उपस्थित थे।

## झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान



**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** झामुमो तोरपा प्रखंड संयोजक मंडली ने मंगलवार को साप्ताहिक हाट में सदस्यता अभियान चलाया। पार्टी नेताओं ने शिविर लगाकर लोगों को सदस्यता रसीद देकर पार्टी से जोड़ा। मौके पर झामुमो संयोजक मंडली के रूबेन तोपनो, जयदीप तोपनो, मोजीर अंसारी, प्रदीप केशरी, सुहैल खान, अरमान तोपनो, फिरोज खान, शिशिर तोपनो सहित अन्य उपस्थित थे।

## सिल्ली इलू बाईपास लाइन के सिविल कार्य का टेंडर जारी

**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**रांची।** रांची रेलमंडल में सिल्ली इलू बाईपास लाइन का सिविल कार्य शुरू करने के लिए आज टेंडर जारी हो गया। इस पर दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरूण जोशी ने प्रसन्नता जताई। इस प्रयास को पूर्ण कराने में सहयोग के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और पूर्व सांसद (राज्यसभा) महेश पोद्दार के प्रति आभार जताया। इस रेल लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण होने से यात्रियों को काफी सुविधा होगी। यह लाइन झारखंड की राजधानी रांची से प्रदेश की औद्योगिक नगरी टाटानगर और अन्य जगह आने जाने के लिए बहुत उपयोगी होगी। यात्रियों की सुविधा के लिए तत्कालीन सांसद राज्यसभा महेश पोद्दार ने इस मामले में निरंतर रेल मंत्री से समन्वय बनाकर प्रयासों को गति दी। बजटीय राशि की स्वीकृति दिलाने में भी तत्कालीन सांसद का योगदान रहा है। सिल्ली इलू बाईपास लाइन के निर्माण के लिए निविदा जारी किये जाने पर महेश पोद्दार ने रेलमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि दक्षिण पूर्व रेलवे के इस प्रयास से रांची-हावडा-टाटा की दूरी कम होगी। सफर सुगम होगा। यात्रियों का किराया और समय बचेगा। ईंधन की भी बचत होगी।

## अफीम की खेती के खिलाफ चला जागरूकता अभियान

**खूंटी।** जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को मुरहू प्रखंड के कुंजला समेत अन्य क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अवैध अफीम की खेती के दुष्प्रभावों से आमजनों एवं किसानों को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को अवैध खेती को छोड़कर वैकल्पिक एवं लाभकारी फसलों की ओर प्रेरित करने का प्रयास किया गया।नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि अवैध अफीम की खेती न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह समाज और स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। किसानों को समझाया गया कि वे अफीम की खेती को छोड़कर ड्रैगन फ्रूट, टमाटर, बैगन, मूंग इत्यादि लाभकारी फसलों की खेती करें।

## किसानों को हर संभव सहयोग देगा प्रशासन : उपायुक्त

**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** अवैध अफीम की खेती के दुष्प्रभावों पर अंकुश लगाने, जिला प्रशासन की ओर से किए जा रहे अफीम विनष्टीकरण कार्य में सहयोग सुनिश्चित करने तथा किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रेरित करने के लिए मंगलवार को अड़की प्रखंड कार्यालय के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने की, जिसमें सभी पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधि, मुखिया, ग्राम प्रधान, प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य आदि उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, उप परियोजना निदेशक आत्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी भी मौजूद रहे। बैठक में उप परियोजना निदेशक आत्मा की ओर से वैकल्पिक खेती को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए ड्रैगन फ्रूट, टमाटर, बैंगन समेत अन्य फसलों की खेती को अपनाने पर जोर दिया गया, जिससे किसान अच्छा मुनाफा कमा सकें। उपायुक्त ने पंचायत स्तर पर ग्राम सभाओं का आयोजन कर क्षेत्र के अनुसार वैकल्पिक खेती की योजनाएं तैयार करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन किसानों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा ताकि वे अवैध अफीम की खेती छोड़कर लाभकारी एवं वैध कृषि कार्यों से अपनी आय बढ़ा सकें। मौके पर किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा मूंग बीज समेत अन्य बीजों का वितरण किया गया।




## परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को गोल्ड मेडल देकर किया सम्मानित

**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** चिराग नर्सरी स्कुल मुरी में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान की परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन करने वालों गोल्ड मेडल व प्रस्तुति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

यह परीक्षा पिछले महीना आयोजित किए गए थे। जिसमें वन से फाइव क्लास के स्कूली छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर निर्देशक सह प्राचार्य दिनेश कुमार महतो ने कहा हर साल साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) द्वारा किया जाता है। फाउंडेशन का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना है। यह एक शैक्षणिक संगठन है जो विभिन्न प्रतियोगिताओं और ओलंपियाड के माध्यम से छात्रों के शैक्षणिक विकास में सहायता करता है। दो दशकों से अधिक समय से, यह संगठन देश भर के छात्रों को शामिल करते हुए अभिनव गतिविधियों के माध्यम से वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है। इस मौके पर सरस्वती, रोशनी, बबीता, बिनिता,सुनिता, रीता, सुष्मिता, रीतू,निधि, काजल, पुष्पा, मनीषा, कल्याणी, अंजू बाला,ज्योति एवं सुश्री मून बनर्जी का योगदान सराहनीय रहा।



## राहे में मनाई गई शहीद तिलका मांझी की जयंती



**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**राहे।** झारखंड राज्य किसान सभा द्वारा सोनाहातू प्रखंड के जिंतू गांव एवं राहे प्रखंड के राहे एवं ठूंगरुडीह गांव में आजादी के प्रथम शहीद तिलका मांझी की जयंती सम्मान पूर्वक मनाया गया।इस दौरान झारखंड राज्य किसान सभा का सदस्यता अभियान घर घर चलाया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने शहीद तिलका मांझी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा शहीद तिलका मांझी आजादी के आन्दोलन के प्रथम शहीद थे, जिन्होंने 1784 में अंग्रेजों के खिलाफ हथियार उठाए थे, 11 फरवरी 1750 में जन्मे तिलका मांझी 1771 से 1784 तक अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासीयों के प्रसिद्ध विद्रोह का नेतृत्व किया और पहाड़िया सरदारों के साथ संयुक्त मोर्चा बना कर रामगढ़ कैंप को अंग्रेजों से छिन लिया था।तिलका मांझी को गिरफ्तार करने के बाद उन्हें 4 घोड़ों से बांध कर भागलपुर तक घसीटा गया था। 13 जनवरी 1785 को भागलपुर के एक साथ चौराहे पर विशाल बरगद के पेड़ में उसे अंग्रेजो ने फांसी पर लटका दिया गया। आज शहीद तिलका मांझी के रास्ते ही शोषण,लूट, भ्रष्टाचार, घोटाला को मिटाया जा सकता है, नफरत के खिलाफ भाईचारा को बढ़ाया जा सकता है।जल, जंगल जमीन, खनिज संपदा कारपोरेट को सौंपने की नापाक कोशिश के खिलाफ तिलका मांझी के उलगुलान की जरूरत है।इस अवसर पर जिला किसान कौंसिल सदस्य रतन महतो,घुरन पातर, उमेश महतो,,शोभा राम महंतों, पूर्ण चंद्र मुंडा जगदीश मुंडा,छुटू मुंडा, तिरलोक मुंडा, रामेश्वर मुंडा, सावित्री देवी, बुधनी देवी, के सोमा मुंडा, बिनोद साव, बासुदेव महतो दल गोबिंद महतो, ललित महंतों यादु हरिजन,कमला मुंडा, गोकुल महतो, बिपिन महंतों,मदन मुंडा,करमी देवी,रमनी देवी सहदेव हरिजन, धनंजय साव, सुषेण हजाम आदि मौजूद थे।

# गो-पालक किसान प्रतिदिन 75 हजार लीटर दुग्ध करते हैं उत्पादन

**अविनाश कुमार**

**इटकी।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के विधायकी क्षेत्र के सैकड़ों किसान गो-पालन और दुग्ध व्यवसाय को अपने जीवन का पर्याय बनाया और सफलता उनके कदम चूम रही है । इटकी , बेड़ो, मांडर , चान्हों और लापुंग प्रखण्ड के गांवों के गो-पालक किसान प्रतिदिन लगभग 75 हजार लीटर से अधिक दुग्ध उत्पादन कर मेघा, सुधा, आईटीसी, अमूल डेयरी सहित राजधानी के बड़े होटलों में निर्यात कर रहे है।

इस रोजगार से किसानों ने न सिर्फ अपने परिवार को समृद्ध बनाया वल्कि आसपास के कई गांवों के सैकड़ों परिवारों को गो-पालन और दुग्ध व्यवसाय से जोड़कर उन्हे समृद्ध बनाया। इटकी और बेड़ो के किसान वर्ष 2009 में झारखण्ड डेरी प्रोजेक्ट से जुड़ कर मात्र 22 सौ लीटर से स्वेत क्रान्ति का शुरूआत किया था। गो-पालक कृषकों का दृढ़ संकल्प ही था कि मध्यम परिवार से रहते हुए भी विपरीत परिस्थितियों से समझौता नही किया। आज उनके अथक प्रयास ने रंग लाया किसानों के फार्म हाउस में एक से बढ़कर एक बेस किमती दुधारू गाय देखी जा सकती है। वर्तमान समय में प्रखण्ड के सैकड़ों परिवार इस व्यवसाय से जुड़कर सैकड़ों लीटर दुग्ध उत्पादन कर आर्थिक रूप खुशहाल है।

**इन प्रखण्डों के गांवों में होती दुग्ध संग्रह**

सरकार ने यहां दुग्ध उत्पादन को और बढ़ावा देने के उदेश्य से को लेकर इटकी प्रखण्ड के दरहाटांड़, मकुन्दा, रानीखटंगा, स्टेशन, मल्टी, मोरो और आखरा टोली, गड़गांव जबकि बेड़ो के करांजी सेमरा, केशा, जामटोली, पुरियो, चनगनी और नारी गांवों में और मांडर के कैम्बो, करगे, महुआजाड़ी चान्हों के तरंगा, चोरेया, ओपा, पतरातू, बिजूपाड़ा, करकटा सहित लापुंग प्रखण्ड चार गांवों में दुग्ध सीतक केन्द्र ( बीएम सी ) स्थापित कर रखा है ।मेघा कम्पनी द्वारा इन केन्द्रों पर दुग्ध संग्रह की जाती है जबकि आईटीसी, सुधा ,अमुल और ओसम कम्पनियों द्वारा भी बहुताय मात्रा में दुग्ध क्रय की जाती है। दुग्ध जांच के लिए कंप्यूटर, मिक्सचर मशीन सहित अन्य उपकरण लगा रखा है। किसानों के गायों के गर्भधारण, दाना, चिकित्सा सहित कई अन्य सुविधाऐं प्रदान की गई है।

### कृषि मंत्री के विधायकी क्षेत्र के हैं गो-पालक किसान






चनगनी टिकराटोली मेघा दुग्ध शीतक संग्रह केन्द्र के संचालक सौरभ कुमार मिश्रा ने बताया कि किसानों के दुग्ध का किमत फेट और एसएमएस के आधार रेट पर प्रत्येक सत्पाह ऑन लाइन किसानों के खाता में राशि भेजने का प्रवधान है। इसके अलावा कंम्पनी द्वारा किसानों को झारखण्ड सरकार द्वारा पांच रूपया प्रोस्ताहन राशि, दाना बीज, सहित अन्य सुविधा किसानों को उपलब्ध कराया जाता

**दुग्ध संग्रह केन्द्र संचालक सौरभ मिश्रा**



आईटीसी दुग्ध संग्रह के संचालक अमित तिवारी ने बताया कि मेघा कंम्पनी से अधिक किमत पर आईटीसी, सुधा ,अमुल और ओसम कम्पनियों द्वारा राज्य में बहुताय मात्रा में दुग्ध क्रय करते है इसके बावजूद सरकार इन कम्पनियों जुड़े किसानों को किसी प्रकार लाभ उपलब्ध नही कराती है। उन्होंने बताया मेघा कंम्पनी 4.2 और 8.2 गुणवता के दुग्ध को किसानों से 35.64 रुपया प्रति किलो की दर से खरीदारी करती है जबकि इसी गुणवता के दुग्ध को आईटीसी , सुधा, अमूल और ओसम कंम्पनी 37.42 रुपया प्रतिकिलो की दर से किसानों से खरीदारी करते है। झारखण्ड दुग्ध फेडरेशन द्वारा मेघा कंम्पनी जिस प्रकार लाभ पहुंचा रही उसी प्रकार अन्य कंम्पनियों से जुड़े किसानों को भी लाभ पहुंचाने की जरूरत है ।

**आईटीसी दुग्ध संग्रह के संचालक अमित तिवारी**



कृषि, पशुपालन एवं सहकारी मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा राज्य में गोधन और स्वेत क्रांन्ति को और बढ़ावा देने पर सरकार की फोकस है। मेघा डेयरी को विकसित कर पहुंच बढ़ाई जायेगी और गोपालक किसानों को लाभ पहुंचाया जायेगा। गांवों में डेयरी के प्रति लोग जागरूक नही है। किसानों को जोड़कर लाभ पहुंचाने और पशु पालकों के लिए पशु बाजार को विकसित करने की बात कही ।

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारी मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की**



भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि मांडर विधान सभा क्षेत्र के किसान फसल उत्पादन के साथ दुग्ध उत्पादन में भी काफी अग्रणी है। सरकार को गो-पालक किसानों के प्रति सजगता की जरूरत है। सरकार से किसानों को मिलने वाली व्यवस्थाओं में हो रही गड़बड़ी को दूर उन्हें लाभ पहुंचाने पर जोर दिया है।

**भाजपा नेता सन्नी टोप्पो**



पूर्व जिला पार्सद मसूद आलम ने कहा कि मांडर विधान सभा क्षेत्र के किसान अपनी कड़ी मेहनत से पूरे राजधानी ( रांची ) को दुग्ध पिला कर बेहतर जीवन दे रहे है। गो पालक किसानों के आर्थिक सुधार के दिशा में सरकार को और कार्य करने की बात कही।

**पूर्व जिला पार्सद मसूद आलम**



गो- पालक किसान विरेन्द्र गोप का कहना है कि किसानों को दुग्ध उत्पाद में सरकार द्वारा समुचित व्यवस्था उपलब्ध करायी जाती तो क्षेत्र में दुग्ध का उत्पादन रिकार्ड तोड़ आकड़ा में पहुंच जाती। किसान खेती के साथ दुग्ध उत्पान करते है। सरकार द्वारा अनुदान में खरीदी जाने वाली गायों में भारी गड़बड़ी की जाती है । जिससे किसानों को अच्छी नस्ल की गाय नही दी जाती है। दुग्ध के उत्पादन में कमी आने लगी है।

**गो पालक किसान विरेन्द्र**

## अबुआ आवास में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने की नारेबाजी, सौंपा ज्ञापन



**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के बड़ा चांगडू पंचायत के कई गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को सिल्ली प्रखंड मुख्यालय में जमकर बवाल काटा।

दर्जनों की संख्या में लोग अचानक पहुंचकर हो हल्ला करने लगे। प्रखंड कार्यालय परिसर में ही अबुआ आवास में हो रही अनियमितता के खिलाफ नारे बाजी करने लगे। ग्रामीणों ने करीब आधे घंटे हंगामा मचाया। ग्रामीणों का आरोप है कि बड़ा चांगडू पंचायत के पंचायत सचिव और मुखिया मिलकर आवास के सूची में धांधली के रहे है। योग्य लाभुकों को आवास नहीं देकर नौकरी पेशा और पैसे वालों को आवास देने का षडयंत्र किया जा रहा है। इससे पंचायत के कई गांव के योग्य लाभुक योजना से वंचित हो गए है। ग्रामीणों ने ये मामले में बीडीओ के कार्यालय में ज्ञापन देकर मामले की जांच करके दोषी पंचायत सेवक सहित सभी के खिलाफ करवाई करने का आग्रह किया है।

## संक्षिप्त

### माघ पूर्णिमा पर्व आज : संजय सर्राफ

**रांची** : विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि माघ पूर्णिमा 12 फरवरी को है। पंचांग के अनुसार माघ पूर्णिमा की तिथि का प्रारंभ 11 फरवरी को शाम 6:55 मिनट पर हो रही है और अगले दिन यानी 12 फरवरी को शाम 07:22 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि का अधिक महत्व है। ऐसी स्थिति में 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा मनाई जाएगी। यह पूर्णिमा जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस शुभ अवसर पर भगवान विष्णु संग लक्ष्मीजी की आराधना करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। माघी पूर्णिमा के दिन घरों में सत्यनारायण भगवान की कथा पूजा करना चाहिए। मान्यता है कि भगवान विष्णु ने माघ पूर्णिमा के दिन ह्यमत्स्य अवतार धारण किया था, इसलिए यह पूर्णिमा बेहद खास मानी गई है।

### 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह दिगम्बर जैन भवन में

**रांची** : आगामी 27 अप्रैल 2025 को लायंस क्लब ऑफ रांची कैपिटल लायंस क्लब ऑफ रांची दिवास के संयुक्त तत्वाधान में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी आयोजनकर्ता श्रवण जैन एवं पायल जैन ने दी। प्रेस क्लब रांची के कॉन्फ्रेंस हॉल में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 25 अविवाहित जोड़ों का सामूहिक विवाह दिगम्बर जैन भवन, हरमू रोड में संपन्न किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य सौजन्यकर्ता झूमरमल जैन सेठी एवं परिवार की ओर से किया जा रहा है। विवाह संस्कार सनातन विधि विधान के साथ किया जाएगा। इस आयोजन में लाभ लेने के इच्छुक जोड़े अपना आवेदन कसेरा स्पोर्ट्स एवं रामभगत हरिप्रसाद पेट्रोल पंप में जमा कर सकते हैं। आवेदक जोड़ों को दूल्हा दुल्हन का आधार कार्ड, माता – पिता के आधार की छायाप्रति, एड्रेस प्रूफ, पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ्स, और अन्य आवश्यक विवरणों जमा करनी होगी। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही अंतिम स्वीकृति प्रदान की जा सकेगी।

### नीड बेस्ड लेक्चरर नियुक्ति पर रोक स्वागत योग्य : आजसू

**रांची** : मंगलवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त प्रकट करते हुए कहा है कि नीड बेस्ट लेक्चरर नियुक्ति पर रोक स्वागत योग्य है उन्होंने कहा कि इस नियुक्ति में झारखंडी अभ्यर्थी को प्राथमिकता न देते हुए दूसरे राज्य के लोगों को प्राथमिकता देने का काम विश्विद्यालय द्वारा किया जा रहा था आजसू शुरू से ही इसको लेकर विरोध दर्ज कर कुलपति को ज्ञापन के माध्यम से राज्य सरकार और उच्च शिक्षा विभाग को इसपर रोक लगाने एवं झारखंडी अभ्यर्थी को प्राथमिकता देने की बात कर रही थी आज उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ये निर्णय स्वागत योग्य है आजसू इसका समर्थन करती है और उच्च शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त करती है।

### 140वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

**रांची** : श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 140 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। जय जय जय हनुमान गोसाई कृपा करो गुरुदेव की नाही के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया । श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया । सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे।

# 'सुरक्षित इंटरनेट दिवस' लिंक को खोलने से पहले उसकी जांच-पड़ताल करें

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री के निदेर्शानुसार मंगलवार को रांची नगर निगम के सभागार में जिला सूचना एंव विज्ञान पदाधिकारी रांची, राजीव रंजन की अध्यक्षता में सेफ इंटरनेट डे को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना एंव विज्ञान पदाधिकारी ने कहा कि इंटरनेट ने हमारी लाइफस्टाइल आसान बना दी है।

परंतु हमें सावधान और सतर्क रहकर इंटरनेट का उपयोग करना चाहिए। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से पहले उसके डोमेन की जांच करना बेहद जरूरी है। फर्जी साइटों से बचने के लिए सतर्क रहने की आवश्यकता है। किसी भी एसएमएस के माध्यम से प्राप्त लिंक को खोलने से पहले उसकी जांच -पड़ताल कर लेनी चाहिए। इंटरनेट का उपयोग करते समय अन्य महत्वपूर्ण सावधानियां बरतने की अपील की गई। साइबर अपराधी नए नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगने की कोशिश करते है, जिसमें डिजिटल अरेस्ट, अधिक रिटर्न का लालच देकर निवेश करना, विभिन्न तरह के ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्म इत्यादि शामिल है।



जिला सूचना एंव विज्ञान पदाधिकारी ने कहा कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सुरक्षित तरीके से पैसे का ट्रांजैक्शन करें, सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल चार्जिंग, सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल करने से बचें, बिना जाने समझें अनजान लोगों के साथ रकम की लेनदेन नहीं करें, अनजान नंबर से आने वाले व्हाट्सएप कॉल एवं व्हाट्सएप वीडियो कॉल तथा इंटरनेशनल कॉल को रिसीव करने से बचें, स्वयं जागरूक बने एवं अपने परिवार को भी जागरूक करें। कार्यशाला में साइबर Dy. SP श्रीनिवास सिंह ने कहा कि कभी भी डिजिटल अरेस्ट की बात सुनकर भयभीत नहीं होना है।

पैसा इन्वेस्ट कर अधिक रिटर्न देने वालों की जाल में नहीं फंसना है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी लोगों की अज्ञानता एवं डर का फायदा उठाकर साइबर फ्रॉड करते हैं। साइबर फ्रॉड होने से 1930 नंबर पर कॉल करके तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शीघ्र शिकायत दर्ज कराएं और ट्रांजेक्शन ब्लॉक कराएं। कार्यशाला के दौरान अनजान लोगों के साथ ओटीपी, आधार कार्ड, पैन कार्ड या बैंक की अन्य जानकारी साझा नहीं करने, अनजान नंबरों से आने वाली लिंक पर क्लिक नहीं करने, अनजान लोगों से पेमेंट पाने के लिए कयू.आर. कोड स्कैन नहीं करने व ओटीपी या पिन साझा नहीं करने, बैंक ट्रांजैक्शन करते समय सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल नहीं करने सहित आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस, सोशल मीडिया, साइबर थ्रेटस, ऑनलाइन फ्रॉड, डीप फेक, व्हाट्सएप्प सिक्योरिटी, डिजिटल अरेस्ट सहित अन्य मुद्दे पर चर्चा की गई।

कार्यशाला में यह भी बताया गया कि आप जिला प्रशासन रांची की पहल अबुवा साथी से भी आप व्हाट्सएप्प के द्वारा अपनी हर प्रकार की समस्याओं को प्रशासन के सामने रख सकते हैं। कार्यशाला में जिला सूचना एंव विज्ञान पदाधिकारी रांची, राजीव रंजन, साइबर Dy. SP श्रीनिवास सिंह , ऐडीआईओ श्रीमती रीमा कुजूर , जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अनिमेष दास, आईटी मैनेजर रांची नगर निगम, श्री राज, इ डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, पियुष जयसवाल, डीपीओ वक्फ़ श्री समीर सागर, समाहरणालय कर्मी, कृषक मित्र, उषा मार्टिन विश्वविद्यालय के छात्र, प्रज्ञा केन्द्र संचालक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पंडित दीनदयाल ने संपूर्ण जीवन राष्ट्र के लिए किया था समर्पित : बाबूलाल

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को बूथ स्तर पर समर्पण दिवस के रूप में मनाया। नेता एवं कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की तथा राष्ट्र सेवा के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने दीनदयाल को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद कहा कि एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान कर्मयोगी पंडित दीनदयाल उपाध्यायजी ने अपना सम्पूर्ण जीवन जरूरतमंदों की सेवा और राष्ट्रोत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल का बलिदान कार्यकताओं को राष्ट्रसेवा के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि स्व. उपाध्याय का आदर्श जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

प्रदेश कार्यालय में स्व दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि पंडित दीनदयाल हमसभी कार्यकताओं के प्रेरणा पुरुष हैं। आज देश भारी मन से उनकी जीवनलीला की असामयिक हत्या को याद कर रहा है। आज भी उनकी हत्या का रहस्य देश के लिए चुनौती है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल का चिंतन एकांगी नहीं था बल्कि उनके चिंतन में शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का समावेशी चिंतन है। एक व्यक्ति का संपूर्ण विकास इन चारों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि इस चिंतन के द्वारा धर्म,अर्थ,काम ,मोक्ष की प्राप्ति के साथ व्यक्ति,समाज,परिवार,राष्ट्र के साथ संपूर्ण ब्रह्मांड का कल्याण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल के चिंतन में अंत्योदय के साथ एकात्म मानव दर्शन समाहित है। गांव ,गरीब,किसान भारत के हैं प्राण। इनकी उन्नति ही अंत्योदय है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इसी चिंतन पर तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने,फिर से सोने की चिड़िया बनाने तक भाजपा कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल का विचार युगों युगों तक कार्यकताओं को अनुप्राणित करता रहेगा।

प्रदेश कार्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में विधायक सीपी सिंह, प्रदेश मंत्री सीमा पासवान, किशुन दास, सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदीप सिन्हा, शिवपूजन पाठक, प्रेम मित्तल, शोभा यादव, संदीप वर्मा, वसंत मित्तल, मुकेश मुक्ता, संजय जायसवाल, संजय चौधरी आदि शामिल हैं।

## पंडित दीनदयाल के विचार हमेशा करेंगे मार्गदर्शन : मुंडा

**रांची।** भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर पंडित दीनदयाल नगर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और अंत्योदय की प्रेरणा हमें सदैव मार्गदर्शन देते रहेंगे। उनका सपना सबका साथ, सबका विकास को साकार करने का संकल्प हम सभी दोहराते हैं।

उन्?होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद करते हुए भाजपा प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष



डॉ रविंद्र राय ने कहा की पंडित जी का यह मानना था कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि यह समाज की सेवा का एक साधन होना चाहिए।

उनके अनुसार, राजनीति का उद्देश्य जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण होना चाहिए, न कि केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए।

भाजपा रांची महानगर जिला के अध्यक्ष वरुण साहू ने पंडित दीनदयाल के आदर्शों को याद करते हुए कहा की दीनदयाल जातिवाद, भेदभाव और सामाजिक विभाजन के विरोधी थे। उनका विचार था कि भारतीय समाज में सभी वर्गों को समान अधिकार और सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने एकजुटता और सहिष्णुता को बढ़ावा दिया।

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा,भाजपा प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय, विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल , भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू , समरी लाल, सुबोध सिंह गुड्डू, शोभा यादव,बलराम सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बागलता और टूटी जलप्रपात का किया जाएगा विकास




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथी भजंत्री के निर्देश पर 11 फरवरी, 2025 को जिला पर्यटन संवर्धन परिषद् की शासी निकाय एवं कार्यकारिणी समिति की संयुक्त बैठक हुई। विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में रांची विधायक सीपी सिंह, कांके विधायक सुरेश बैठा, उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, लोकसभा, राज्यसभा सांसद, विधायक प्रतिनिधि एवं जिला पर्यटन संवर्धन परिषद् के सभी सदस्य उपस्थित हुए।

बैठक में प्रमुख रूप से विगत वर्ष 2023-24 में पर्यटन विकास के लिए कराये गए कार्यों की समीक्षा की गई। विस्तृत रूप से चालू वित्तीय वर्ष में जिला के पर्यटकीय विकास एवं सुरक्षा के लिए कार्य योजना तैयार करने की समीक्षा की गई।

समिति द्वारा बुढ़मू प्रखंड स्थित बागलता जलप्रपात एवं ओरमांझी प्रखंड स्थित टूटी जलप्रपात को अधिसूचित कर विकास कार्य कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही बुढ़मू प्रखंड स्थित तीरू जलप्रपात की सामूहिक विकास के लिए कार्य योजना तैयार करने का भी निर्णय लिया गया।

**जिला के पर्यटकीय विकास एवं सुरक्षा के लिए कार्य योजना तैयार करने का निर्देश**

रांची जिला अंतर्गत पर्यटन क्षेत्र में कार्यरत सभी व्यक्ति/एजेंसियों/फर्म/संस्था आदि को झारखण्ड टूरिज्म ट्रेड पोर्टल पर अनिवार्य रूप से निबंधन कराने एवं जिला अंतर्गत ट्रैकिंग रूट को विकसित करने का निर्णय समिति द्वारा लिया गया।

जिला अंतर्गत सभी पर्यटक स्थलों की साफ-सफाई एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था कराने के लिए विधायक सीपी सिंह द्वारा सुझाव दिया गया, जिसपर विधायक सुरेश कुमार बैठा एवं अन्य सभी उपस्थित सदस्यगणों द्वारा समहति प्रदान की गयी।

# समिति करा रही निःशुल्क महाकुंभ और अयोध्या यात्रा



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** रांची के साउथ रेलवे कॉलोनी में श्री श्री मां काली मंदिर एवं शिव मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क महाकुंभ और अयोध्या दर्शन यात्रा का आयोजन किया गया है। यह यात्रा 12 फरवरी दोपहर एक बजे छह बसों के माध्यम से अयोध्या और महाकुंभ के लिए प्रस्थान करेगी और 15 फरवरी को वापस रांची आएगी। इस यात्रा में कुल 250 श्रद्धालु शामिल होंगे, जो महाकुंभ में गंगा स्नान और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेना है।

यात्री 13 फरवरी को श्रद्धालु अयोध्या में प्रवास करेंगे। वहीं भोजन की व्यवस्था श्री राम जानकी तपोवन मंदिर द्वारा की गई है और रात्रि विश्राम कनक भवन में होगा। 14 फरवरी को श्रद्धालु प्रयागराज में महाकुंभ में गंगा स्नान करेंगे। मंदिर समिति की ओर से यात्रा, भोजन और विश्राम की व्यवस्था की गई है। 15 फरवरी को सभी श्रद्धालु रांची वापस लौटेंगे।

वहीं सभी छह बसों की अलग-अलग पहचान के लिए रंग निर्धारित किए गए हैं। प्रत्येक यात्री को बस के रंग के आधार पर पहचान पत्र दिया गया है ताकि किसी भी तरह की परेशानी न हो।

# पूर्वी कमान अलंकरण समारोह का आयोजन आज, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** पूर्वी कमान अलंकरण समारोह 12 फरवरी, 2025 को रांची स्थित दीपाटोली मिलिट्री स्टेशन में आयोजित किया जाएगा। इसमें वीर सैनिकों, विशिष्ट सैन्यकर्मियों और उत्कृष्ट इकाइयों को सम्मानित किया जाएगा।

लेफ्टिनेंट जनरल (पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, एसएम,जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान) आर. सी. तिवारी इस अलंकरण समारोह के दौरान वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से सम्मानित करेंगे। इस समारोह में 39 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

**❑ राज्यपाल संतोष गंगवार व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रहेंगे उपस्थित**



इसमें 20 सेना पदक (वीरता), 4 सेना पदक (विशिष्ट सेवा), 1 बार टू सेना पदक (विशिष्ट सेवा), 2 युद्ध सेवा पदक, 1 बार टू विशिष्ट सेवा पदक, 11 विशिष्ट सेवा पदक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 45 सैन्य यूनिटों को जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान यूनिट प्रशंसा से सम्मानित किया जाएगा।

इस समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित रहेंगे। इस समारोह में पुरस्कार विजेताओं के परिवारों के साथ-साथ भारतीय सेना और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित होंगे।

कार्यक्रम से एक दिन पहले 11 फरवरी को एक सांस्कृतिक संध्या ह्यशौर्य सनाध्यह्न आयोजित कि?या गया। इसमें मार्शल आर्ट प्रदर्शन, हेलीकॉप्टरों द्वारा फ्लाई-पास्ट, आर्मी बैंड सिम्फनी फ्यूजन प्रस्तुत, और भव्य आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया।

### केंद्र की योजनाओं को राज्य में क्रियान्वित करने के प्रति उदासीन है सरकार : प्रतुल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर केंद्र की योजनाओं को धरातल में उतारने के प्रति उदासीन होने बड़ा आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि दिखावा के लिए मुख्यमंत्री और राज्य के वित्त मंत्री केंद्रीय मंत्रियों को मांग पत्र सौंपते हैं, लेकिन पहले से चल रही केंद्रीय योजनाओं का राज्य में बुरा हाल है। मंगलवार को प्रदेश भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सर्वप्रथम मनरेगा में केंद्र सरकार के हिस्सेदारी के पैसे का यूटिलिटी सर्टिफिकेट राज्य ने नहीं सौंपा। जिसके कारण लंबे समय तक केंद्र के अंशदान पर ग्रहण लग गया था। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना में भी केंद्र और राज्य का संयुक्त योगदान होता है।

# नेशनल कुकरी कॉन्टेस्ट सीजन-7 की रनर-अप रहीं रांची की सुमोना देब

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** नेशनल कुकरी कॉन्टेस्ट 'कहीं गुम ना हो जाएं' सीजन-7 का समापन नोएडा स्थित इंडियन कलिनरी इंस्टीट्यूट और एनसीएचएम में हुआ। इस प्रतियोगिता में पूरे देश से 50 राज्य-फाइनलिस्ट शामिल हुए। उन्होंने लाइव कुकिंग डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से अपनी असाधारण पाक-कला कौशल का प्रदर्शन किया।

कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद कन्याकुमारी की फातिमा शीबा ने नेशनल विनर का खिताब जीता। प्रथम रनर-अप झारखंड, रांची से सुमोना देब और जम्मू से चरणजीत कौर द्वितीय रनर-अप बने। शीर्ष तीन विजेताओं को क्रमशः 51,000, 31,000 और 21,000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।




प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागि प्रियंका जैन को विशेष ज्यूरी अवार्ड 11,000 की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता की झारखंड की स्टेट को-ऑर्डिनेटर श्वे ता नारायण तिवारी ने बताया कि विभिन्न श्रेणियों में भी पुरस्कार प्रदान किए गए, जिसमें आईएचएम मुंबई से रुशत कुलकर्णी, मधु स्मिता खातुआ, सुभद्रा पटेल, अंशमीत सिंह, नेलुफर सिद्दीकी, शिल्पा जैन शामिल थे।



इसका आयोजन एनजीओ लोटस गीव बैक द्वारा किया गया। यह पहल दिवंगत सुश्री बबिता सक्सेना द्वारा वर्ष 2016 में शुरू की गई थी। उनके निधन (16 मई 2021) के बाद उनके सपने को सेवानिवृत्त कर्नल अतुल सक्सेना, को-फाउंडर के नेतृत्व में आगे बढ़ाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम 'हमारी विरासत, हमारे व्यंजन' थी। यह प्रतियोगिता 13 राज्यों में राज्यस्तरीय चरणों के माध्यम से आयोजित की गई। इनमें दिल्ली/एनसीआर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब, गुजरात, असम, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मध्य प्रदेश, झारखंड, जम्मू एवं कश्मीर और महाराष्ट्र शामिल हैं। प्रत्येक राज्य के विजेता ग्रैंड फिनाले में प्रतिष्ठित नेशनल टाइटल के लिए प्रतिस्पर्धा करने पहुंचे।

इस आयोजन के संचालन का नेतृत्व को-फाउंडर अतुल सक्सेना के मार्गदर्शन में चीफ को-ऑर्डिनेटर रीना मुखर्जी द्वारा नेशनल को-ऑर्डिनेटर वंदना जग्गी एवं राज्य को-ऑर्डिनेटर्स के योगदान से किया गया।

## संक्षिप्त

### ट्रामा सेंटर में मेगा रक्तदान शिविर आज

**गढ़वा।** उपायुक्त की अध्यक्षता में रेडक्रॉस सोसाइटी की कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में बंशीधर नगर के ट्रामा सेंटर में 12 फरवरी को 11 बजे दिन से एक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर के मुख्य अतिथि उपायुक्त शेखर जमुआर एवं विशिष्ट अतिथि श्री बंशीधर नगर के अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता, सचिव डॉ जेपी सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### ग्रामसभा में गांव के विकास की योजना पर चर्चा

**रमना (गढ़वा)।** ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए ग्राम छपरदागा में करमबोहवा बांध में सिलिदाग मुखिया अनीता देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। मौके पर ग्रामीणों ने छपरदागा को विकसित बनाने संबंधित योजनाओं का चयन किया। मौके पर पंचायत सचिव राघवेंद्र सिंह, रोजगार सेवक आलोक तिवारी,पंचायत स्वयं सेवक प्रदीप मेहता, वार्ड सदस्य प्रभा देवी, गोखुल परहिया, शिवनाथ परहिया, रामवृक्ष परहिया, महेंद्र यादव, नागेंद्र यादव, अयोध्या यादव, नरेश उरांव, राहुल गुप्ता, सहदेव उरांव, बिशनाथ यादव एवं काफी संख्या महिला पुरुष उपस्थित थे। ग्रामीणों की मांग पर मुखिया अनीता देवी ने 1970 के दशक में बने घाघर नाला/बीयर /बांध का निरीक्षण किया। उक्त नाले का निर्माण मुखिया श्याम बिहारी सिंह के प्रयास से हुआ था। उक्त नाला का पानी करमबोहवा बांध में आता था, जिससे लोग समय पर खेती करते थे। वर्तमान में नाला जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। उक्त नाले की मरम्मत की मांग ग्रामीणों द्वारा लगातार की जा रही है। मुखिया अनीता देवी ने निरीक्षण के दौरान कहा कि मेरा प्रयास है कि उक्त नाले की मरम्मत हर हाल में हो, ताकि छपरदागावासी पूर्व की भांति समय पर खेती करें। उनकी पैदावार अच्छी हो।

### बाबा तिलका मांझी की आदमकद प्रतिमा का हुआ अनावरण

**धनबाद।** धनबाद तिलका मांझी चौक पर संथाल विद्रोह के प्रणेता प्रथम क्रांतिकारी नायक बाबा तिलका मांझी जी के आदमकद प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम मंगलवार को हुआ। जिसमें राज्य के प्रथम मुख्य मंत्री बाबूलाल मरांडी, झरिया विधायक रागिनी सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा, जिला अध्यक्ष सहित कई गणमान्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अपनी भावमिनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### उदय व दिलीप ने की मरांडी से मुलाकात

**धनबाद ।** मंगलवार को धनबाद विधायक राज सिन्हा, समाजसेवी उदय प्रताप सिंह व युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक दिलीप सिंह ने भाजपा के पूर्व एवं प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से औपचारिक मुलाकात की तथा उन्हें पुष्प गुच्छ देकर व अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही झारखंड की वर्तमान राजनीति पर चर्चा किया गया। भाजपा को झारखंड में और मजबूत बनाने की रणनीति तय की गई। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मंडी के साथ मुलाकात में हर्ष सिंह, सरोज सिंह, शिव शंकर सिंह,सरवन राय ऋषि हेलीवाल, राजा तिवारी अजय पांडे साथ थे।

### साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन

**लातेहार ।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने एक-एक कर सभी आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र समाधान हेतु निर्देशित किया।

गम्हरिया निवासी बाबू दास पर फायरिंग मामले में सरायकेला की आदित्यपुर पुलिस को मिली कामयाबी

# कुख्यात संतोष थापा का रिश्तेदार अज्जू थापा व आनंद दुबे गिरफ्तार

## हथियार बरामद; संतोष थापा और देवाशीष दास की तलाश तेज



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**सरायकेला।** जिले के आदित्यपुर थाने की पुलिस ने बीते 7 फरवरी की रात गम्हरिया निवासी बाबू दास पर फायरिंग मामले में नामजद आरोपियों अजय बहादुर उर्फ अज्जू थापा और आनंद दुबे को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने उनके पास से कांड में प्रयुक्त देसी पिस्तौल बरामद किया है। मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने इसकी जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि कांड के उद्भेदन को लेकर एसडीपीओ समीर कुमार सवैया के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं कांड में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी चल रही है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों ने अपनी संलिप्ता स्वीकार कर ली है। मालूम हो कि बीते 7 फरवरी को सांपड़ा स्थित देसी ढाबा में घुसकर अजय बहादुर उर्फ अज्जू थापा एवं आनंद दुबे ने बाबू दास पर अंधाधुंध फायरिंग करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उक्त हमले में बाबू दास को कुल 7 गोलियां लगी है। जिसका टाटा मुख्य अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद एक स्विफ्ट डिजायर कार से सभी हमलावर भाग गए थे। मगर चिलगू के समीप स्विफ्ट दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी।

उधर पुलिस ने सभी चेकनाको पर जबरदस्त घेराबंदी कर रखी थी जिससे अपराधी भाग पाने में नाकाम रहे। अंततः दोनों नामजद आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दे की अज्जू थापा कुख्यात अपराध कर्मी संतोष थापा का रिश्तेदार है। इस मामले में संतोष थापा और देवशीष दास को भी पुलिस ढूंढ रही है। घटना के बाद से दोनों फरार चल रहे हैं। छापामारी दल में समीर कुमार सवैया, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सरायकेला,राजीव कुमार सिंह पु०नि० सह थाना प्रभारी आदित्यपुर थाना, पु०अ०नि० अलम चांद महतो, विनोद टुडू, रविकान्त पराशर, ह० सहदेव यादव, नितीश कुमार पाण्डेय आदित्यपुर थाना शामिल थे।

## चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना ने दिव्यांगों को दी मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**हजारीबाग।** चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना ने अपनी सीएसआर गतिविधियों के तहत 6 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल दिए। यह ट्राइसाइकिल परियोजना से प्रभावित गांवों के पेटो, पागर और जोरदाग के दिव्यांयगों को को दी गई। इस अवसर पर नवीन गुप्ता ने लाभार्थियों को यह दिया।

इस अवसर पर नवीन गुप्ता ने कहा कि हमारा उद्देश्य दिव्यांकग व्यक्तियों को सशक्त बनाना है, ताकि वे अपनी दिनचर्या में स्वतंत्रता से भाग ले सकें। इन ट्राइसाइकिलों के वितरण से गांवों में विकलांग लोगों के लिए यात्रा और दैनिक गतिविधियां आसान होंगी, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर होगा।

श्री गुप्ता ने कहा कि हमारे समाज के दिव्यां गों को सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारी परियोजना से प्रभावित गांवों के लोग, विशेषकर विकलांग लोग, अपनी दैनिक जीवन गतिविधियों में आत्मनिर्भर बन सकें। आज हम जो ट्राइसाइकिल वितरित कर रहे हैं, वह उनके जीवन में एक नई उम्मीद और स्वतंत्रता लाएगा। इस मौके पर परियोजना से उप महाप्रबंधक बी नवीन कुमार मौजूद थे। यह पहल समाज में समानता और सहायक वातावरण को बढ़ावा देने के लिए परियोजना के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

## एसडीओ ने किया मैट्रिक और इंटर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**चक्रधरपुर।** वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा की शुरूआत आज से हो गई है। परीक्षा के पहले दिन मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी पोड़ाहाट, चक्रधपुर ने चक्रधरपुर स्थित परीक्षा केन्द्र महात्मा गांधी विद्यालय एवं कारमेल स्कूल का निरिक्षण किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों का दौरा कर परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, प्रश्न पत्रों की सुरक्षा आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों को परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने परीक्षार्थियों को भी परीक्षा में पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ भाग लेने के लिए कहा। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी के साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे।



### 15 दिवसीय शहीद मेला का भव्य समापन

**इचाक :** इचाक के पावन धरती बोधिबागी मैदान में 26 जनवरी से जारी 15 दिवसीय शहीद मेला का 11 फरवरी को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। इस ऐतिहासिक मेले में शहीदों को नमन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रतियोगिताएं और प्रदर्शनी जैसे अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे यह मेला यादगार बन गया।इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें रंगोली प्रतियोगिता, निबंध लेखन, गीत, नृत्य और नाटक शामिल रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों कुमार केशव म्यूजिकल ग्रुप, हजारीबाग का सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा, जिसमें टी-सीरीज, नई दिल्ली के गायक, गीतकार और संगीतकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा, अनेक निजी स्कूलों के बच्चों ने भी अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से समां बांध दिया मेले में विभिन्न हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थों और अन्य सामग्रियों के स्टॉल लगाए गए, जो दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने।

## श्री विश्वकर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन, मंदिर निर्माण का भूमि पूजन



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**गढ़वा।** विश्वकर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन गढ़वा शहर के नगवां में किया गया। कार्यक्रम के आयोजक आजसू जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि विश्वकर्मा भगवान के जन्मोत्सव पर विश्वकर्मा मोहल्ला नगवा में श्री विश्वकर्मा जयंती महोत्सव पर विशाल भंडारा एवं झांकी का आयोजन किया गया। इसमें प्रस्तावित विश्वकर्मा मंदिर का भूमि पूजा और हवन का कार्यक्रम किया गया। पूजा अर्चना में बड़ी संख्या में आम जनता एवं बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

दोपहर में भंडारा हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे, महिला और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। भंडारा देर रात 10.30 बजे तक चलता रहा। शाम 8.30 बजे के बाद उत्तर प्रदेश से आए हुए सुप्रसिद्ध कलाकारों ने नृत्य नाटिका और झांकी की प्रस्तुति दी। राधा कृष्ण की नृत्य नाटिका, भक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य आदि प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर मंदिर भूमि दानदाता कौलेशरी कुंवर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सूरज गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि रिंकू तिवारी, शंकर प्रताप विश्वकर्मा, समाजसेवी दौलत सोनी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप विश्वकर्मा, समाज के प्रधान प्रदेश सचिव विक्रांत विश्वकर्मा, भाजपा नेता सुरेंद्र विश्वकर्मा, अधिवक्ता पंकज विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, डॉ दिलीप शर्मा, शंकर प्रताप विश्वकर्मा, देवानंद शर्मा, विश्वनाथ शर्मा बतौर अतिथि उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के संरक्षण के आजसू जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, अध्यक्ष प्रभु विश्वकर्मा, अश्वनी शर्मा, छोटू विश्वकर्मा, सुशील शर्मा, बबलू शर्मा, गौतम शर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, संतोष शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## शहर में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**मेदिनीनगर ।** शहर में अज्ञात चोरी की घटना को अंजाम देने वाले को पलामू पुलिस अनुसंधान के क्रम में दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शहर थाना को दिनांक 10 फरवरी 2025, जितेन्द्र कुमार सोनी पिता राजेन्द्र प्रसाद सोनी, सा) रांची रोड, रेड़मा शिव मंदिर के पास, थाना शहर जिला पलामू द्वारा दिनांक 10 फरवरी को इस आशय का आवेदन दिया गया कि इनके घर के पास खड़ा किया गया इनका स्यलेण्डर प्लस मोटर साईकिल संख्या-JH03AP-4920 को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है।

इस संबंध में शहर थाना कांड सं0 74/2025 अंकित करते हुए अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। अनुसंधान के क्रम में गुप्तचर के सूचना के आधार पर बिसफुटा पुल के पास अभियुक्त संजीत ओझा पिता चन्द्रभुषण ओझा, सा. रामपुर, थाना कुटुम्बा, जिला औरंगाबाद (बिहार) वर्तमान हमीदगंज नियर बीएन कॉलेज के पास, थाना शहर, जिला पलामू के पास से चोरी गये मोटर साईकिल JH03AP 4920 को बरामद करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जो पूर्व में भी ड्रोन केमरा लूट मामला में जेल जा चुका है।

## निमार्णधीन श्री श्याम मंदिर में मोर छड़ी और पंख का पूजन

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**सिमडेगा।** निमार्णधीन श्री श्याम मंदिर में खाटू वाले श्याम बाबा द्वारा प्रेरित श्याम भक्त अजय मयंक जैन एवं आनंद गोयल रांची से सुबह सिमडेगा पहुंचे। श्याम मंदिर का अवलोकन किया। अपने साथ लाए बाबा की मोर छड़ी का मोर पंख का पूजन कर किया। अजय मयंक जैन परिवार ने अपने हाथों से पांच लाख रुपए मंदिर निर्माण में सहयोग दिया गया। आगे भी सहयोग का आश्वासन दिया।

मोहन दास महाराज खाटू वाले से फोन पर स्वीकृत भी मिल गई है। उनके सानिध्य में ही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम कराया जाएगा। उनका बहुत जल्द आगमन सिमडेगा में होने वाला है। रांची से पहुंचे श्याम प्रेमियों का श्री श्याम मित्र मंडल सिमडेगा द्वारा स्वागत किया गया। मंदिर में संरक्षक अमरनाथ वामलिया, अध्यक्ष पवन जैन, सचिव संजय शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, रजनीश अग्रवाल, सरत वामलिया, अमित अग्रवाल, पिंकुल अग्रवाल, मुरारी वामलिया, मुन्ना अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, संतोष देवी की उपस्थिति रही।

श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति रांची के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने रांची के श्याम भक्त द्वारा सिमडेगा में श्री श्याम मंदिर का निर्माण के पुनीत कार्य के लिए दिए गए सहयोग की प्रशंसा एवं सराहना की।



### दो टेम्पो की टक्कर में 06 यात्री घायल, 02 गम्भीर

**मनिका/लातेहार ।** मनिका थाना क्षेत्र के लूटेरवा बर के समीप मंगलवार को दो टेंपो में टक्कर हो गयी जिसमें 6 लोग घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार टेंपो पर 6 लोग सवार थे। एक टेंपो से चार लोग सतबरवा से मनिका की ओर आ रहे थे वहीं दूसरी टेंपो पर दो लड़की सवार होकर मनिका मॉडल स्कूल जा रही थी। जैसे ही लूटेरवा बर के समीप पहुंचे एक टेंपो तेज रफ्तार में आकर ओवरटेक के चक्कर में दूसरे टेंपो को टक्कर मार दी। इसके कारण टेंपो में बैठे छह लोग घायल हो गये। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां दो लोगों की हालत गम्भीर देख कर डॉक्टर ने लातेहार रेफर कर दिया।

## दो बाइक समेत स्कूटी को पुलिस ने किया जब्त, दो गिरफ्तार

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**धनबाद।** भूली ओपी प्रांगण में मंगलवार को भूली ओपी प्रभारी अभिनव कुमार के द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर वाहन चेकिंग का आदेश प्राप्त हुआ था, उक्त आदेश के आलोक में संध्या गस्ती पदाधिकारी विजय कुमार राय को वाहन चेकिंग का आदेश दिया गया।

गश्ती दल पदाधिकारी द्वारा आदेश के आलोक में वेरीकेटिंग का इस्तेमाल करते हुए भूली मोड़ स्थित वाहन जांच की जा रही थी तभी सोमवार की शाम करीब 7:00 बजे झारखंड मोड़ के पास पुलिस वाहन चेकिंग के दौरान दो बाइक सवार भगाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान गश्ती दल द्वारा पीछा कर मोटरसाइकिल सवार को झारखंड मोड़ के पास दौड़कर पकड़ लिया। जिसके बाद दोनों बाइक सवार युवकों से बाइक संबंधित पूछताछ की गई, पूछताछ में बाइक सवार युवकों ने बताया कि गाड़ी हमारे दोस्त की है। संदेह होने पर दोनों बाइकों को पुलिस ओपी लाया गया।



ओपी प्रभारी श्री कुमार द्वारा बताया कि आपी परिसर में दोनों युवकों से कड़ाई से पूछताछ में फरीद खान द्वारा बताया गया कि हम दोनों ने मेंमको मोड़ के समीप उक्त बाइक को करीब डेढ़ महीने पूर्व चोरी किए थे जिसका नंबर प्लेट हटाकर अपने निजी काम में उपयोग करते थे। साथ ही दोनों अभियुक्तो ने बताया कि दो और मोटरसाइकिल एक महीना पहले सरायढेला से एक ग्लैमर मोटरसाइकिल तथा एक महीना पहले पंढरपाला काली मंदिर से पास से एक स्कूटी भी चोरी किए थे। पुलिस ने कुल दो बाइक समेत एक स्कूटी को जप्त कर लिया है। अभियुक्तों की निशानदेही पर दोनों वाहनों को जप्त किया गया। फिलहाल दोनों अभियुक्त को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## समाहरणालय सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार जिला सूचना एवं विज्ञान विभाग हजारीबाग के तत्वधान में मंगलवार समाहरणालय सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे, प्रशिक्षु एसडीपीओ अमित आनंद, डीपीओ पंकज तिवारी, डीडब्ल्यूएसो शिप्रा सिन्हा, डीआईओ संदीप कुमार, डीपीओ यूआईडी प्रवीण कुमार सुमन सहित कई पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्ववित कर किया।

कार्यशाला में जिला स्तरीय अधिकारियों व अन्य कर्मियों को सुरक्षित इंटरनेट इस्तेमाल करने से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यशाला में डीआईओ संदीप कुमार और डीपीओ यूआईडी प्रवीण कुमार सुमन ने सफर इंटरनेट डे के बारे में प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। कार्यशाला में उपस्थित लोगों को कॉमन साइबर थ्रेड जैसे फिशिंग, विशिंग, फाइनेंशियल फ्रॉड, लॉटरी स्कैम, फेक एप्स, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, साइबर हाइजीन, पब्लिक वाई-फाई, वीपीएन, यूजिंग मल्टी फैक्टर ऑथेंटिकेशन, यूपीआई, हाउ टू सिक्योर क्रेडिट एंड डेबिट कार्ड, ऑनलाइन बैंकिंग सर्विस, डिजिटल अरेस्ट, टू स्टेप वेरीफिकेशन, डीप फेक वीडियो आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त

### केंद्रीय विद्यालय में मना आशीर्वाद समारोह



**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित केंद्रीय विद्यालय में मंगलवार को कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर आशीर्वाद समारोह सह प्रवेश पत्र वितरण कार्यक्रम मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ बीआर डे ने दीप प्रज्वलित कर अन्य शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए तिलक लगाया। प्राचार्य सहित शिक्षक राकेश पाठक ने सीबीएसई परीक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मनोज कुमार ने अभिभावकों की भूमिका, ऋजु सिंह ने परीक्षा के तनाव, सना परवीन ने समय प्रबंधन विषय पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अभिभावकों और विद्यार्थियों ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी शिक्षक मो इमरान ने और धन्यवाद ज्ञापन राकेश पाठक ने किया।

### मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन

**बोकारो थर्मल।** डीवीसी कोनार डैम सीएसआर, हॉस्पिटल एवं लोकनायक जयप्रकाश आई हॉस्पिटल, बहेरा, चौपारण के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को स्थानीय डीवीसी के सामुदायिक भवन में नेत्र जांच सह मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन कोनार डैम के एचओपी राणा रणजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर एचओपी ने कहा कि डीवीसी सीएसआर के माध्यम से अपने परियोजना क्षेत्र में रह रहे असहाय, गरीबों और जरूरतमंद लोगों की स्वास्थ्य देखभाल करता है। इसी क्रम में यह शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित सिविल के प्रबंधक गोपाल महतो, पवन कुमार, चंद्रशेखर, डॉ बीएन मंडल, हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि डुमरचंद महतो, सुरेश राम, पंकज, मुखिया और सीएसआर के प्रभारी सुनील कुमार आदि मौजूद थे। जांच शिविर में 197 लोगों के नेत्र की जांच की गई, जिसमें से मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 48 लोगों का चयन किया गया। ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों का ऑपरेशन 12 फरवरी को चौपारण में किया जाएगा। ऑपरेशन के बाद मरीजों को 13 फरवरी को वापस कोनार लाया जाएगा।

### तांतरी में तिलका मांझी को दी गई श्रद्धांजलि


**बोकारो।** चास प्रखंड मानगो दामोदर नदी नया पुल के समीप तांतरी तिलका मांझी चौक में स्थानीय लोगों ने पूर्व मुखिया मंतोष सोरेन के नेतृत्व में देश की आजादी में अंग्रेजों से लोहा लेने वाले वीर योद्धा तिलका मांझी के फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका जयंती समारोह मनाया। पूर्व मुखिया ने कहा कि मानगो भंडारीदह चौक पर विगत कई वर्षों से प्रत्येक साल बाबा तिलका को लोग याद करते आ रहे हैं। इसी स्थान पर बाबा की प्रतिमा लगाई जाएगी। ऐसे स्वतंत्रता सेनानी खुद कुबार्नी देकर हमें आजाद भारत दे गए। मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### जेईई मेन - 1 में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने फिर लहराया कामयाबी का परचम

# आरुष बना टॉपर, 50 से अधिक विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित देश की प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) में दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी कामयाबी का परचम लहराया है। इस साल आयोजित जेईई मेन के प्रथम सत्र में विद्यालय के 50 से अधिक विद्यार्थी सफल रहे। विद्यालय के मेधावी छात्र आरुष बनर्जी ने सर्वाधिक 99.76 परसेंटाइल अंक हासिल कर सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। जबकि, प्रिंस कुमार पांडेय 99.65 पर्सेंटाइल लाकर दूसरे तथा सैय्यद असदुल्लाह 99.33 पर्सेंटाइल के साथ तीसरे स्थान पर रहे।




समाचार लिखे जाने तक प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता पाई है, उनमें आरुष बनर्जी (99.76), प्रिंस कुमार पांडेय (99.65), सैय्यद असदुल्लाह (99.33), उज्जवल सिंह (99.20), अपूर्व झा (98.99), अक्षित (98.86), आकर्ष दुबे (98.66), हर्षवर्धन (98.65), रितेश कुमार महतो (98.62), ख्याति सिन्हा (98.60), अभिनीत शरण (98.05), नितिन कुमार सिंह (97.93), आदित्य शर्मा (97.76), अभिनव कश्यप (97.23), आशीष कुमार (97.01), अर्पित कुमार सिंह (96.97), ऋषिमा तिवारी (96.83), अनुप झा (96.76), कनिष्ठ शर्मा (96.44), शिवम कुमार (96.44), अधृत सिंह (96.06), मयंक राज (95.51), सिद्धांत शर्मा (95.39), आर्यन (95.09), बंदिता महता (94.89), मनीष कुमार (93.64), मृत्युञ्जय कुमार (93.55), शिवम (93.28), सुमित कुमार झा (93.28), आयुष कुमार (92.75), सुदर्शन आरोही (92.10), अनंत दुबे (92.08), पलक्ष (91.61), उत्कर्ष (91) सहित 50 से अधिक ऐसे विद्यार्थी हैं, जिन्होंने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक हासिल किए हैं।ज्ञातव्य है कि एनटीए जेईई मेन का दो सत्रों में आयोजन कर रही है। परीक्षा का पहला सत्र 22 जनवरी से 31 जनवरी के बीच हुआ था, जबकि दूसरा सत्र आगामी 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 की अवधि में आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बोकारो में जेईई मेन- 1 के लिए दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। पहला सेंटर चास में नवाडीह मूर्तिटांड़ स्थित आरआर टेक्नोलॉजी और दूसरा चिकसिया (चास) में डॉ. एस. राधाकृष्णन बीएड कॉलेज के समीप बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट कैंपस स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर को बनाया गया था। परीक्षा में कुल 3350 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य एवं एनटीए के सिटी कोआर्डिनेटर डॉ. ए.एस. गंगवार ने इस शानदार परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सफल विद्यार्थियों को बधाई दी तथा कहा कि हमारे छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता गरिमा में चार चांद लगाया है। प्राचार्य ने आगामी परीक्षाओं में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

### जे.ई.ई.मेंस में चिन्मय विद्यालय का शानदार रिजल्ट

## 99.35 परसेंटाइल के साथ अतिन गौरव बना टॉपर

**बोकारो ।** 2024-25 के जे.ई.ई.मेंस के पहले फेज में चिन्मय विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रर्दशन करते हुए बाजी मारी। विद्यालय का परिणाम उत्कृष्ट रहा है। विद्यालय का छात्र अतिन गौरव (99 .35) परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय में पहले स्थान पर आया हैं, जबकि अश्विन (99 .33) एवं रजनीश (98 .99) परसेंटाइल लाकर क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे है। अतिन गौरव, अश्विन कुमार, आर्यन , नारायण राय, वेद कुमार, अभ्यास मल्लिक आदित्य राज, मीनाक्षी कुमारी, शिवम रंजन, हर्ष लक्षीरामका, रजनीश कुमार, शरण्या रंजन, इशान गोप, भव्या विक्रम, सत्यम सोनी, एकांश महावार, श्रेयांश मिश्रा, अदित्या, आकर्श देव, रिशी प्रसाद, आदर्श राय, अभिषेक, प्रेम कुमार, रोहित राज, प्रिंस रॉय, एकता आकृति, अंकित कुमार, शुभम कुमार, रितु राज, अमृत कुमार सहित समाचार लिखे जाने तक 42 से अधिक बच्चे ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किये। विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के वरीय शिक्षको के मार्गदर्शन एवं बच्चे के कड़ी मेहनत के कारण यह शानदार सफलता मिली है। उन्सहोंने सभी सफल छात्रों, उनके अभिभावको एवं विद्यालय के सभी शिक्षकों को इस प्रयास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए हार्दिक बधाई दी है। साथ ही, उम्मीद जताई कि दूसरे फेज एवं आई.आई.टी0 एडवांसड में और भी बेहतर परिणाम होगा। उन्होने सभी सफल छात्रों का हौसला बढाते हुए कहा कि आने वाले समय में पूरा ध्यान एवं पूरा समय पढ़ाई पर दें। साथ ही, समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें। यही परिश्रम कभी पीछे मूड़कर देखने का मौका नहीं देगा। समाचार लिखे जाने तक प्राप्त सूचना के अनुसार 42 से अधिक छात्र-छात्राओं के 90 से अधिक परसंटाइल आया है, जबकि आधे से अधिक छात्रों के बारे में समाचार आना बॉकी है। प्राचार्य सूरज शर्मा के साथ-साथ परम पूज्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती (आचार्या चिन्मय मिशन,बोकारो), बिश्वरूप मुखोपाध्याय (अध्यक्ष), महेश त्रिपाठी (सचिव) एवं उप-प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार एवं वरीय शिक्षक अजय कुमार सिंह, देवज्योती बराल, ए एन उपाध्याय, प्रफुल्ल कुमार सिंह , कुमोद रंजन सिंह, अशोक चैबे ,राज कुमार, चंदन कुमार सिंह एवं आदि ने सभी सफल छात्रों को बधाई दिया एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।




**95 परसेंटाइल से अधिक 23 छात्र अब तक सफल**

## हरिश्चंद्र विद्यालय में विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**प्रात: नागपुरी संवाददाता**

**आदित्यपुर।** कांड्रा स्थित हरिश्चंद्र विद्या मंदिर प्रेक्षागृह में मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों का विदाई समारोह हुआ, जिसके मुख्य अतिथि समाजसेवी जेएन मिश्रा थे। अपने संबोधन में उन्होंने सभी परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनकी सफलता और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उच्च और मध्य विद्यालय के प्राचार्य जेडी महतो और विनोद वार्ष्णेय के अलावा डी साव और केसी महतो ने भी संबोधित किया। समारोह को सफल बनाने में शिक्षक पीएल महतो, रंजीत श्रीवास्तव, कुमारी तुलसी, कुमारी संजू , रिपोर्टर जगन्नाथ मिश्रा, आदेशपाल मधुसुदन महतो करमू , शुकू सरदार ने अपना सहयोग दिया।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर दी गई डिजिटल सुरक्षा की जानकारी

**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बोकारो समाहरणालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निदेर्शानुसार सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर एक कार्यशाला आयोजित कर उसमें लोगों को डिजिटल सुरक्षा पर विशेष जानकारी दी गई।




इस वर्ष की थीम- साथ मिलकर एक बेहतर इंटरनेट के लिए पर आधारित इस कार्यक्रम में इंटरनेट सुरक्षा और जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार ने उपस्थित लोगों से इंटरनेट का सावधानीपूर्वक उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इंटरनेट का उपयोग करते समय यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि साइटें प्रामाणिक हों। उन्होंने यह भी सलाह दी कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी को फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अनावश्यक रूप से साझा करने से लोगों को बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से पहले उसके डोमेन की जांच करना बेहद जरूरी है। फर्जी साइटों से बचने के लिए सतर्क रहने की आवश्यकता है। किसी भी एसएमएस के माध्यम से प्राप्त लिंक को खोलने से पहले उसकी जांच-पड़ताल कर लेनी चाहिए। इंटरनेट का उपयोग करते समय अन्य महत्वपूर्ण सावधानियां बरतने की अपील की। कहा कि इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के लिए सामूहिक प्रयास और जागरूकता अति आवश्यक है। इससे पूर्व, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी ने सुरक्षित इंटरनेट दिवस के संबंध में सभी को बताया।

कहा कि, यह हर साल फरवरी के दूसरे सप्ताह के मंगलवार को मनाया जाता है। मौके पर साइबर थाना बोकारो के एसआई कृष्णा कुमार कुशवाहा ने कहा कि इंटरनेट एक शक्तिशाली माध्यम है, लेकिन इसके साथ साइबर अपराध, डेटा चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर बुलिंग जैसी समस्याएं भी बढ़ी हैं। उन्होंने साइबर सुरक्षा, डिजिटल प्राइवेसी और इंटरनेट के सकारात्मक उपयोगों, कंट्री कोड को देखते हुए कॉल को रिसीव करने, निजी सूचना किसी के साथ शेयर नहीं करने के संबंध में बताया। वहीं, साइबर अपराध से संबंधित कोई भी शिकायत अविलंब 1930 पर एवं साइबरक्राइम.गव.इन पर करने की बात कहीं। कार्यशाला में एडीआईओ अमरेश कुमार, यूआईडी डीपीओ शैलेंद्र मिश्र, नेटवर्क इंजीनियर पल्लव घोष, सहायक जन-संपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि ने अपने विचार रखे।

## सीओ ने आरंभ कराया बरवाबेड़ा गांव शिफ्टिंग का कार्य

### काम बंद करवाने के दौरान पुलिस के साथ हुई धक्का-मुक्की

**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो थर्मल।** सीसीएल के बोकारो-करगली एरिया अंतर्गत एकेके माइंस विस्तार को लेकर एरिया के कारो स्पेशल फेज दो में बरवाबेड़ा गांव के लोगों को शिफ्टिंग का कार्य मंगलवार को गोविंदपुर, राजाबाजार, नूरी नगर एवं नयी बस्ती के विस्थापितों द्वारा भारी विरोध, हंगामे एवं सीआईएसएफ-पुलिस के साथ नोक-झोंक के बाद बेरमो सीओ संजीत कुमार के निर्देश पर जेसीबी से कार्य आरंभ करवाया गया।



इसके पूर्व बरवाबेड़ा गांव के लोग पुनर्वास को लेकर सीसीएल कारो स्पेशल फेज दो के पुनर्वास स्थल पर पहुंचे थे। पूर्व की कार्रवाई को देखते हुए रैयतों के विरोध का अंदेशा सीसीएल प्रबंधन एवं बेरमो सीओ को भी था, इसलिए बोकारो डीसी विजया जाधव के निर्देश पर बेरमो सीओ संजीत कुमार को बतौर दंडाधिकारी नियुक्त किया गया था। साथ ही, बोकारो-करगली के जीएम चितरंजन कुमार, लैंड मामलों के अधिकारी बीके ठाकुर, सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट, अधिकारी एवं जवान सहित बोकारो थर्मल थाना के इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह, अनि भागीरथ महतो, सअनि अरविंद मेहता, पेंक नारायणपुर एवं कथारा ओपी के पुलिस पदाधिकारी, बोकारो केंद्र से काफी संख्या में जवान तथा सीसीएल बोकारो-करगली एरिया के सीआईएसएफ के काफी संख्या में जवान एवं अधिकारी मुस्तैद थे। जबकि, विस्थापित रैयतों की ओर से अध्यक्ष डॉ दशरथ महतो, जानकी महतो, मुमजात अंसारी, रोशन आरा, शशि कुमार महतो, फलजीत महतो, विजय सिंह, दिलीप यादव, धनेश्वर यादव, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, जिप सदस्य शहजादी बानो, जगेश्वर महतो सहित कई लोग थे।

सीसीएल के अधिकारियों ने पुनर्वास को लेकर जमीन की खुदाई करने को लेकर तीन जेसीबी भी लाकर रखे थे। सीसीएल अधिकारियों एवं कर्मियों ने जीएम एवं बेरमो सीओ की मौजूदगी में जैसे ही जमीन की मार्किंग करनी आरंभ की, वैसे ही सभी रैयत विस्थापितों ने कार्य को बंद करवाने का प्रयास किया और पूर्व से चले आ रहे मामले का निष्पादन वार्ता से करने के बाद ही कार्य आरंभ करने की बात कहने लगे। बेरमो सीओ ने विस्थापितों को कहा कि बोकारो डीसी का निर्देश है कि कार्य को आरंभ करवाया जाए और उन्होंने पुलिस, सीआईएसएफ एवं सीसीएल अधिकारियों सहित जीएम को कार्य आरंभ करवाने का निर्देश दिया। सीओ के निर्देश पर उक्त सभी लोग कार्य आरंभ करवाए, वैसे ही सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, जिप सदस्य शहजादी बानो, रोशन आरा आदि कार्य बंद करवाने को गए, परंतु महिला सुरक्षा बलों एवं पुलिस के जवानों एवं बोकारो थर्मल के इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह ने सभी को कार्यस्थल पर जाने से रोक दिया। इस क्रम में सांसद प्रतिनिधि के साथ पुलिसकर्मियों की धक्का-मुक्की भी हुई। सांसद प्रतिनिधि सहित जानकी महतो, डॉ दशरथ महतो आदि का कहना था कि रैयतों ने सीसीएल को अपनी जमीन कोयला का उत्खनन करने को दिया था, ना कि पुनर्वास को लेकर किसी गांव को बसाने को। कहा कि कोल बेयरिंग एक्ट में इस प्रकार के प्रावधान नहीं हैं।

## बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार जरूरी : डॉ श्रवण

**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा सत्र 2024- 25 में पीपीएच के अंतर्गत अपना तीसरा कैंप अमृत पार्क, फेज-5 में लगाया गया। कैंप में चिकित्सकों द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की गई।




रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने बताया कि शिविर द्वारा नियमित जांच कराकर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रेरित किया गया। चोपड़ा ने खान-पान पर भी ध्यान देने के लिए लोगों को प्रेरित किया। जांच शिविर में उपस्थित बीजीएच के सेवानिवृत्त चिकित्सक डॉ श्रवण कुमार ने कहा कि जंक फूड से दूर रहें एवं फल सब्जियों सेवन से वे काफी हद तक स्वस्थ रह सकते हैं। डॉ श्रवण ने कहा कि मोटापा आज विश्व की सबसे बड़ी बीमारी हो गई है। उन्होंने बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार लेने पर जोर दिया। डॉ सुमन कुमार ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ भारत एवं विकसित भारत का निर्माण कर सकता है। डॉ सुमन ने कहा कि समय पर पता चलने से कई बीमारियों के इलाज संभव है।

रोटरी क्लब के सचिव मुकेश अग्रवाल ने बताया कि शिविर में 35 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मुकेश ने बताया कि उच्च रक्तचाप, मधुमेह, वजन इत्यादि की निःशुल्क जांच के बाद चिकित्सा सलाह दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ श्रवण कुमार, डॉ सुमन कुमार, विनोद चोपड़ा, मुकेश अग्रवाल, ललिता चोपड़ा, डॉ पुष्पा, डिंपल कौर आदित्य सराहनीय योगदान रहा।

## आदिवासी सेंगेल अभियान ने मनाई तिलका मुर्मू की जयंती

**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत खुटरी पंचायत के ठाकुर टांड़ (रांगाघुटू) में आदिवासी सेंगेल अभियान द्वारा वीर शहीद तिलका मुर्मू की जयंती मनाई गई।

सभी ने वीर शहीद तिलका मुर्मू के चित्र पर पुष्प अर्पित, माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। वीर शहीद तिलका मुर्मू जयंती समारोह में उपस्थित झारखंड प्रदेश संयोजक करमचंद हांसदा ने कहा कि वीर शहीद तिलका मुर्मू भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी थे। इनका जन्म 11 फरवरी 1750 को सुल्तानगंज के तिलकपुर के संताल परिवार में हुआ था। तिलका मुर्मू ने हमेशा से ही अपने जंगलों को लूटते और अपने लोगों पर अत्याचार होते हुए देखा था। गरीब आदिवासियों की भूमि, खेती, जंगली वृक्षों पर अंग्रेजी शासकों ने कब्जा कर रखा था।धीरे-धीरे इसके विरूद्ध तिलका मुर्मू आवाज उठाने लगे। उन्होंने अन्याय और गुलामी के खिलाफ जंग छेड़ी। आदिवासियों के अस्तित्व व उनकी पहचान बचाने के लिए अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ 1771 से 1784 ई तक आदिवासी समाज के लिए ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध लंबा संघर्ष किया।

## स्थानीयता को जल्द परिभाषित करे राज्य सरकार : बीएल पासवान

**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** अखिल भारतीय दुसाध कल्याण परिषद के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बी एल पासवान ने झारखंड की वर्तमान सरकार से स्थानीयता को जल्द परिभाषित करने की मांग की है। उन्होंने झारखंड अलग राज्य के गठन के पूर्व से यहां बिहार या अन्य प्रदेशों से आकर नौकरी-पेशा करने वाले या रहने वाले लोगों के बच्चों के भविष्य के लिए स्थानीयता के मुद्दे को महत्वपूर्ण बताया है।

उन्होंने कहा कि बिहार से अलग होकर झारखंड राज्य का निर्माण 15 नवम्बर 2000 को हुआ। उसके बाद विधानसभा, राज्यसभा, लोकसभा, पंचायत चुनाव, नगर निगम के चुनाव कई बार हुए, जिसमें लोगों ने अपने मताधिकार का उपयोग कर माननीयों को विजयी बनाया, जो राज्य के मंत्री से लेकर विभिन्न पदों पर सुशोभित होते रहे। लेकिन, दूसरे राज्यों से यहां आए लोगों या नौकरी पेशा करने वाले सरकारी कर्मी, जो सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं, वे स्थानीयता प्रमाण-पत्र के अभाव में अभी तक दर-दर भटक रहे हैं। जबकि, 15 नवम्बर, 2000 को ही मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड अलग राज्य का निर्माण हुआ, जहां महज दो वर्ष की अवधि के भीतर ही स्थानीयता का निर्णय लेकर जनता को राहत दी गई, जिससे दो राज्य की जनता खुशी-खुशी है और वहां बाहरी-भीतरी का कोई बवाल नहीं। लेकिन 24 वर्ष बीतने के बाद भी झारखंड राज्य में डोमिसाइल (स्थानीयता) का मुद्दा आज तक खड़ा है। जिन राजनेताओं ने वोट को बांटने के लिए बाहरी-भीतरी का सहारा लिया, वे आज अपनी जिंदगी और मौत से लड़ रहे हैं और खुद भी राजनीति से की मुख्यधारा से अलग होकर पश्चाताप कर रहे हैं। श्री पासवान ने कहा कि स्थानीयता के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय झारखंड में पीआईएल दायर किया गया, लेकिन मुख्य रूप से पीआईएल नंबर 2919/02, जिसमें न्यायालय ने अपना अपना फैसला भी दिया, जिसके आधार पर पीआईएल नंबर 4080/02 दायर किया गया। उक्त वाद में दिनांक 27.11.2002 को माननीय उच्च न्यायालय, झारखंड द्वारा कतिपय आदेश पारित किए गए और उक्त आदेश के आलोक में राज्य सरकार द्वारा स्थानीय व्यक्ति को परिभाषित कर उनकी पहचान करने के लिए एक मंत्रिमंडलीय समिति गठित की गई थी और विचार विमर्श किया गया था। किन्तु कतिपय कारणों से इसे मूर्ति रूप नहीं दिया जा सका।



# बोकारो में इंटर स्टील प्लांट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बीएसएल के क्रिकेट स्टेडियम में इंटर स्टील प्लांट क्रिकेट प्रतियोगिता 2024-25 का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) ने किया।

इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) कुंदन कुमार, महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) सी.आर.के. सुधांशु, महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) ए.के. अविनाश, सहायक महाप्रबंधक (स्पोर्ट्स एंड सीए) सुभाष रजक सहित अन्य अधिकारी तथा क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) ने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि खेल स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करते हैं, जो न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए, बल्कि पेशेवर जीवन में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इंटर स्टील प्लांट क्रिकेट चैंपियनशिप एक ऐसा अवसर है, जो टीम भावना को सशक्त बनाता है और कर्मचारियों के बीच सहयोग, एकता और सौहार्द का वातावरण उत्पन्न करता है। इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं, जिन्हें दो समूहों में बांटा गया है। पहले समूह में दुर्गापुर स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, इस्को स्टील प्लांट और भिलाई स्टील प्लांट की टीमें हैं, जबकि दूसरे समूह में आरआईएनएल-विशाखापत्तनम, वीआईएसएल-भद्रावती, सलेम स्टील प्लांट और बोकारो स्टील प्लांट की टीमें प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। यह टूनार्मेंट आगामी 15 फरवरी 2025 तक चलेगा।




### भिलाई को हराकर बोकारो बना विजेता

आज पहले दिन खेले गए मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। बोकारो स्टील प्लांट ने भिलाई स्टील प्लांट को 5 विकेट से पराजित किया, वहीं सेलम स्टील प्लांट ने राउरकेला स्टील प्लांट को 6 विकेट से हराया। आरआईएनएल ने इस्को स्टील प्लांट को 7 विकेट से मात दी, जबकि दुर्गापुर स्टील प्लांट ने वीआईएसएल को 10 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस चैंपियनशिप का मुख्य उद्देश्य स्टील प्लांट्स के बीच खेल भावना को बढ़ावा देना और आपसी समन्वय को सुदृढ़ करना है।

# राजनीति में युवाओं की भागीदारी की आवश्यकता



डॉ. सत्यवान सौरभ

**अगर राजनीतिक दल युवाओं को राजनीति में शामिल करने के बारे में गंभीर हैं तो उन्हें कई तरह के कदम उठाने होंगे। पहला कदम सरकार द्वारा युवा मानदंड में बदलाव करना होगा। आज 34-35 वर्ष की आयु के लोगों को भी युवा माना जाता है। इस मानदंड को कम करने की आवश्यकता होगी। अपने संगठनात्मक ढांचे में, पार्टियों को युवाओं के लिए अधिक जगह बनाने की आवश्यकता होगी। आमतौर पर यह देखा गया है कि वयस्कता के करीब पहुंचने वाले नेता प्रमुख राजनीतिक दलों की युवा इकाइयों की बागडोर भी संभालते हैं। अपने छात्र संगठनों के लिए, राजनीतिक दलों को अधिकतम आयु प्रतिबंध भी स्थापित करने की आवश्यकता होगी। बेहतर होगा कि तीस वर्ष से अधिक आयु वालों को इससे बाहर रखा जाए।**

राजनीति में युवाओं की भागीदारी न केवल एक लक्ष्य है, बल्कि यह समावेशी और प्रगतिशील लोकतंत्र के लिए एक आवश्यक शर्त भी है। हालाँकि, बहुत कम युवा लोग राजनीति में भाग लेना जारी रखते हैं और उनकी आवाज को अक्सर स्थापित सत्ता संरचनाओं द्वारा दबा दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में बिना राजनीतिक अनुभव वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में प्रवेश करने के लिए आमंत्रित करने का प्रस्ताव विकेंद्रीकरण, समावेशिता और युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी मोड़ का प्रतिनिधित्व करता है। ज्ञान के भंडार वाले अनुभवी नेताओं ने पारंपरिक रूप से भारतीय राजनीति में एक प्रमुख स्थान रखा है। वे अक्सर पारंपरिक ढाँचों के भीतर काम करते हैं, जो समकालीन मुद्दों को संभालने के लिए तैयार नहीं हो सकते हैं, इस तथ्य के बावजूद कि उनका ज्ञान अमूल्य है। युवा नेता रचनात्मक समाधान, तकनीकी जानकारी और समकालीन शासन मॉडल का योगदान देकर गतिशील और डेटा-संचालित नीति निर्माण की सुविधा प्रदान करते हैं।

एक स्थायी भविष्य की गारंटी के लिए, युवा नेता हरित कानूनों, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं और जलवायु अनुकूलन रणनीतियों को बढ़ावा दे सकते हैं। युवा-संचालित शासन में उद्यमिता, कौशल विकास और उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा को प्राथमिकता देकर बेरोजगारी और अल्परोजगार को सम्बोधित करने की क्षमता है। युवाओं की भागीदारी के माध्यम से, भारत पारदर्शी और प्रभावी शासन प्राप्त करने के लिए ब्लॉकचेन, स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का बेहतर उपयोग कर सकता है। नागरिक भागीदारी के लिए सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म का उपयोग करके, युवा लोग जवाबदेही में सुधार कर सकते हैं, लोकतांत्रिक मूल्यों को पुनर्जीवित कर सकते हैं और राजनीतिक भ्रष्टाचार को कम कर सकते हैं। युवा जो राजनीतिक रूप से जागरूक और सक्रिय हैं, वे गारंटी देते हैं कि लोकतंत्र जीवित रहेगा और लोगों की मांगों के प्रति उत्तरदायी रहेगा।

भारतीय राजनीति में पारंपरिक रूप से वंशवादी परिवारों का वर्चस्व रहा है, जिससे योग्यता-आधारित और जमीनी स्तर



के नेतृत्व के लिए बहुत कम जगह बची है। परिवार या पैसे के समर्थन के बिना, कई युवा उम्मीदवारों को राजनीतिक मंच प्राप्त करना मुश्किल लगता है। युवाओं में अक्सर राजनीतिक प्रशासन, नीति विश्लेषण और शासन में औपचारिक प्रशिक्षण की कमी होती है, भले ही उनमें उच्च स्तर का उत्साह हो। वर्तमान राजनीतिक दलों द्वारा दी जाने वाली सलाह की कमी युवा नेताओं को खुद की रक्षा करने के लिए मजबूर करती है। चूँकि कार्यालय चलाने के लिए महत्त्वपूर्ण वित्तीय निवेश की आवश्यकता होती है, इसलिए पहली पीढ़ी के राजनेताओं के लिए अधिक अनुभवी नेताओं के साथ प्रतिस्पर्धा करना चुनौतीपूर्ण होता है। राजनीति के अपराधीकरण के साथ-साथ पैसा और शारीरिक शक्ति अक्सर शिक्षित युवाओं को सार्वजनिक सेवा में करियर बनाने से रोकती है। प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए, कई राजनीतिक दल युवा नेताओं को निर्णय लेने की शक्ति दिए बिना शामिल करते हैं। इस सतही समावेशन के परिणामस्वरूप युवा राजनेताओं को शासन संरचनाओं में अधिक प्रभाव या परिवर्तन नहीं दिया जाता है।

युवा नेताओं द्वारा समान आर्थिक विकास, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा का समर्थन करने वाली नीतियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बेरोजगारी, जातिगत भेदभाव और लैंगिक समानता जैसे सामाजिक मुद्दों के लिए प्रगतिशील नीतियों और जमीनी स्तर पर भागीदारी की आवश्यकता होती है। संधारणीय कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा पहल और पर्यावरण के अनुकूल शहरी नियोजन सभी को युवा नेतृत्व द्वारा आगे बढ़ाया जा सकता है। ग्रीन इंडिया और क्लीन इंडिया (स्वच्छ भारत) जैसी पहलों के लिए अधिक मजबूत युवा-संचालित कार्यान्वयन योजनाओं की आवश्यकता होती है। आने वाली पीढ़ी को उन्नत कौशल प्रदान करने के लिए डिजिटल इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया और स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रमों का विस्तार करना आवश्यक है। दुनिया में भारत का नेतृत्व जैव प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में इसके निवेश पर बहुत अधिक निर्भर करेगा। लोकतंत्र के पतन को रोकने के लिए, युवा सक्रियता और नागरिक जुड़ाव को खुले, जवाबदेह और लोगों पर केंद्रित शासन की गारंटी देनी चाहिए। सहभागी शासन मॉडल और सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून को मजबूत करके लोकतंत्र को गहरा किया जा सकता है।

राजनीतिक दलों द्वारा उम्मीदवारों का चयन उनकी दूरदर्शिता, योग्यता और नेतृत्व की क्षमता के आधार पर किया जाना चाहिए, जिसमें पक्षपात पर योग्यता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। युवा नेताओं को उनके पारिवारिक सम्बंधों के बजाय उनके प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ने में सक्षम बनाने के लिए पार्टियों के भीतर आंतरिक लोकतंत्र को मजबूत करना आवश्यक है। मेंटरशिप कार्यक्रम स्थापित करके शासन, नीति निर्माण और विधायी प्रक्रियाओं में युवा राजनेताओं को औपचारिक रूप से सलाह दें। युवाओं को प्रशासन और कानून की व्यावहारिक समझ देने के लिए, विश्वविद्यालय और अन्य संस्थान 'राजनीतिक नेतृत्व और शासन' पाठ्यक्रम प्रदान कर सकते हैं। युवाओं को वित्तीय बाधाओं का सामना किए बिना कार्यालय चलाने में सक्षम बनाकर, चुनावों के लिए राज्य वित्त पोषण खेल के मैदान को समतल करने में मदद कर सकता है। भ्रष्टाचार से मुक्त और निष्पक्ष वातावरण स्थापित करने के लिए राजनीतिक अपराधीकरण के खिलाफ सख्त कानून लागू करना आवश्यक है। युवा राजनेताओं की क्षमता बढ़ाने और मतदाताओं को शिक्षित करने के कार्यक्रमों को नागरिक समाज संगठनों द्वारा सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। शासन में सफल होने वाले युवाओं की कहानियों को अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए मीडिया में दिखाया जाना चाहिए। युवाओं की भागीदारी को संस्थागत बनाने के लिए, राजनीतिक दलों और शासन संरचनाओं को युवा प्रतिनिधित्व के लिए न्यूनतम कोटा लागू करना चाहिए। सलाहकार परिषदों, युवा संसदों और मंत्रालय इंटर्नशिप जैसे नेतृत्व के अवसरों को बढ़ाया जाना चाहिए। आज लिए गए निर्णय आने वाले दशकों में भारत के मार्ग को प्रभावित करेंगे क्योंकि देश अपने इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। स्वामी विवेकानंद की सलाह 'उठो, जागो और आगे बढ़ो' आज भी लागू है।

## संपादकीय

### मणिपुर : इस्तीफे की घुट्टी

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने गृहमंत्री अमित शाह से भेंट करने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया। सिंह 2017 में पहली दफा मणिपुर के मुख्यमंत्री बने थे।उनके नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का राज्य में यह दूसरा कार्यकाल था, परंतु राज्य में हो रही हिंसा पर नियंत्रण रखने में नाकामयाब रहने के आरोप लग रहे थे। इसी दरम्यान सुप्रीम कोर्ट द्वारा जातीय हिंसा में सिंह की भूमिका को लेकर आरोप लगाने वाली लीक हुई ऑडियो क्लिप की प्रमाणिकता को लेकर सील बंद फोरेंसिक रिपोर्ट मांगने के बाद ताजा विवाद शुरू हो गया। इतना ही नहीं, विपक्षी दल कांग्रेस विधानसभा सत्र के दौरान सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने को तैयार थी। बीते दो वर्षो से राज्य में मैतई समुदाय व कुकी जनजातियों के बीच चल रहे खूनी संघर्ष से निपटने में सिंह असफल ही नहीं रहे। बल्कि उन पर मैतई विद्रोहियों के समर्थन का भी आरोप है। उनके दल के ही कुछ विधायकों के मुख्यमंत्री से खासा नाराज होने और विपक्ष के संपर्क में होने की चर्चा भी जोरों से है। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए भाजपा शीर्ष नेतृत्व को आनन-फानन यह निर्णय लेने को मजबूर होना पड़ा। नाराज धड़ा यदि टूटकर विपक्ष के पाले में जा मिलता तो सरकार पर संकट आना लाजमी था। जो मोदी सरकार की फजीहत करने वाला साबित होता। इधर दिल्ली सरकार में पताका फहराने का जोश मन्दा भी नहीं पड़ा था कि हिंसा से झुलस रहे मणिपुर की सत्ता पर संकट गहराता भांपते ही स्थिर पर काबू करने के लिहाज से इस्तीफे की कड़वी दवा गले उतारी गई। मणिपुर के अकेले चर्चित फुटबॉल खिलाड़ी रहे बीरेन पत्रकारिता में भी हाथ अजमा चुके हैं। खिलाड़ी और संपादक रहने के नाते उन्हें दांवपेंच का महारथी माना जाता रहा है। कुछ ही दिन पहले उनका कथित इस्तीफा भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। जिसे फटा हुआ बताकर शरारत साबित करने की कोशिशें की गई थीं। सबसे लंबे समय तक वहां के मुख्यमंत्री रहे ओकराम इबोबी के सबसे करीबी रहने और उनसे राजनीतिक दांव-पेच सीखने वाले सिंह ने न सिर्फ उनसे बगावत की बल्कि पलटवार करते हुए सत्ता भी हासिल की। आशंका की जा सकती है कि सिंह अपने तेवर फिर दिखाने से चूकेंगे नहीं और सियासी घमासान में पुराना पैंतरा आजमाने से हिचक नहीं सकते। राज्य में शांति बहाली की प्राथमिकता को स्वीकरते हुए केंद्र को भीतरघात के प्रति चौकन्ना रहने के प्रति खास तवज्जो देनी होगी।

## चिंतन-मनन

### दुनिया में दो तरह के लोग

दुनिया में दो ही तरह के लोग हैं- एक वे जो अपने को नया करने का राज खोज लेते हैं, और एक वे जो अपने को पुराना बनाए रखते हैं और चीजों को नया करने में लगे रहते हैं। भौतिकवादी और आध्यात्मवादी में एक ही फर्क है। आध्यात्मवादी रोज अपने को नया करने की चिंता में संलग्न है। क्योंकि उसका कहना यह है कि अगर मैं नया हो गया तो इस जगत में मेरे लिए कुछ भी पुराना न रह जाएगा। क्योंकि जब मैं ही नया हो गया तो पुराने का स्मरण करने वाला भी न बचा, पुराने को देखने वाला भी न बचा, हर चीज नई हो जाएगी। और भौतिकवादी कहता है कि चीजें नई करो, क्योंकि स्वयं के नए होने का तो कोई उपाय नहीं है। नया मकान बनाओ, नई सड़कें लाओ, नए कारखाने, नई सारी व्यवस्था करो। उत्सव हमारे दुखी चित्त के लक्षण हैं। चित्त दुखी है वर्ष भर, एकाध दिन हम उत्सव मना कर खुश हो लेते हैं। वह खुशी बिल्कुल थोपी गई होती है।

क्योंकि कोई दिन किसी को कैसे खुश कर सकता है? दिन! अगर कल आप उदास थे और कल मैं उदास था, तो आज दिवाली हो जाए तो मैं खुश कैसे हो जाऊंगा? हां, खुशी का भ्रम पैदा करुंगा। दीये, पटाके, फुलझड़ियां और रोशनी धोखा पैदा करेंगी कि आदमी खुश हो गया। लेकिन ध्यान रहे, जब तक दुनिया में दुखी आदमी हैं, तभी तक दिवाली है। जिस दिन दुनिया में खुश लोग होंगे उस दिन दिवाली नहीं बचेगी, क्योंकि रोज ही दिवाली जैसा जीवन होगा। जब तक दुनिया में दुखी लोग हैं तब तक मनोरंजन के साधन हैं। जिस दिन आदमी आनंदित होगा उस दिन मनोरंजन के साधन एकदम विलीन हो जाएंगे। कभी यह सोचा न होगा कि अपने को मनोरंजित करने वही आदमी जाता है जो दुखी है। इसलिए दुनिया जितनी दुखी होती जाती है उतने मनोरंजन के साधन हमें खोजने पड़ रहे हैं। चौबीस घंटे मनोरंजन चाहिए, क्योंकि आदमी दुखी होता चला जा रहा है।

हम समझते है कि जो आदमी मनोरंजन की तलाश करता है, बड़ा प्रफुल्ल आदमी है। ऐसी भूल में मत पड़ जाना। सिर्फ दुखी आदमी मनोरंजन की खोज करता है। और सिर्फ दुखी आदमी ने उत्सव ईजाद किए हैं। पुराने पड़ गए चित्त में, जिसमें धूल ही धूल जम गई है; वह नए दिन, नया साल, इन सबको ईजाद करता है। और धोखा पैदा करता है थोड़ी देर। कितनी देर नया टिकता है? कल फिर पुराना दिन शुरू हो जाएगा। लेकिन एक दिन के लिए हम अपने को झटका देकर जैसे झाड़ देना चाहते हैं सारी राख को, सारी धूल को। उससे कुछ होने वाला नहीं है।

# जयंती पर विशेष : मानवतावादी संत थे संत रविदास



योगेश कुमार गोयल



समस्त भारतीय समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता और भाईचारे की सीख देने वाले 15वीं सदी के महान् समाज सुधारक संत रविदास का जन्म वाराणसी के गोवर्धनपुर गांव में माघ पूर्णिमा के दिन हुआ था। इसीलिए प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा के ही दिन उनकी जयंती मनाई जाती है। इस वर्ष माघ पूर्णिमा 12 फरवरी को है, इसीलिए इसी दिन संत रविदास जयंती मनाई जा रही है। महान् संत, समाज सुधारक, साधक और कवि रविदास ने जीवन पर्यन्त छुआछूत जैसी कुरीतियों का विरोध करते हुए समाज में फैली तमाम बुराईयों के खिलाफ पुरजोर आवाज उठाई और उन कुरीतियों के खिलाफ निरन्तर कार्य करते रहे। उनका जन्म ऐसे विकट समय में हुआ था, जब समाज में घोर अंधविश्वास, कुप्रथाओं, अन्याय और अत्याचार का बोलबाला था, धार्मिक कट्टपंथता चरम पर थी, मानवता कराह रही थी। उस जमाने में मध्यमवर्गीय समाज के लोग कथित निम्न जातियों के लोगों का शोषण किया करते थे। ऐसे विकट समय में समाज सुधार की बात करना तो दूर की बात, उसके बारे में सोचना भी मुश्किल था लेकिन जूते बनाने का कार्य करने वाले संत रविदास ने आध्यात्मिक ज्ञान अर्जित करने के लिए समाधि, ध्यान और योग के मार्ग को अपनाते हुए असीम ज्ञान प्राप्त किया और अपने इसी ज्ञान के जरिये पीड़ित समाज एवं दीन-दुखियों की सेवा कार्य में जुट गए। उन्होंने अपनी सिद्धियों के जरिये समाज में व्याप्त आडम्बरों, अज्ञानता, झूठ, मक्कारी और अधार्मिकता का भंडाफोड़ करते हुए समाज को जागृत करने और नई दिशा देने का प्रयास किया।

संत रविदास को 'रैदास' के नाम से भी जाना जाता है। वे गंगा मैया के अनन्य भक्त थे। संत रविदास को लेकर 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' कहावत बहुत प्रचलित है। इस कहावत का संबंध संत रविदास की महिमा को परिलक्षित करता है। वे जूते बनाने का कार्य किया करते थे और इस कार्य से उन्हें जो भी कमाई होती, उससे वे संतों की सेवा किया करते और उसके बाद जो कुछ बचता, उसी से परिवार का निर्वाह करते थे। एक दिन रविदास जूते बनाने में व्यस्त थे कि तभी उनके पास एक ब्राह्मण आया और उनसे कहा कि मेरे जूते टूट गए हैं, इन्हें ठीक कर दो। रविदास उनके जूते ठीक करने लगे और उसी दौरान उन्होंने ब्राह्मण से पूछ लिया कि वे कहां जा रहे हैं? ब्राह्मण ने जवाब दिया, 'मैं गंगा स्नान करने जा रहा हूं पर चमड़े का काम करने वाले तुम क्या जानो कि इससे कितना पुण्य मिलता है!' इस पर रविदास जी ने कहा कि आप सही कह रहे हैं ब्राह्मण देवता, हम नीच और मलिन लोगों के गंगा स्नान करने से गंगा अपवित्र हो जाएगी। जूते ठीक होने के बाद ब्राह्मण ने उसके बदले उन्हें एक कौड़ी मूल्य देने का प्रयास किया तो संत रविदास ने कहा कि इस कौड़ी को आप मेरी ओर से गंगा मैया को 'रविदास की भेंट' कहकर अर्पित कर देना।

ब्राह्मण गंगाजी पहुंचा और स्नान करने के पश्चात जैसे ही उसने रविदास द्वारा दी गई मुद्रा यह कहते हुए गंगा में अर्पित करने का प्रयास किया कि गंगा मैया रविदास की यह भेंट स्वीकार करो, तभी जल में से स्वयं गंगा मैया ने अपना हाथ निकालकर ब्राह्मण से वह मुद्रा ले ली और मुद्रा के बदले ब्राह्मण को एक सोने का कंगन देते हुए वह कंगन रविदास को देने का कहा। सोने का रत्न जड़ित अत्यंत सुंदर कंगन देखकर ब्राह्मण के मन में लालच आ गया और उसने विचार किया कि घर पहुंचकर वह यह कंगन अपनी पत्नी को देगा, जिसे पाकर वह बेहद खुश हो जाएगी। पत्नी ने जब वह कंगन देखा तो उसने सुझाव दिया कि क्यों न रत्न जड़ित यह कंगन राजा को भेंट कर दिया जाए, जिसके बदले वे प्रसन्न होकर हमें मालामाल कर देंगे। पत्नी की बात सुनकर ब्राह्मण राजदरबार पहुंचा और कंगन राजा को भेंट किया तो राजा ने ढ़ेर सारी मुद्राएं देकर उसकी झोली भर दी। राजा ने प्रेमपूर्वक वह कंगन अपनी महारानी के हाथ में पहनाया तो महारानी इतना सुंदर कंगन पाकर इतनी खुश हुई कि उसने राजा से दूसरे हाथ के लिए भी वैसे ही कंगन की मांग की।

राजा ने अगले ही दिन ब्राह्मण को दरबार बुलाया और उसे वैसा ही एक और कंगन लाने का आदेश देते हुए कहा कि अगर उसने तीन दिन में कंगन लाकर नहीं दिया तो वह दंड का पात्र बनेगा। राजाज्ञा सुनकर बेचारे ब्राह्मण के होश उड़ गए। वह गहरी सोच में डूब गया कि आखिर दूसरा कंगन वो कहां से लाएगा? उसे जब और कोई रास्ता नहीं सूझा तो उसने निश्चय किया कि वह संत रविदास के पास जाकर उन्हें सारे वाकये की जानकारी देगा कि कैसे गंगा मैया ने स्वयं यह कंगन उसे उन्हें देने के लिए दिया था, जो उसने लोभवश अपने पास रख लिया। अंततः यही सोचकर वह रविदास जी की कुटिया में जा पहुंचा। रविदास उस समय प्रभु का स्मरण कर रहे थे। ब्राह्मण ने जब उन्हें सारे वृत्तांत की विस्तृत जानकारी दी तो रविदास जी ने उनसे नाराज हुए बगैर कहा कि तुमने मन के लालच के कारण कंगन अपने पास रख लिया, इसका पछतावा मत करो। रही बात राजा को देने के लिए दूसरे कंगन की तो तुम उसकी चिंता भी मत करो, गंगा मैया तुम्हारे मान-सम्मान की रक्षा करेंगी। यह कहते हुए उन्होंने अपनी वह कठौती (चमड़ा भिगोने के लिए पानी से भरा पात्र) उठाई, जिसमें पानी भरा हुआ था और जैसे ही गंगा मैया का आव्हान करते हुए अपनी कठौती से जल छिड़का, गंगा मैया वहां प्रकट हुई और रविदास जी के आग्रह पर उन्होंने रत्न जड़ित एक और कंगन उस ब्राह्मण को दे दिया। इस प्रकार खुश होकर ब्राह्मण राजा को कंगन भेंट करने चला गया और रविदास जी ने उसे अपने बड़प्पन का जरा भी अहसास नहीं होने दिया। ऐसे थे महान संत रविदास जी, जिनकी आज हम जयंती मना रहे हैं।

(लेखक 35 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# चीन : ऐसे किया जाता है विकास



विनीत नारायण

हमारे पड़ोसी देश चीन ने पिछले सप्ताह एक बार फिर से सुर्खियां बनाई। इस बार भारत में घुसपैठ नहीं बल्कि भारत और दुनिया भर के लिए एक उदाहरण बना। चीन ने अपने नवाचार द्वारा एक रेगिस्तान को न सिर्फ रोका बल्कि उसे हरा-भरा भी कर दिया। चीन का यह विकास कार्य आज काफी चर्चा में है। 'मौत का सागर' के रूप में जाने जाना वाला तकलामाकन रेगिस्तान 337,600 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसका आकार लगभग पश्चिमी देश जर्मनी के बराबर का क्षेत्र है। इसके विशाल रेत के टीलों और बार-बार आने वाले रेतीले तूफानों ने लंबे समय तक मौसम के पैटर्न को बाधित किया है। कृषि को खतरे में डाला है और मानव स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। जवाब में चीन ने एक व्यापक हरित अवरोध लागू किया है, जिसे रेगिस्तान के किनारों को लॉक करने और इसके नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को स्थिर करने के लिए डिजाइन किया गया है। इन प्रयासों ने न केवल रेलवे और राजमागरे जैसे महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की रक्षा की है, बल्कि यह भी प्रदर्शित किया है कि टिकाऊ प्रौद्योगिकियां मरुस्थलीकरण का प्रतिकार कैसे कर सकती हैं।

सौर ऊर्जा से संचालित सिंचाई पणालियों को एकीकृत करके, चीन पृथ्वी पर सबसे कठिन वातावरणों में से एक में वनस्पति को बनाए रखने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग कर रहा है।

तकलामाकन रेगिस्तान के इस व्यापक पहल पर चार दशकों से काम चलाया गया। ग्रीनबेल्ट का पहला 2,761 किलोमीटर का काम कई वर्षों में पूरा हुआ, अंतिम चरण नवम्बर 2022 में शुरू हुआ, जिसमें रेगिस्तानी चिनार, लाल विलो और सैक्सौल पेड़ों जैसी लचीली, रेगिस्तान-अनुकूल प्रजातियों को रोपने के लिए 600,000 श्रमिकों को एक साथ लाया गया-जो शुष्क परिस्थितियों में जीवित रहने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते हैं। ये पौधे कई उद्देश्यों की पूर्ति करते हैंः वे खिसकती रेत को सहारा देते हैं, रेगिस्तान के विस्तार को धीमा करते हैं और स्थानीय समुदायों को आर्थिक लाभ प्रदान करते हैं। यह परियोजना इतिहास में सबसे महत्त्वाकांक्षी पुनर्वनीकरण प्रयासों में से एक का प्रतिनिधित्व करती है, जो दुनिया भर में भूमि क्षरण से निपटने के लिए एक नई मिसाल कायम करती है।

उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में ग्रीनबेल्ट का प्राथमिक लक्ष्य मरुस्थलीकरण को रोकना है, यह परियोजना दीर्घकालिक आर्थिक अवसर भी पैदा कर रही है। कुछ नये लगाए गए पेड़, जैसे कि रेगिस्तानी जलकुंभी में औषधीय गुण होते हैं, जो संभावित रूप से हर्बल चिकित्सा के लिए आकषर्क बाजार खोलते हैं। इसके अलावा, 2022 में, चीन ने हॉटन-रुओकियांग रेलवे का उद्घाटन किया, जो रेगिस्तान के चारों ओर दुनिया की पहली पूरी तरह से घिरी हुई रेलवे थी। 2,712 किलोमीटर लंबा रेलवे रेगिस्तानी शहरों को जोड़ता है, जिससे अखरोट और लाल खजूर जैसे स्थानीय कृषि उत्पादों को पूरे चीन के बाजारों तक पहुंचाना आसान हो जाता है, जिससे क्षेत्रीय व्यापार और विकास को और बढ़ावा मिलता है। खबरों के मुताबिक चीन पुनर्वनरोपण पर रोक नहीं लगा रहा है बल्कि तकलामाकन रेगिस्तान में एक विशाल नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना भी चल रही है।

चाइना थ्री गोरजेस कॉर्पोरेशन 8.5 गीगावाट सौर ऊर्जा और 4 गीगावाट पवन ऊर्जा स्थापित करने की योजना का नेतृत्व कर रहा है, जिसके अगले चार वर्षों में पूरा होने की उम्मीद है। रेगिस्तान की बहाली को टिकाऊ ऊर्जा उत्पादन के साथ जोड़कर, चीन उस चीज को हरित विकास के अवसर में बदल रहा है जो कभी एक पारिस्थितिक चुनौती थी। गौरतलब है कि तकलामाकन ग्रीनबेल्ट की सफलता मरु स्थलीकरण और भूमि क्षरण से निपटने के वैश्विक प्रयासों के अनुरूप है। इसी तरह की बड़े पैमाने की परियोजनाएं, जैसे कि अफ्रीका की ग्रेट ग्रीन वॉल, का उद्देश्य पूरे महाद्वीप में 8,000 किलोमीटर लंबे वृक्ष अवरोधक लगाकर सहारा रेगिस्तान के विस्तार को रोकना है।

तकलामाकन रेगिस्तान का विकास कार्य समान पारिस्थितिक खतरों का सामना करने वाले अन्य देशों के लिए एक खाका के रूप में भी कार्य कर रहा है। यह उपलब्धि नवीन पर्यावरणीय समाधानों के प्रति चीन की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। हरित प्रौद्योगिकियों और बड़े पैमाने पर पुनर्वनीकरण का लाभ उठाकर, राष्ट्र ने न केवल अपने स्वयं के



बुनियादी ढांचे और कृषि को सुरक्षित किया है, बल्कि भविष्य की वैश्विक रेगिस्तान बहाली परियोजनाओं के लिए भी मार्ग प्रशस्त किया है। भारत सहित सभी विकासशील देशों को चीन से सबक लेते हुए यह सीखना चाहिए कि विषम परिस्थितियों में भी विकास कार्य किए जा सकते हैं। ओछी राजनीति करने से किसी का भी लाभ नहीं होता। यदि केंद्र में और राज्य में दो अलग दलों की सरकार भी हो तो विकास कार्य पर किसी भी तरह की रोक लगाना आम जनता के साथ धोखा है। इसलिए यदि सही सोच वाला नेतृत्व सही योजनाओं को स्वीकृति करे तो ऐसे भ्रष्टाचार से बचा जा सकता है और ताकलामाकन रेगिस्तान जैसे कई विकास कार्य दोहराया जा सकते हैं।

# त्वचा व बालों के लिए अपनाएं घरेलू टिप्स

**अपनी शादी में हर कोई सबसे हट कर व खूबसूरत दिखना चाहता है पर सिर्फ मेकअप, आभूषण और डिजाइनर लहंगों से ही बात नहीं बनती।**




**खूबसूरती** आपकी त्वचा से भी झलकनी चाहिए। एक भी दाग-धब्बे मेकअप को फीका कर देते हैं। शादी के दिन त्वचा में चमक बनी रहेगी, तभी आप व आपका मेकअप भी निखरा लगेगा। इसलिए शादी के एक महीने पहले से ही त्वचा व बालों की देखभाल शुरू कर दें और इसके लिए अपनाएं घरेलू टिप्स

## चेहरे को क्लिंज करना

चेहरे को क्लिंज करना सबसे जरूरी होता है खासकर रात में। डेली केयर रुटीन में भी सुबह-रात दो बार चेहरे को क्लिंज करें। नॉर्मल टू ड्राई त्वचा वाली लड़कियां मसाज करने के लिए क्लिजिंग क्रीम या जेल का प्रयोग करें और कॉटन से हटा लें। नॉर्मल टू ऑयली स्किन के लिए डीप पोर क्लिजिंग की जरूरत पड़ती है। चावल का आटा या बादाम के पाउडर को थोड़े से दही में मिलाकर सप्ताह में दो से तीन बार लगाएं। इसे त्वचा पर हल्के हाथों से रब करें। फिर पानी से धो लें। इससे ब्लैकहेड्स भी हटते हैं। यदि मुंहासे हैं तो स्क्रब न लगाएं। क्लिजिंग के बाद रोज वॉटर से त्वचा को टोन करें। यह रक्त प्रवाह को सुधारने के साथ त्वचा पर ग्लो भी लाता है। रात में क्लिजिंग करने के बाद नरिश भी करना जरूरी है। यदि त्वचा नॉर्मल टू ड्राई है तो 50 मिलीग्राम बादाम के तेल में 5 मिलीग्राम वीटजर्म ऑयल डालें और बोतल में डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। हर रात इसकी कुछ बूंदों से दो मिनट चेहरे की त्वचा पर मसाज करें। गर्दन, आंखें, होठों पर भी लगाएं। बादाम के तेल को प्रतिदिन आंखों के आसपास 15 मिनट के लिए अप्लाई कर म्वॉइस्ट कॉटन वूल से पोछ लें। गर्दन को भी बादाम के तेल से मसाज करें और पोछ लें। तैलीय और मुंहासेदार त्वचा को तेल या क्रीम से मसाज न करें। रात भर होठों पर शुद्ध बादाम का तेल लगा कर छोड़ दें। फेस पैक बनाने के लिए पके हुए पपीते के गुदे में 2 छोटा चम्मच ओटमील, 1 छोटा चम्मच बादाम का पाउडर, 1 छोटा चम्मच शहद, 1 छोटा चम्मच दही और चाहें तो अंडे की सफेदी को भी इस मिक्सचर में मिलाएं।

- **पानी से धो लें:** होठों व आंखों के भाग को बचाते हुए चेहरे पर इसे लगाएं। करीब 20 मिनट रखने के बाद पानी से धो लें। सप्ताह में दो से तीन बार लगाएं। शरीर के उबटन के लिए सबसे पहले शरीर को तिल के तेल से मसाज करें। कोहनी, घुटने, हाथ व पैरों पर खास ध्यान दें। चोकर, बेसन, चुटकी भर हल्दी पाउडर, बादाम का पाउडर, नारंगी या नींबू के छिलके को सुखा कर तैयार किया गया पाउडर भी ले सकती हैं। इन सभी सूखी सामग्री को दही में मिलाएं और पूरे शरीर पर 20 मिनट लगाने के बाद साफ कर लें।
- **ट्रीटमेंट लें :** यदि आपको एक्ने, मुंहासे है तो कुछ समय पहले चाहें तो किसी अच्छे प्रोफेशनल सैलून से ट्रीटमेंट लें। प्री-ब्राइडल केयर में एक्सफोलिएशन, टोनिंग, मास्क, प्रोफेशनल डीप क्लिजिंग करवाएं। ब्लेमिशेज है तो थर्मोहर्ब या वेज पील ट्रीटमेंट कराना सही है। नॉर्मल टू ड्राई स्किन के लिए प्रीमियम फेशियल जैसे डायमंड, गोल्ड और पर्ल प्री-ब्राइडल ट्रीटमेंट्स की काफी मांग रहती है। यह न सिर्फ टैन को हटाने में सहायक होता है, बल्कि त्वचा में चमक पैदा करता है। इन दिनों डायमंड बॉडी पॉलिश भी प्री-ब्राइडल ट्रीटमेंट में काफी मशहूर होता जा रहा है। डायमंड स्क्रब से मृत एपिथीलियल सेल्स हटते हैं और शरीर चमक उठने के साथ सैटन की तरह मुलायम हो जाता है। बालों की देखभाल सप्ताह में तीन बार बाल धोएं। इसके लिए इस्तेमाल की गई चाय पत्ती को पर्याप्त पानी में उबालें और ठंडा कर छान लें। इसमें नींबू का रस मिलाएं और शैम्पू लगाने के बाद अंत में इसी पानी से बालों को धोएं।



## कंडीशनिंग करें

कंडीशनिंग भी सप्ताह में दो बार करें। एक अंडे में छोटा चम्मच ग्लिसरीन और वेनेगर डालकर मिलाएं। स्कल्प पर इसे लगा कर अच्छी तरह मसाज करें। हॉट वॉटर में तौलिए को डुबाकर पानी निचोड़ लें और सर पर चारों तरफ से रैप कर 5 मिनट तक रखें। 3 से 4 बार इसे दुहराएं। मिक्सचर को आधे घंटे लगा रहने के बाद बाल को धो लें। सप्ताह में बालों पर हिना ट्रीटमेंट जरूर दें। 4 छोटा चम्मच कॉफी और नींबू का रस, 2 कच्चा अंडा, पर्याप्त दही, मेहंदी पाउडर डालकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। बालों में एक घंटा लगा कर रखने के बाद धो लें।

# लड़कियों पर फबती है प्रॉम ड्रेसेज

**शादी व पार्टी जैसे मौकों पर अगर आप सूट, साड़ी, लहंगे या गाउन पहन कर बोर हो गई हैं और कुछ डिफरेंट तलाश रही हैं, तो आप प्रॉम ड्रेसेज अपना सकती हैं। डिफरेंट कट्स व स्टाइल में पेश कर रहे हैं। इससे यह मॉडर्न टच के साथ-साथ ट्रेडिशनल लुक भी देती है।**



**पहले** इंडियन मैरिज में लहंगे व साड़ी ही सबसे ज्यादा पहने जाते थे, लेकिन अब लड़कियां डिफरेंट व स्टाइलिश ड्रेसेज को प्रिफरेंस दे रही हैं। इसी कारण प्रॉम ड्रेसेज काफी डिमांड में हैं।
प्रॉम ड्रेसेज में आपको खासे डिजाइन मिलेंगे। दरअसल, प्रॉम ड्रेसेज डिजाइनर की इमैजिनेशन पर डिपेंड करती है और इसे वह कस्टमर की फिगर व हाइट को ध्यान में रखकर डिजाइन करता है। यह ड्रेस पतली-मोटी व लंबी-छोटी सभी तरह की लड़कियों पर फबती है। प्रॉम ड्रेसेज की खूबी है कि यह वेस्ट से फिटेड व नीचे से लूज होती है।

### अट्रैक्टिव वर्क

अगर आप शादी या फिर पार्टी के लिए प्रॉम ड्रेस डिजाइन करवा रही हैं, तो उसमें डिफरेंट वर्क व डिजाइन करवा सकती हैं। इन दिनों प्रॉम ड्रेसेज पर हल्की एम्ब्रॉयडरी ट्रेंड में है। एम्ब्रॉयडरी को आप नेक या फिर बेल्ट पर बनवा सकती हैं। इसके अलावा, बैक पर भी एम्ब्रॉयडरी अच्छी लगेगी।

### हर फिगर पर परफेक्ट

फैशन डिजानइर के मुताबिक प्रॉम ड्रेसेज हर फिगर की लड़कियों पर फबती हैं। अक्सर लड़कियां सोचती हैं कि प्रॉम ड्रेसेज पतली लड़कियों पर ही जंचती है, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। दरअसल, प्रॉम ड्रेसेज सबसे ज्यादा हेल्दी लड़कियां ही डिजाइन करवा रही हैं। इसमें फिगर के कर्व साफ दिखते हैं और बाकी ड्रेसेज के मुकाबले इस ड्रेस में आप पतली लगती हैं।

### हर बजट में प्रॉम ड्रेसेज

चूंकि प्रॉम ड्रेस वेस्टर्न आउटफिट है, इसलिए इसे सभी नेशनल व इंटरनेशनल डिजाइनर इसे बनाना बखूबी जानते हैं। अगर आप सिंपल व एलिगेंट प्रॉम ड्रेस डिजाइन करवाना चाहती हैं।

### यह करें ट्राई

प्रॉम ड्रेस को अट्रैक्टिव लुक देने के लिए आप उसकी बैक पर स्टाइलिश डिजाइन बनवा सकती हैं। इससे आपकी बैक ज्यादा ग्लैमरस लगेगी। इसके अलावा, प्रॉम ड्रेसेज में वेस्ट पर बेल्ट होती है, जिससे आपकी ड्रेस की फिटिंग अच्छी आती है। आप इस बेल्ट पर एम्ब्रॉयडरी या पैच लगवा सकती हैं।

### हर वैराइटी है खास



आपको प्रॉम ड्रेसेज में खासी वैराइटी मिलेगी। ऐसे में आप प्रॉम ड्रेसेज को फैब्रिक, वर्क, स्टाइल, पैटर्न व साइज के मुताबिक डिजाइन करवा सकती हैं। प्रॉम ड्रेसेज ब्राइट कलर्स व शिमर पैटर्न में खूब पसंद की जा रही हैं। आप ग्रे, सी ब्लू, एक्वा ग्रीन, गोल्डन, टमैटो रेड, ब्राइट ब्लैक व लेमन यलो वगैरह में से शेड्स चुन सकती हैं। वैसे, आप कलर्स के साथ भी एक्सपेरिमेंट कर सकती हैं, मसलन दो कलर्स को मिलाकर प्रॉम ड्रेस डिजाइन करवाएं। जैसे वेस्ट से ऊपर का पार्ट रेड कलर में और बाकी ड्रेस ब्लैक में। कलर के अलावा, इनमें प्रिंट्स में भी एक्सपेरिमेंट किए जा सकते हैं।


### स्टाइल की कमी नहीं

प्रॉम ड्रेसेज को आप हर स्टाइल में डिजाइन करवा सकती हैं। चूंकि प्रॉम ड्रेस पार्टी वियर ड्रेस है, इसलिए ग्लैमरस लुक देने के लिए डिजाइनर बैकलेस या फिर विदाउट शोल्डर के प्रॉम की सलाह देते हैं। आप ए-लाइन, बलून, बेल्टेड, फिश कट, वेस्ट फिटेड, हिप्स फिटेड, लॉन्ग फिटेड, फ्रंट कट, साइड कट, बैक कट, नी-लेंथ, लॉन्ग, वॉल्यूम, प्लीटेड जैसे तमाम डिजाइंस में बनवा सकती हैं।

### रॉयल लुक देता है वेल्वेट



सर्दियों को देखते हुए आप वेल्वेट में प्रॉम ड्रेस डिजाइन करवा सकती हैं। वैसे भी, वेल्वेट फैब्रिक से बनी प्रॉम ड्रेस आपको रॉयल लुक देगी। आप रेड, ब्लैक व ब्लू कलर के साथ सिल्वर व गोल्डन कलर का पैच वर्क डिजाइन करवा सकती हैं। वैसे भी सिलुएट्स सबसे अच्छे वेल्वेट में ही बनती है। ऐसे में आप अपनी प्रॉम ड्रेस में सिलुएट्स बनवा सकती हैं।



# छोटी-छोटी गलतियों से सीख लें

नारी होने के साथ-साथ एक अच्छी पत्नी का फर्ज निभाने के लिए हमें अपनी छोटी-छोटी गलतियों से सीख लेना चाहिए। परिवार में छोटी-छोटी बातों को लेकर आपसी कलह हो जाता है, इसके लिए हमें अपनी भावनाओं को नियंत्रित करके समझदारी से काम लेना चाहिए। जिससे घर में कलह की स्थिति उत्पन्न न हो।

### ख्याल रखना

पत्नी को चाहिए कि वह अपने साथ-साथ पति का विशेष ख्याल रखे। घर में आपसी माहौल खुशनुमा रखने लिए पत्नी को हमेशा पति की हर जरूरत का ध्यान रखना चाहिए। और प्रतिदिन संवरकर एवं आकर्षक बनकर रहती है तो पति को भी अच्छा लगता है।

### रोमांस जिंदा रखें

पति के साथ रिश्तों को कमजोर ना होने दें। यदि आपकी अपने पति से दूरियां बढ़ रही हैं तो पति से रोमांटिक बातें करें। उन्हें बीते दिनों के रोमांटिक पलों को याद कराएं। ज्यादा से ज्यादा प्यार दिखाने की कोशिश करें। खाली वक्त में पति से कोई काम की बात न कर आने वाले दिनों में रोमांस का प्रोग्राम बनाएं।

### सहमति जताएं

पति-पत्नी के लिए सबसे जरूरी बात होती है आपसी सहमति। कहने का तात्पर्य यह है कि ज्यादातर विषयों पर दोनों की एक राय हो। आमतौर पर यदि पति घर से बाहर दोस्तों के साथ टाइम बिताते हैं तो उन्हें टोकने से बचना चाहिए। या मान लें कि आपके पति को फुटबॉल से प्यार है, लेकिन आप फुटबॉल पसंद नहीं करती। ऐसे में आपको उनके इस व्यवहार को रोकने की कोशिश नहीं करना चाहिए। एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि लंबी और स्वस्थ जीवन शैली के लिए दोस्तों का साथ होना अनिवार्य है।

### नहीं करें इग्नोर

घर और बच्चों की रोज-रोज की देखरेख में कहीं आप अपने पति को इग्नोर तो नहीं कर रही हैं। आमतौर पर देखा गया है कि घरेलू तनाव के चलते महिलाएं अपने पति को समय नहीं दे पातीं। अच्छा यही होगा कि तनाव से बचने के लिए घरेलू कामकाज के अलावा पति को अहमियत दें। दोनों ज्यादा से ज्यादा समय बिताने की कोशिश करें।

# आपसी लड़ाई में बातचीत बंद न करें

**शायद ही कोई ऐसे पति-पत्नी होंगे, जिनमें किसी बात को लेकर बहस या फिर लड़ाई न होती हो। लेकिन रिश्ते में प्यार बनाए रखने के लिए यह बेहद जरूरी है कि बातचीत का रास्ता कभी बंद न हो। पति-पत्नी के बीच घर के काम को लेकर झगड़ा होना कोई नई बात नहीं होती, लेकिन दोनों के बीच बातचीत बंद हो जाए ये हजम नहीं होता। कई बार बात इतनी बढ़ जाती है कि परिवार वालों को दोनों के बीच सुलह करवानी पड़ती है।**



**अक्सर** पति-पत्नी के बीच झगड़ा होता है और वे एक-दूसरे से बातचीत बंद कर देते हैं। इसकी वजह से अनजाने में ही दोनों के रिश्तों में कड़वाहट आ जाती है। आपसी लड़ाई की बात घर से बाहर करने के बजाय अगर आप झगड़े के बाद एक-दूसरे से अपने मन की बात कहें तो आपसी मनमुटाव दूर होते देर नहीं लगेगी।

### ...ताकि लगे नयापन

हर रिश्ते में तकरार होती है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि आप अपने साथी के साथ बातचीत बंद कर दें। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि पति-पत्नी के बीच छोटी मोटी बातों पर लड़ाई होना आम है। महत्वपूर्ण बात यह है कि आप दोनों के बीच चाहे कितना भी झगड़ा क्यों न हुआ हो, बातचीत बंद नहीं होना चाहिए। मेरे और मेरे पति के बीच चाहे कितनी भी कहा सुनी क्यों न हो जाए, हम बातचीत बंद नहीं करते। हम दोनों जल्द से जल्द झगड़े को खत्म करने की कोशिश करते हैं। शायद यही कारण है कि शादी के इतने साल बीतने के बावजूद आज भी हमें अपना रिश्ता नया-नया सा लगता है।

- **एक-दूसरे को समझना:** इस संबंध में यही समझना बेहतर होता है कि पति-पत्नी में झगड़ा होना स्वाभाविक है। हो सकता है कि आप झगड़े होने के बाद की स्थिति को सही तरह से नहीं संभाल पा रहे हों। यह भी हो सकता है कि आपसे ज्यादा आपके पड़ोसी आपस में ज्यादा लड़ते हों, वे लोग इसे संभालने की क्षमता रखते हैं। इसलिए उनकी बातें जगजाहिर नहीं होती।
- **काम का प्रेशर :** अक्सर लड़ाई का कारण आजकल वर्क प्रेशर देखा गया है। इसकी वजह से एक-दूसरे को वक्त नहीं दे पाना होता है। पर हम ज्यादा देर तक एक-दूसरे से नाराज नहीं रह पाते। थोड़ी देर तक हम चुप रहते हैं, लेकिन अचानक ही एक-दूसरे को देखकर हम मुस्कुरा देते हैं।
- **बातचीत बंद न करें:** सच तो यह है कि थोड़ी बहुत नोकझोंक रिश्ते में प्यार को बढ़ाती है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि लड़ाई के बाद आप बातचीत बंद न करें। साथ बैठकर अपनी गलतफहमियां दूर करें, पर होता इसका उल्टा है। झगड़े के बाद हम बातचीत बंद कर देते हैं, जिससे गलतफहमियां दूर ही नहीं हो पाती हैं।

### इन बातों का रखें ख्याल

- अगर झगड़ा हो गया है और यदि गलती आपकी है, तो सॉरी बोलने में देर न लगाएं।
- रिश्ते के बीच अपने अहम को न आने दें। अगर गलती नहीं है और आपको लग रहा है कि आपका साथी गुस्से में है, तो उसे मना लेने में कोई हर्ज नहीं है।
- अपने झगड़े की बात बाहर वालों से न करें, क्योंकि जरूरी नहीं है कि वे आपकी गलतफहमी को दूर ही करें। इससे कोई फायदा नहीं होगा, बल्कि आपकी इस हरकत से आपके साथी की भावनाएं आहत होंगी।
- अगर झगड़ा ज्यादा बढ़ गया है तो स्थिति सामान्य करने के लिए परिवार के किसी बड़े सदस्य की मदद लें।



# औरंगाबाद में होगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण

एजेंसियां

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के क्रम में आज औरंगाबाद जिले में 554 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की कुल 195 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें 127.43 करोड़ रुपये की लागत से 79 योजनाओं का उद्घाटन और 426.76 करोड़ रुपये की लागत से 116 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने औरंगाबाद जिला में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण कर पुस्तकालय, मुखिया कक्ष, राजस्व कर्मचारी कार्यालय, पंचायत सचिव कक्ष आदि का जायजा लिया। ग्राम पंचायत बेढ़नी स्थित महादलित टोला का भ्रमण कर मुख्यमंत्री ने सात निश्चय योजना अंतर्गत निर्मित पक्की गली-नली, हर घर नल का जल योजना, आवास योजना, मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, सामुदायिक भवन सह वर्कशेड का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने जिले में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और स्टेडियम बनाने की भी घोषणा की।

### मुख्यमंत्री ने जिले को दी 554 करोड़ की सौगात



### औरंगाबाद को क्या-क्या मिला

सीएम नीतीश ने औरंगाबाद जिले के देव नगर पंचायत में रिंग रोड का निर्माण की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने जिले में बिशुनपुर कैनाल का निर्माण, राष्ट्रीय उच्च पथ पर ट्रॉमा सेन्टर का निर्माण, औरंगाबाद शहर में अदरी नदी पर रिवर फ्रंट डेवलपमेंट का कार्य, मदनपुर प्रखंड के चाँद बिगहा ग्राम में केशहर नदी पर चेक डैम का निर्माण, नगर पंचायत, देव में अवस्थित सूर्य मंदिर के समीप सूर्य कुण्ड और रुद्र कुण्ड परिसर से एसएच-101 तक ग्रीनफील्ड सम्पर्क पथ का निर्माण, जिले के मदनपुर, औरंगाबाद, नवीनगर और दाउदनगर समेत कुल 7 प्रखंडों में नये प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण, औरंगाबाद जिले में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स एवं स्टेडियम का निर्माण और नया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल बनवाने की घोषणा की।

**अस्पताल के हाईटेक भवन का किया उद्घाटन** : मुख्यमंत्री ने सदर अस्पताल के नये और हाइटेक भवन का उद्घाटन किया। इसके निर्माण पर 200 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये गये है। सीएम द्वारा उद्घाटन के साथ ही अस्पताल की विधि-व्यवस्था बेहतर हो जायेगी। नये भवन में ही स्वास्थ्य संबंधित लगभग विभाग शिफ्ट हो जायेंगे। ज्ञात हो कि औरंगाबाद जिले के कोने-कोने से लगभग दो हजार मरीज हर दिन सदर अस्पताल पहुंचते है, लेकिन व्यवस्था बेहतर नहीं होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## संक्षिप्त खबरें

### चलती इंटरसिटी एक्सप्रेस की चेयर कार कोच में उठा धुआं, यात्रियों में मची भगदड़



पटना। बिहार के समस्तीपुर जिले में जयनगर से दानापुर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस की चेयर कार कोच से अचानक धुआं उठने लगा। धुआं देख यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। जैसे ही लोको पायलट को पता चला तो उसने ट्रेन रोक दी। ट्रेन के रुकते ही घबराए यात्री बाहर कूदने लगे, जिससे कई यात्रियों को मामूली चोट आयीं। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे कर्मचारियों ने तुरंत धुंए पर काबू पा लिया। इसके बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली और ट्रेन को रवाना किया गया। हाजीपुर मंडल के सीपीआरओ सरस्वतीचंद ने बताया कि घटना मंगलवार को सुबह करीब नौ बजे की है। जयनगर से दानापुर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस की चेयर कार बोगी से पूसा रोड और दुबहा स्टेशन के बीच ब्रेक शू में आग लगने से धुआं निकलने लगा। इससे यात्रियों में भय व्याप्त हो गया। हालांकि चालक की सूझबूझ से ट्रेन को समय रहते रोक दिया गया, नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

### चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

अररिया। जिले की फुलकाहा थाना पुलिस ने चोरी हुई मोटरसाइकिल के साथ रवि कुमार भगत नामक युवक को गिरफ्तार किया। 21 वर्षीय रवि कुमार भगत फुलकाहा बाजार वार्ड संख्या एक का रहने वाला है और वह भारतीय क्षेत्र में चोरी की गई मोटरसाइकिल को नेपाल में बिक्री करने का काम करता था। पुलिस ने वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर रवि कुमार भगत को गिरफ्तार किया। फुलकाहा थानाध्यक्ष रोशन कुमार ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार रवि कुमार भगत को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में अररिया जेल भेज दिया गया है।

### 10 वर्षों से फरार नक्सली मुनारिक सिंह गिरफ्तार

डुमरिया (गया)। पुलिस ने 10 साल से फरार चल रहे हार्डकोर नक्सली मुनारिक सिंह भोक्ता को गिरफ्तार किया है। भोक्ता ने छकरबंधा गांव के सादिर मियां को घर से अगवा कर गोली मार कर हत्या कर दी थी व शव को जंगल में फेंक दिया था। तब से मुनारिक सिंह भोक्ता फरार चल रहा था। 10 फरवरी को थानाध्यक्ष डुमरिया को सूचना मिली कि कई कांडों में वांछित फरार चल रहा नक्सली मुनारिक सिंह भोक्ता छकरबंधा थाना अंतर्गत छकरबंधा गांव के पास आया हुआ है। थानाध्यक्ष डुमरिया व थानाध्यक्ष छकरबंधा के साथ एसटीएफ चीता-सात ने उसके घर पर पहुंच कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### पशु तस्करी का खुलासा, तस्कर ने की फायरिंग

दलसिंहसराय (समस्तीपुर)। थाना क्षेत्र के एनएच 28 के पगड़ा पुल के पास सामाजिक संगठन से जुड़े कुछ युवकों ने पशु तस्करी का भंडाफोड़ किया है। युवकों ने एक ट्रक पर तस्करी के लिए जा रहे 31 पशुओं को मुक्त कराया। इस दौरान पशु तस्कर के गिरोह के द्वारा युवकों पर फायरिंग करने की बात बतायी गयी। महाकाल दल से जुड़े सोनू सिंह राजपूत और बीजेपी के रंजय राजू ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि दो ट्रकों पर 80 से अधिक पशुओं को तस्कर बंगाल ले जा रहे हैं।

### बालिका गृह में आवासित दो माह की बच्ची की मौत

मोतिहारी। बालिका गृह में आवासित दो माह की एक बच्ची की सदर अस्पताल के पीकू वार्ड में इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतका पश्चिम चंपारण जिले के मुफसिल थाने के रानीपकड़ी वार्ड 43 की रहने वाली थी। दो माह पूर्व इसका जन्म हुआ था। नगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मेडिकल बोर्ड से मजिस्ट्रेट की देखरेख में पोस्टमार्टम कराया। बच्ची की अचानक तबीयत खराब हो गयी। बालिका गृह के संचालक ने उसे सदर अस्पताल के पीकू वार्ड में भर्ती कराया, जहां सोमवार की देर शाम उसकी मौत हो गयी।

## दुर्घटना में महाकुंभ स्नान कर लौट रहे तीन श्रद्धालुओं की मौत



पटना। बिहार के कैमूर जिले के मोहनियां थाना क्षेत्र के जीटी रोड पर देवरिया गांव के सामने मंगलवार सुबह सड़क हादसे में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गयी और दो लोग घायल हो गए। यह श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से कुंभ स्नान कर बिहार लौट रहे थे। दुर्घटना में मरने वाले औरंगाबाद जिले के हैं।

बताया गया कि महाकुंभ स्नान करने के बाद तीर्थ यात्रियों का सीएनजी ऑटो औरंगाबाद जा रहा था। इस बीच मोहनियां थाना क्षेत्र केमुठानी गांव के पास तीर्थयात्रियों का ऑटो खड़े ट्रक में टकरा गया। जिससे ऑटो सवार एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। वही मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी आसपास के लोगों ने मोहनिया पुलिस और एनएचएआई को दिया गया। सभी घायलों को अनुमंडल अस्पताल मोहनिया में भर्ती कराया। घायल मां को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने जांच पड़ताल कर तीनों शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया है।

मोहनिया थाना प्रभारी प्रियेश कुमार प्रियदर्शी ने बताया कि एक ऑटो ने मोहनिया थाना क्षेत्र के मुठानी के पास खड़े ट्रक में टक्कर मार देने से ऑटो सवार एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में जीजा-साली व ऑटो चालक शामिल है। इसके अलावा दो अन्य लोग घायल हुए हैं। ये सभी लोग औरंगाबाद जिले के रहने वाले हैं।

### लूटकांड में शामिल तीन शातिर अपराधी गिरफ्तार

सहरसा। जिले के सौर बाजार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बैजनाथपुर थाना क्षेत्र के तीरी गांव स्थित पूजा पेट्रोल पंप के नोजलकर्मी से गत 5 फरवरी को हथियार के बल पर हुई लूटकांड की घटना का उद्भेदन पुलिस ने कर लिया है। घटना में शामिल सुपौल जिले के तीन शातिर अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया था, जिन्होंने नोजलकर्मी से हुई लूट कांड की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। साथ ही उनके अन्य फरार साथियों की भी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। मंगलवार को साइबर डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि सोमवार की देर शाम संध्या गस्ती के दौरान बैजनाथपुर थाना अध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि एक बाइक पर सवार कुछ अपराधी मधेपुरा जिले के घैलाढ़ की तरफ से उनके थाना क्षेत्र के ओर आ रहे हैं। जिसके बाद वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर मुशहरियां मोड के निकट वाहन जांच अभियान चलाया गया और तीनों पकड़े गये।

### पूर्णिया : मंडल छात्रावास में लगी आग, छात्रों का सामान जलकर राख



पूर्णिया। पूर्णियाँ लॉ कॉलेज के निकट स्थित मंडल छात्रावास में मंगलवार की सुबह भीषण आग लग गई, जिसमें सैकड़ों छात्रों का सामान प्रभावित हुआ है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस घटना में छात्रों की किताबें, मार्कशीट, सर्टिफिकेट, साइकिल, बेड, खाने-पीने की वस्तुएँ समेत अन्य सामान जलकर राख हो गए। घटना के दौरान छात्रावास में रखे कई गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गए, जिससे आग और भीषण हो गई। दमकल की कई गाड़ियाँ मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक पूरा लॉज जल चुका था।

घटनास्थल पर सदर विधायक विजय खेमका भी पहुंचे और प्रभावित छात्रों से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इस घटना से छात्रों को भारी नुकसान हुआ है, और प्रशासन की ओर से राहत कार्य शुरू किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

### नहर में गिरी स्कूली बच्चों से भरी गाड़ी, बाल-बाल बचे सभी

साठी (पचं)। स्थानीय बाजार स्थित गोल्डेन ईरा पब्लिक स्कूल की गाड़ी मंगलवार की दोपहर बच्चों को लेकर जा रही थी। इसी दौरान शेख टोला कटहरी मुख्य मार्ग के बगल में पुल के पास फिसलन के चलते नहर में जा गिरी। नहर में कम पानी होने के चलते किसी तरह की अनहोनी होने से बच गयी। जैसे ही स्कूली गाड़ी अनियंत्रित होकर नहर में गिरी तभी आसपास के लोग दौड़ पड़े और काफी मशक्कत के बाद बच्चों को सुरक्षित हालत में बाहर निकाल लिया गया। मौके पर पहुंचे जिला पार्षद कलीम गफ्फार और बीएड कॉलेज के सचिव हफिजुर रहमान ने ग्रामीणों के सहयोग से बच्चों को स्थानीय स्तर पर इलाज के लिए भेजा। जिला पार्षद ने बताया कि सभी बच्चे सुरक्षित हैं। उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है और सही सलामत घर पहुंचा दिया गया है। गाड़ी में लगभग एक दर्जन बच्चे सवार थे।

### अररिया में झपट्टा मारकर जीविका दीदी से 2.15 लाख की लूट



अररिया। फारबिसगंज थाना क्षेत्र के राम मनोहर लोहिया पथ के फुलवरिया हाट के समीप एक जीविका दीदी से बाइक सवार अपराधियों ने मंगलवार को दो लाख 15 हजार रुपये लूट लिये। बाइक बिना नंबर थी और लूटेरे हेलमेट पहने लगाये थे।

जीविका दीदियों के समूह की ओर से निकासी की गई 2 लाख 15 हजार 500 रुपयों से भरे पर्स को झपट्टा मारकर भाग निकला।

टेढ़ी मुसहरी की अनुपम जीविका दीदी की समूह की पांच महिलाओं द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा से 2 लाख 15 हजार रूपये की निकासी की गई थी। सूचना के बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और लूट की जानकारी लेने के बाद पीड़ितों को अपने साथ थाना लेकर गई। जहां एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा और थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने पीड़ित जीविका दीदी से घटना को लेकर जानकारी प्राप्त की। अनुपम जीविका दीदी समूह की प्रमुख टेढ़ी मुसहरी वार्ड संख्या दो निवासी आरती देवी ने बताया कि समूह की पांच महिलाओं के साथ बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा में पैसे के निकासी के लिए आई थी।2.15 लाख निकासी के बाद उनके पास पांच सौ रूपये थे,जिनको लेकर वह पर्स में रखकर घर की ओर जा रही थी कि समूह की एक महिला शोभा देवी मच्छरदानी की खरीददारी के लिए फुलवरिया हाट के पास एक दुकान में रुक गई। वेलोग मच्छरदानी की खरीददारी में लगे ही थे कि आरती देवी ने सड़क के किनारे खड़ी समूह की महिला कंचन देवी को अपना पैसों से भरा पर्स थमा दिया। इसी क्रम में एक बिना नंबर के मोटरसाइकिल पर सवार हेलमेट पहने बदमाश तेजी से हाथ से पैसों से भरे पर्स पर झपट्टा मारकर भाग निकला।

## मछुआरों के हित में संसद तक गूंजी बिहार की आवाज

### सांसद राजीव प्रताप रूडी ने लोकसभा में रखा बिहार के मछुआरों का पक्ष

प्रातः नागपुरी संवाददाता

- रूडी ने कहा : बिहार मछली उत्पादन में अग्रणी, परंतु सुविधाओं से वंचित
- 95 करोड़ भारतीय मछली उपभोक्ता, 1 करोड़ लोग उत्पादन से जुड़े, बिहार में 40 लाख मछुआरे
- 4500 रुपये की सहायता योजना बिहार में प्रक्रियागत अड़चनों के कारण तीन वर्षों से शून्य



छपरा (सारण)। बिहार की पावन धरती पर बहती गंगा के जल में मछुआरों के श्रम का पसीना घुल जाता है, लेकिन उनके परिश्रम का मूल्य उन्हें नहीं मिलता। आज लोकसभा में सारण से भाजपा सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने इस पीड़ा को संसद के पटल पर रखा और बिहार के लाखों मछुआरों की आवाज़ को बुलंद करने के साथ मत्स्यपालन से जुड़े देश के मछुआरों एवं उनके परिवारों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत बिहार के मछुआरों को वित्तीय सहायता, मत्स्य खुदरा बाजार में उचित मूल्य, तथा राज्य में मॉडल मत्स्यपालन ग्राम परियोजना से संबंधित विषयों पर सांसद ने सरकार से जवाब मांगा।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा तारांकित प्रश्न संख्या 101 बुलाए जाने पर सांसद श्री रूडी ने चुटकी लेते हुए कहा, 'बहुत दिनों बाद नंबर आया है!' फिर उन्होंने गंभीर मुद्दे पर आते हुए बताया कि भारत में मछली खाने वालों की संख्या 95 करोड़ है, जबकि मछली खिलाने वाले मछुआरों की संख्या मात्र 1 करोड़। इसमें से 40 लाख मछुआरे अकेले बिहार में हैं, जो तालाबों, पोखरों और नदियों के जल में परिश्रम की लहरें बहाते हैं।

उन्होंने लोकसभा में बताया कि वर्ष 2014 में इनलैंड फिशिंग उत्पादन 46 लाख टन था, जो 2025 में बढ़कर 131 लाख टन हो गया। यह केंद्र सरकार की योजनाओं का परिणाम है, परंतु बिहार के मछुआरों को वित्तीय सहायता योजना का लाभ क्यों नहीं मिला? सांसद ने यह भी उल्लेख किया कि 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में बिहार के मछुआरों को योजना के तहत एक भी रुपया नहीं मिला! उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि बिहार के मछुआरों को उनका हक़ मिलना चाहिए।

केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री ललन सिंह ने उत्तर देते हुए स्वीकार किया कि 2013-14 में देश में 95.7 लाख टन मछली उत्पादन था, जो अब बढ़कर 184.02 लाख टन हो गया है। इनलैंड फिशिंग में 126 प्रतिशत वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित समय के दौरान मछुआरों को 4500 रुपये की सहायता दी जाती है, जिसमें केंद्र, राज्य और लाभार्थी की हिस्सेदारी होती है। हालांकि, बिहार में यह योजना क्यों लागू नहीं हुई, इस पर स्पष्ट उत्तर नहीं मिला।

सांसद श्री रूडी ने इस पर चुटकी लेते हुए कहा, 'मेरा प्रश्न अनुत्तरित रह गया, परंतु मंत्री जी का जवाब सुलझा हुआ था। उन्होंने सुझाव दिया कि इस योजना को संशोधित कर मछुआरों के लिए लाभार्थी योगदान को हटाया जाए, ताकि योजना अधिक प्रभावी हो सके। सांसद ने बिहार के मत्स्य बाजार की खस्ताहाल स्थिति की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में 150 से अधिक अत्याधुनिक फिश मार्केट हैं, परंतु बिहार में शायद एक भी नहीं। बिहार में मधुबनी, दरभंगा, सहरसा, सुपौल और छपरा जैसे स्थानों पर संरचनात्मक सुधार की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री ने इसका उत्तर देते हुए बताया कि बिहार के लिए 91.906 करोड़ रुपया की स्वीकृति दी गई है, जिसमें 1,708 परिवहन सुविधाएँ जिसमें रेफ्रिजरेटेड वाहन, टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर आदि है। इसके साथ 52 कोल्ड स्टोरेज, 1 होलसेल फिश मार्केट, 90 फिश कियोस्क, ई-मार्केटिंग और ई-ट्रेनिंग सुविधाएँ शामिल हैं। सांसद ने इस पर संतोष व्यक्त किया। सांसद राजीव प्रताप रूडी ने बिहार के 40 लाख मछुआरों की समस्याओं को मजबूती से उठाया और बिहार के लिए बेहतर संरचना, वित्तीय सहायता और अत्याधुनिक मत्स्य बाजार की माँग की। मंत्री महोदय ने योजनाओं का ब्यौरा दिया, लेकिन बिहार में योजनाओं के ठप पड़ने पर स्पष्ट उत्तर नहीं दे सके। सांसद ने सरकार से अपील की कि बिहार के मछुआरों को उनका हक़ मिले और योजनाओं का लाभ सही समय पर उन तक पहुंचे। सदन के बाहर मीडियाकर्मियों से बातचीत में सांसद राजीव प्रताप रूडी ने भारत और बिहार में मत्स्यपालन की स्थिति पर महत्वपूर्ण आंकड़े साझा किए।

## पेज एक का शेष

### माघी पूर्णिमा स्नान...

यहां से स्नान करने के बाद नाव पर सवार होते समय एक श्रद्धालु का पैर फिसलने से नाव अनियंत्रित होकर पलट गई।

नाव पलटते ही अफरातफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों के शोर मचाने पर ड्यूटी पर तैनात एसडीआरएफ व बाढ़ राहत की टीम के जवानों ने स्थानीय गोताखोरों के साथ छलांग लगा दी। सात लोगों को बचा लिया गया। सुरेश चंद्र और ललिता डूब गए। नदी में डूबने से बचाए गए सभी सात श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार के बाद एम्बुलेंस से सेक्टर नंबर 24 स्थित उपकेंद्रीय चिकित्सालय भेजा गया। वहां से महावीर प्रसाद और बृजलाल की हालत चिंताजनक देख एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया गया। दोनों श्रद्धालुओं को आईसीयू में भर्ती किया गया है। इस बारे में जल पुलिस प्रभारी जनार्दन साहनी ने बताया कि संगम में डूबते समय सात श्रद्धालुओं को बचा लिया गया है। वहीं डूबे दोनों श्रद्धालुओं की तलाश जारी है।

### झारखंड में...

सरकारी रोजगार में मनमानी समानता के मौलिक अधिकार की जड़ तक जाती है।

राज्य आम जनता के साथ-साथ भारत के संविधान के प्रति भी जवाबदेह है, जो हर व्यक्ति के साथ समान व निष्पक्ष व्यवहार की गारंटी देता है। इसलिए सार्वजनिक रोजगार प्रक्रिया हमेशा निष्पक्ष, पारदर्शी व संविधान की सीमाओं मां होनी चाहिए। हर नागरिक का मौलिक अधिकार है कि निष्पक्ष व्यवहार हो, जो अनुच्छेद-14 के तहत समानता के अधिकार का अंग है। इसका उल्लंघन न्यायिक जांच के साथ आलोचना के लिए भी उत्तरदायी है। भर्ती विज्ञापन में आरक्षित व अनारक्षित सीटों की संख्या का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। अगर राज्य कोटा देना नहीं चाहता, तो उस निर्णय का विज्ञापन में पर्याप्त के साथ उल्लेख हो।

### आवेदन रिजेक्ट करने...

**ग्रामीण सड़कों को दे ध्यान** : एनएचएआई कार्य परियोजना को लेकर मंत्री ने दो टूक कहा कि जहां तहां आरओबी बनाने के चक्कर में ग्रामीण सड़कों को छोड़ दिया जाता है, जो गलत है। आरओबी ऊपर में बनने और नीचे जगह छूटने से आमजनों को परेशानियां होती है। उन्होंने लैंड एक्वीजेशन को लेकर समय पर मुआवजा दिलाने की बात कही। कहा कि एनएचएआई की जिम्मेवारी है कि पदाधिकारी लैंड एकयूजेशन संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

**ससमय सभी कार्यों का निष्पादन हो** : मौके पर भू राजस्व विभाग के निदेशक भोर सिंह यादव ने दाखिल खारिज करने के अनुचित कारणों और इसके अद्यतन स्थिति, वेब पीएन की सुविधा दिलाने, जिलों में भू-लगान के निर्धारण एवं ऑनलाइन भुगतान करने, भूमि सीमांकन के लंबित मामलों की स्थिति समेत अन्य विभागीय कार्यों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सभी कर्मी ससमय सभी कार्यों के निष्पादन के लिए समन्वय स्थापित कर काम करें।

**मंत्री सहित ये भी थे मौजूद** : बैठक मंत्री दीपक बिरुआ के अलावे सचिव चंद्रशेखर, विशेष सचिव शशि प्रकाश झा, भूमि निदेशक भोर सिंह यादव समेत जिलेभर से आए एलआरडीसी, एडिशनल कलेक्टर समेत अन्य अधिकारी पदाधिकारी मौजूद थे।

### जम्मू-कश्मीर ...

उनकी टोली के जवान भट्टल इलाके में गश्त कर रहे थे। उसी दौरान आतंकियों के आईईडी ब्लास्ट में कैप्टन सहित तीन सैन्यकर्मी घायल हो गये। सभी को अस्पताल ले जाया गया, जहां से उनके शहीद होने की खबर आयी।

**10 दिनों पहले गए थे ड्यूटी पर** : कैप्टन सरदार करमजीत सिंह बक्शी शादी की तैयारियों के सिलसिले में हाल ही में हजारीबाग में आये थे। 10 दिनों पहले ही वे यहां से गये थे। कमलजीत सिंह की शहादत की खबर से हजारीबाग में शोक की लहर दौड़ गयी है।

### एआई मानवता के...

उन्होंने कहा- मैं एक सरल उदाहरण देना चाहता हूं। यदि आप अपनी मेडिकल रिपोर्ट किसी एआई ऐप पर अपलोड करते हैं, तो यह सरल भाषा में, आपके स्वास्थ्य के लिए इसका क्या मतलब है, समझा जा सकता है।

उन्होंने कहा, 'यदि आप उसी ऐप से किसी व्यक्ति का बाएं हाथ से लिखते हुए चित्र बनाने को कहते हैं, तो ऐप सबसे अधिक संभावना किसी व्यक्ति को उसके दाएं हाथ से लिखते हुए दिखाएगा। पीएम ने कहा कि एआई पहले से ही हमारी अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और यहां तक कि हमारे समाज को नया आकार दे रहा है। एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है।'

**अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने चीन पर साधा निशाना** : अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने समिट में कहा कि कुछ विरोधियों ने लोगों की निगरानी और सेंसरशिप के लिए एआई को हथियार बनाया है। लेकिन अमेरिका यह मुमकिन नहीं होने देगा। वे ऐसा करने के सारे रास्ते बंद कर देंगे। जेडी वेंस ने कहा कि ट्रम्प सरकार ये तय करेगी कि अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर एआई सिस्टम तैयार करे।

**फ्रांस-भारत CEO फोरम में हुए शामिल हुए मोदी** : पीएम मोदी ने पेरिस में 14वें भारत-फ्रांस CEO फोरम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि यह फोरम भारत-फ्रांस के बेस्ट बिजनेस माइंड्स का ठिकाना है। इस फोरम के जरिए दोनों देशों के रणनीतिक साझेदारी को मजबूती मिलती है।

### अमन साव गिरोह...

वहां पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि वो 23 जनवरी 2025 को ही जेल से निकल चुका है। इधर सोशल मीडिया पर रूद्रा साहू के नाम से आशीष का पासपोर्ट वायरल हो रहा है। ऐसे में यह आशंका जतायी जा रही है कि आशीष फर्जी पासपोर्ट बनवाकर विदेश भाग गया।

**साल 2020 में गिरफ्तार हुआ था आशीष साहू** : अपराधी अमन साहू का राइट हैंड कहा जानेवाला आशीष साहू को स्पेशल टीम ने फरवरी 2020 को लातेहार से गिरफ्तार किया था। बीजीआर कंपनी के बड़ा सयाल क्षेत्र के मैनेजर मल्लिकार्जुन रेड्डी, झामुमो नेता गहन टुडू सहित अन्य लोगों की हत्या के मामले में पुलिस को इसकी तलाश थी। इसके खिलाफ चतरा, हजारीबाग, रामगढ़ और लोतहार में करीब डेढ़ दर्जन मामले दर्ज हैं। यह मूल रूप से चतरा के सिमरिया का रहनेवाला है। पुलिस के मुताबिक, अमन साहू से जुड़ने से पहले यह उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के लिए भी काम करता था। संगठन में रहते हुए भी इसने कई वारदातों को अंजाम दिया था।

### कांग्रेस के साथ...

मैं अकेले चुनाव लड़ूंगी। हम अकेले ही काफी हैं। बैठक में ममता बनर्जी ने यह भी जोर देकर कहा कि टीएमसी लगातार चौथी बार सरकार बनाएगी और दो-तिहाई बहुमत से जीत हासिल करेगी।

**विपक्षी वोटों के बंटवारे पर जताई चिंता** : बंद कमरे में हुई इस बैठक में ममता बनर्जी ने कहा कि समान विचारधारा वाले दलों को समझदारी से काम लेना चाहिए, ताकि बीजेपी विरोधी वोट बंटने न पाएं। उन्होंने कहा, अन्यथा राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन के लिए भाजपा को रोकना मुश्किल होगा।

**मतदाता सूची में गड़बड़ी की आशंका** : टीएमसी प्रमुख ने पार्टी विधायकों को सतर्क रहने के लिए भी कहा है, क्योंकि भाजपा चुनाव जीतने के लिए मतदाता सूची में विदेशी नाम जोड़ने की कोशिश कर सकती है। सूत्रों के अनुसार, ममता बनर्जी ने बैठक में यह भी बताया कि वह पार्टी के संगठन में बूथ स्तर से लेकर राज्य स्तर तक फेरबदल करेंगी। विभिन्न इकाइयों के नए पदाधिकारियों के चयन के लिए उन्होंने विधायकों से कहा कि वे हर पद के लिए तीन नामों की सिफारिश वरिष्ठ नेता अरूप बिस्वास को 25 फरवरी तक दें।

### 77 दिनों से जारी...

कुलपति सभागार कक्ष में मंगलवार को कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सभी पदाधिकारियों एवं शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल की बैठक में इस पर सहमति बन गयी। 1 जनवरी 2016 से पहले नियुक्त शिक्षकेतर कर्मचारियों को पहले की तरह एसीपी एवं एमएसीपी का लाभ मिलता रहेगा। समझौता तिथि से अगले 3 माह तक आंतरिक स्रोतों से एसीपी एवं एमएसीपी का भुगतान किया जाएगा।

### संजय आनंद लाठकर...

यह नियुक्ति संजय लाठकर की पदभार ग्रहण करने की तिथि से उनकी सेवानिवृत्ति तक, यानी 30 सितंबर 2028 तक या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, दो वर्ष की अवधि के लिए की जायेगी। इस दौरान उनका वेतन मैट्रिक्स स्तर 14 से स्तर 15 तक अस्थायी रूप से अपग्रेड किया जायेगा। आईपीएस संजय आनंद लाठकर वर्तमान में झारखंड पुलिस में एडीजी (अभियान) के पद पर कार्यरत हैं।

# हम धर्म और पैसा बांटने की नहीं काम की राजनीति करते हैं : मान

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा पंजाब के विधायकों की बुलाई गई मीटिंग के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मीडिया से बातचीत करते हुए आगे की रणनीति बताई। उन्होंने कहा कि हम अब दिल्ली में मिले अनुभव का इस्तेमाल पंजाब में करेंगे।

उन्होंने कहा, 'हार-जीत चलती रहती है, इसमें कोई बड़ी बात नहीं है। अब हम दिल्ली का अनुभव पंजाब में भी लागू करेंगे। हमने मोहल्ला क्लिनिक, जिसे पंजाब में 'आम आदमी क्लिनिक' कहा जाता है, को खोलने पर जोर दिया है। हम पहले ही 850 से ज्यादा क्लिनिक स्थापित कर चुके हैं। अस्पतालों का कायाकल्प हो चुका है, स्कूल ऑफ एमिनेंस बनकर तैयार हैं और सरकारी स्कूलों के बच्चे अब बड़े-बड़े प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो रहे हैं। हमें एक साथ काम करना है, क्योंकि हमारी पार्टी काम के नाम पर जानी जाती है। हम न तो किसी धर्म की राजनीति करते हैं, न ही गुंडागर्दी या पैसा बांटने की राजनीति। दिल्ली के लोगों का जो फैसला है, वह हमारे लिए सर्वोपरि है। मंगलवार को सारी दिल्ली की टीम यहां इकट्ठी हो गई है।' उन्होंने कहा, 'हमने एक प्रण लिया है कि हम पंजाब को अगले दो सालों में ऐसा बनाएंगे कि पूरे देश के लिए यह एक मॉडल राज्य बन जाए। चाहे शहरों की तरक्की हो, गांवों की, व्यापार में या दुकानदारों और किसानों के लिए, हम पंजाब को एक ऐसा मॉडल राज्य बनाएंगे जिसे सब देखें। हमें उम्मीद है कि हमारे वॉलंटियर और कार्यकर्ता बहुत समर्पित हैं, वे किसी लालच के लिए नहीं, बल्कि सेवा के लिए काम करते हैं। पंजाब हमेशा से ही हर लड़ाई में सबसे आगे रहा है, चाहे आजादी की लड़ाई हो या हरित क्रांति का समय। आम आदमी पार्टी के पहले चार सांसद भी पंजाब से आए थे। हम पहले भी काम करते रहे हैं, हम ग्राउंड से उठे हुए लोग हैं, हमारे पिता या दादा कोई बड़े मंत्री या उद्योगपति नहीं थे।'




उन्होंने कहा, 'हमें लोगों का दिल जीतना है और पंजाब में खेलों से लेकर व्यापार तक, हमने बहुत सारे व्यापारियों का विश्वास जीता है। बड़ी-बड़ी कंपनियां जैसे टाटा स्टील, ग्रासिम पेंट्स, सनातन टेक्सटाइल्स, यहां निवेश करना शुरू कर चुकी हैं। हमने तीन सालों में पचास हजार से ज्यादा नौकरियां भी विभिन्न विभागों में दी हैं, ताकि लोगों को रोजगार मिल सके।'

## केजरीवाल के शीशमहल को लेकर बीजेपी विधायक ने एलजी से की शिकायत

नई दिल्ली। दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक विजेंदर गुप्ता ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से शीशमहल में मिलाई गई संपत्तियों को अलग करने की मांग कर दी है। उन्होंने कहा कि कई ऐसी प्रापर्टी थीं जो अधिकारियों और बाकी लोगों के रहने के लिए थी। केजरीवाल ने 6 फ्लैग स्टाफ रोड को 10 से 50 हजार गज बनाने के लिए इसमें मर्ज (मिला) कर लिया था। बीजेपी विधायक गुप्ता ने कहा, मैंने मांग की है कि शीश महल में विलय की गई संपत्तियों को अलग करना चाहिए। पिछली आप सरकार में दिल्ली के अधिकारियों की 10 संपत्तियों का विलय किया गया। केजरीवाल ने इस 10,000 गज से 50,000 गज की संपत्ति में बदल दिया। बीजेपी विधायक ने मांग की है कि एलजी इन संपत्तियों को अलग करें। इसमें जो तमाम संपत्तियां हैं उन्हें रीस्टोर किया जाए। दिल्ली सरकार के पास जो सरकारी निवास की दिक्कत रहती है, जिसे आम आदमी पार्टी ने बढ़ा दिया था। उन्हें वापस पूल में लाया जाए। इसके पहले उन्होंने उपराज्यपाल सक्सेना से चार संपत्तियों का 'शीशमहल' के साथ विलय रद्द करने का अनुरोध किया था। भाजपा ने 'शीशमहल' का इस्तेमाल हालिया विधानसभा चुनाव के दौरान अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचार के मुद्दों पर घेरने के लिए एक राजनीतिक हथियार के रूप में किया। गुप्ता ने कहा कि बंगले का विस्तार चार सरकारी संपत्तियों को मिलाकर किया गया है और उन्होंने उन संपत्तियों के विलय को रद्द करने के लिए उपराज्यपाल सक्सेना को एक पत्र लिखा है।

## कांग्रेस नेता ग्यासुद्दीन शेख का विवादित बयान, भाजपा के मुस्लिम उम्मीदवारों को बताया धर्म विरोधी

पाटण। गुजरात में होनेवाले स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस समेत राजनीतिक दल जोर-शोर से प्रचार में व्यस्त हैं। ऐसे में कांग्रेस के नेता ग्यासुद्दीन शेख ने विवादित बयान दिया है। ग्यासुद्दीन शेख ने यह बयान पाटण जिले के राधनपुर में प्रचार के दौरान दिया। उन्होंने भाजपा के मुस्लिम उम्मीदवारों को धर्म विरोधी बताया। ग्यासुद्दीन शेख ने कहा कि भाजपा से फॉर्म उसी ने भरा है जिनका जमीर मर गया है। जिनका जमीर बिक गया है उसे ही भाजपा से फॉर्म भरना चाहिए। जिनका ईमान जिंदा है वह भाजपा का उम्मीदवार नहीं होगा। जिसे सांप्रदायिक एकता में विश्वास रखता है उसे भाजपा के टिकट पर चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। इसके साथ ही ग्यासुद्दीन शेख ने भाजपा पर हिन्दू-मुसलमानों को लड़ाने और नफरत फैलाने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि हर दिन भाजपा बड़े भाई हिंदू समाज के खिलाफ संघर्ष खड़ा करने की कोशिश कर रही है। भाजपा हिंदुओं और मुसलमानों के बीच झगड़े पैदा करने की भी कोशिश कर रही है। कांग्रेस नेता ग्यासुद्दीन शेख के इस बयान से विवाद पैदा हो गया है।

## राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में परिवादी से जिरह पूरी, 24 फरवरी को होगी अगली सुनवाई

सुलतानपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपी काग्रेसी नेता राहुल गांधी के केस में मंगलवार परिवादी से बचाव पक्ष की जिरह पूरी हो गई। परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट की अदालत में बचाव पक्ष ने परिवादी विजय मिश्र से जिरह पूरी कर ली है। कोर्ट ने शेष साक्ष्य की सुनवाई के लिए 24 फरवरी की तारीख नियत कर दी है। बेंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसको लेकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने चार अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसमें राहुल गांधी की जमानत व बयान दर्ज हो चुका है। मामले में अगली नियत तारीख पर परिवादी के अन्य गवाहों का साक्ष्य होगा।

## रणवीर के अश्लील जोक्स' पर गुस्साए कॉमेडियन सुनील पाल, इनके साथ आंतकवादियों जैसे व्यवहार होना चाहिए

मुंबई । समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में यूट्यूबर-पॉडकास्टर रणवीर अलाहाबादिया के अश्लील जोक्स' का मामला बढ़ता जा रहा है। इस मामले पर 'द केरल स्टोरी' के निर्देशक सुदीप्तो सेन ने अपनी राय रखी है। सेन ने घटना पर अपनी चिंता व्यक्त कर प्लेटफॉर्म का गलत इस्तेमाल बताने के साथ उनकी आलोचना की। सुदीप्तो ने कहा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ आती है। भारत में अभी भी बड़ी संख्या में इसतरह के लोग हैं, जो ज्यादा पढ़े-लिखे नहीं हैं। इसके बाद उन शिक्षित लोगों को इसतरह के मामलों में सचेत रहना चाहिए। सार्वजनिक रूप से इसतरह के विषयों पर चर्चा करना आधुनिकता के दायरे में नहीं आता है। वहीं कॉमेडियन सुनील पाल ने भी साथी कॉमेडियन समय और पॉडकास्टर रणवीर के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में 'अश्लील जोक्स' पर अपनी कड़ी नाराजगी जाहिर की है। सुनील ने कहा, उन्हें स्टैंड-अप कॉमेडियन न कहें। यह वास्तविक स्टैंड-अप कॉमेडी का अपमान होगा। वे अशिक्षित व्यक्ति हैं, जिनके साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार होना चाहिए। उन्होंने कहा, 卐आज की युवा पीढ़ी जिम्मेदार और सुसंस्कृत व्यक्ति बनने की कोशिश कर रही है। हालांकि, इन तथाकथित कॉमेडियन को सार्वजनिक मंचों पर आमंत्रित किया जाता है, जहां वे अश्लीलता और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं और विडंबना यह है कि इन कार्यक्रमों के आयोजक पढ़े-लिखे लोग हैं। सार्थक संदेश देने के बजाय, वे अश्लीलता को बढ़ावा दे रहे हैं।

## छह वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले दुष्कर्मी को आजीवन कारावास, डेढ़ लाख रुपया जुर्माना

**बाराबंकी**। चार वर्ष पूर्व दरन्दगी की सारी हदे पार कर छह वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने एवं आँख फोड़ कर हत्या करने वाले आरोपी अजय गौतम पुत्र पुनवासी को अपर सत्र न्यायधीश पॉक्सो कोर्ट नंबर 45 ने आजीवन कारावास एव डेढ़ लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। दुराचारी के विरुद्ध हुई न्यायिक कार्यवाही से लोगों में न्याय की उम्मीद जगी है। बताते चलें कि सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर मजरे लक्षबर बजहा मे 31 मई 2021 को अभियुक्त अजय कुमार गौतम पुत्र पुनवासी ने गांव की ही एक छह वर्षीय बच्ची को रात्रि में उठा कर दुष्कर्म कर आँख फोड़ कर हत्या कर दी थी तथा शव को तालाब मे फेंक दिया था। सिविल कोर्ट में दिहाड़ी पर काम करने वाला पीड़ित पिता जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बहादरपुर स्थित अपनी फुफेरी ससुराल में शादी के कार्ड बांटने गया था। 31 मई की रात्रि को पीड़ित की पत्नी अपनी छह वर्षीय पुत्री, 10 वर्षीय पुत्र व चार वर्षीय पुत्र के साथ घर के अंदर सो रही थी। मध्यरात्रि लघुशंका के लिए जगी पत्नी को बिस्तर पर बेटी को न पाकर जब खोजबीन शुरू की तो कोई पता नहीं चला रात्रि में ही पासपड़ोस के लोगों से बताने पर लोगों ने जब तलाश कि तो सुबह करीब 3 बजे गांव से लगभग 5 सौ मीटर की दूरी पर स्थित चांदा तालाब में बालिका का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। तालाब से शव निकालने के बाद देखा गया कि अबोध बालिका की बाई आंख फूटी हुई है जिससे आंख और नाक से काफी रक्तस्राव हुआ है तथा गले में कसाव के निशान बने थे।

## ईवीएम से डेटा डिलीट न करें, चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से उस याचिका पर 15 दिनों के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा है, जिसमें पोल पैनल को ईवीएम की जली हुई मेमोरी की जांच और सत्यापन को उनकी मानक संचालन प्रक्रियाओं में शामिल करने का निर्देश देने की मांग की गई है। कृपया डेटा मिटाएं नहीं और डेटा पुनः लोड करें। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि किसी को जांच करने दीजिए। आवेदन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा दायर किया गया था। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने बुधवार को मामले की सुनवाई की।

सुनवाई के दौरान, एडीआर की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि हम मांग कर रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार ईसीआई को जो प्रक्रिया अपनाने की जरूरत है वह उनके मानक ऑपरेटिंग प्रोटोकॉल के अनुरूप हो। हम जो चाहते हैं वह यह है कि किसी को ईवीएम के सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर की जांच करनी चाहिए ताकि यह देखा जा सके कि सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर में हेरफेर का कोई तत्व है या नहीं।

मुख्य न्यायाधीश खन्ना ने पूछा कि एक बार वोट गिने जाने के बाद क्या पेपर ट्रेल वहीं रहेगा या निकाल लिया जाएगा? भूषण ने जवाब दिया, उन्हें ईवीएम को भी बचाना चाहिए, पेपर ट्रेल को भी बचाना चाहिए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, अदालत ने अपने पहले के आदेश को स्पष्ट करते हुए कहा कि हम नहीं चाहते थे कि गिनती तक कोई गड़बड़ी हो (पहले के आदेश के माध्यम से) साथ ही, हम चाहते थे (देखें) कि क्या किसी को कोई संदेह है। हम नहीं चाहते थे कि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ की जाए, हम चाहते थे कि शायद इंजीनियरिंग यह बता सके कि क्या कोई छेड़छाड़ हुई है। इसके बाद अदालत ने चुनाव आयोग को अगले 15 दिनों में याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

# दिल्ली में लगातार हार की वजह से ब्लॉक से लेकर प्रदेश स्तर तक बदलाव करेगी कांग्रेस

**-युवा और समर्पित कार्यकर्ताओं को देगी तवज्जो, निष्क्रिय प्रकोष्ठों को करेगी सक्रिय**

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। दिल्ली विधानसभा चुनाव में लगातार तीन बार से एक भी सीट हासिल नहीं करने वाली कांग्रेस जल्द ही दिल्ली में संगठन का पुनर्गठन करने वाली है। ब्लाक और जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक बदलाव किया जाएगा। वहीं, इस बदलाव में युवाओं व पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं को खास तवज्जो दी जाएगी। इसके अलावा पार्टी के तमाम निष्क्रिय प्रकोष्ठों को सक्रिय किया जाएगा।



दरअसल हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों पर गंभीरता से मंथन करने के बाद प्रदेश नेतृत्व अब पार्टी हित में कई कठोर फैसले लेने के पक्ष में है। इस दिशा में अनुशासन का दायरा बढ़ाते हुए पार्टी नेताओं की उस बयानबाजी पर भी रोक लगाई जाएगी, जिससे पार्टी की छवि खराब होती है। हाल ही में नई दिल्ली से कांग्रेस प्रत्याशी संदीप दीक्षित और चांदनी चौक से प्रत्याशी मुदित अग्रवाल की बयानबाजी पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई। इसके अलावा अगले चुनाव के लिए पार्टी बूथ स्तर पर भी अभी से मेहनत शुरू करने की रणनीति बना रही है।

बता दें पार्टी इस बार विधानसभा चुनाव के परिणाम में कई सकारात्मक पहलू देख रही है। पार्टी नेतृत्व का कहना है कि इस बार कांग्रेस ने मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया था। कई सीटों पर पार्टी का मत प्रतिशत काफी अच्छा रहा है। पार्टी का मानना है कि लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यक और मुस्लिमों का वोट जहां कांग्रेस को मिला था, वहीं इस बार आप के पास केवल इसलिए चला गया क्योंकि कांग्रेस उसको सरकार बनाने का भरोसा नहीं दिला पाई।

पार्टी को उम्मीद है कि अगले चुनाव में आप के कमजोर हो जाने पर इस वर्ग का पूरा वोट कांग्रेस के पास आएगा। तब कांग्रेस के खाते में सीटें भी आ जाएंगी। पार्टी में काजी निजामुद्दीन और दानिश अबरार ही नहीं बल्कि ऐसे प्रभारी-सह प्रभारी चाहिए जो संगठन की मजबूती के लिए भी कुछ काम करें। कट वितरण में किसी भी सीट पर पूर्व विधायक या उसके परिवार का अधिकार नहीं माना जाना चाहिए। ऐसा होने पर कार्यकर्ता काम ही करना छोड़ देंगे। वा दल को आरएसएस की तरह पार्टी के लिए काम करने वाली एक मजबूत शाखा बनाया जाना चाहिए। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि पार्टी में कई स्तरों पर मेहनत और सुधार करने की जरूरत है। इस बार हमने कमजोर होती पार्टी की नींव को मजबूत किया है। अब इस पर मजबूत इमारत खड़ी की जाएगी। आलाकमान से राय मशविरा कर पार्टी अपनी तमाम खामियों को दूर करते हुए अगले चुनाव में बीजेपी से सीधा मुकाबला करेगी और कई सीटें भी जीतेगी।

# महाकुंभ जाने वाली ट्रेन में चढ़ने में असमर्थ यात्रियों ने एसी डिब्बे में की तोडफ़ोड़

**समस्तीपुर जिले में भी ट्रेन पर हुआ था पथराव**

**भीड़ के सामने असहाय नजर आती है रेल पुलिस**

**मधुबनी (एजेंसी)**। बिहार के मधुबनी रेलवे स्टेशन पर गुस्साए यात्रियों ने ट्रेन पर पथराव किया। जिससे ट्रेन में बैठे यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया और वहां दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में महाकुंभ मेले में जा रहे यात्रियों ने स्वतंत्रता सेनानी सुपर फास्ट एक्सप्रेस की खिड़कियां तोड़ दीं। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें दिख रहा है कि ट्रेन में नहीं चढ़ पाने से निराश यात्री हुड़दंग मचाते हुए ट्रेन पर पत्थर फेंक रहे हैं और एसी कोच की खिड़कियां तोड़ते नजर आ रहे हैं, जिससे अंदर बैठे यात्रियों में डर का माहौल पैदा हो गया। बिहार के जयनगर से प्रयागराज होते हुए नई दिल्ली जाने वाली स्वतंत्रता सेनानी सुपर फास्ट एक्सप्रेस जैसे ही मधुबनी रेलवे स्टेशन पर पहुंची, प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भारी भीड़ खड़ी नजर आई।



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रेन में पहले से ही इतनी भीड़ थी कि दरवाजे खोलना असंभव था। ट्रेन का इंतजार कर रहे और ट्रेन के अंदर बैठे कई यात्री महाकुंभ मेले के लिए प्रयागराज जा रहे थे। वीडियो में दो महिलाएं ट्रेन के एसी कोच में बैठी नजर आ रही हैं। इसी दौरान बाहर खड़े एक यात्री ने खिड़की का शीशा तोड़ दिया। इस दौरान खिड़की के पास बैठी दोनों महिलाएं डर के मारे चीख रही हैं। एक अन्य वीडियो में ट्रेन की टूटी हुई खिड़कियां दिखाई गई हैं। ट्रेन में सवार यात्री पूरी घटना को अपने मोबाइल फोन पर रिकॉर्ड कर रहे थे। यात्रियों ने यह भी आरोप लगाया है कि जब यह सब हुआ तब रेलवे स्टेशन पर कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी। घटना के बाद यह ट्रेन मधुबनी स्टेशन पर एक घंटे तक रुकी रही। बाद में इसे बिना किसी मरम्मत के आगे भेज दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाद में रेलवे पुलिस ने हंगामा कर रहे कई यात्रियों को हिरासत में लिया। लेकिन भीड़ इतनी थी कि भीड़ के सामने रेल पुलिस असहाय नजर आ रही थी।

**समस्तीपुर जिले में भी ट्रेन पर हुआ था पथराव**

इससे पहले बिहार के समस्तीपुर जिले में गुरुवार रात स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर पथराव किया गया। ट्रेन पर जब हमला हुआ, तब वह मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर मार्ग पर जयनगर से दिल्ली जा रही थी। इससे यात्रियों में दहशत फैल गई और ट्रेन को मामूली क्षति पहुंची। कुछ यात्री घायल हो गए, जिनका समस्तीपुर के एक अस्पताल में इलाज किया गया, जबकि पेंट्री कार और उसके बगल के कोचों की खिड़कियां टूट गईं। स्लीपर कोचों पर भी पत्थर फेंके गए। समस्तीपुर रेलवे पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और हमलावरों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। यह स्पष्ट नहीं है कि पत्थर क्यों फेंके गए।

## मणिपुर विधानसभा का सत्र रद्द किया गया क्योंकि भाजपा नया मुख्यमंत्री तय नहीं कर सकी: कांग्रेस

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि मणिपुर विधानसभा का प्रस्तावित सत्र रद्द कर दिया गया क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नया मुख्यमंत्री तय नहीं कर सकी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल भी किया कि राज्यपाल अजय कुमार भल्ला विधानसभा का सत्र नहीं बुलाकर अनुच्छेद 174(1) का उल्लंघन क्यों कर रहे हैं? मणिपुर में 10 फरवरी से शुरू होने वाले 12वीं विधानसभा के सातवें सत्र को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया। विधानसभा सचिव के. मेघजीत सिंह द्वारा रविवार को जारी एक नोटिस से यह जानकारी मिली। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मणिपुर विधानसभा के सत्र की संवैधानिक रूप से अनिवार्य बैठक का आज आखिरी दिन है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 (1) में प्रावधान है कि विधानसभा सत्र की अंतिम बैठक और अगले विधानसभा सत्र की पहली बैठक के बीच छह महीने से अधिक का अंतर नहीं हो सकता है।'' उन्होंने सवाल किया, ''मणिपुर के राज्यपाल अपने संवैधानिक रूप से अनिवार्य विधानसभा सत्र के लिए मणिपुर विधानसभा की बैठक को न बुलाकर अनुच्छेद 174(1) का उल्लंघन क्यों कर रहे हैं?'' रमेश ने दावा किया कि सत्र को अमान्य घोषित कर दिया गया क्योंकि भाजपा मुख्यमंत्री के उत्तराधिकारी की नियुक्ति नहीं कर सकी जिसके खिलाफ कांग्रेस कल अविश्वास प्रस्ताव लाने वाली थी, जिसके कारण रविवार रात मुख्यमंत्री को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा।



## अब संस्कृत, उर्दू समेत छह और भाषाओं में होगा लोकसभा की कार्यवाही का भाषा रूपांतरण

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि अब संस्कृत, उर्दू तथा मैथिली समेत छह और भाषाओं में सदन की कार्यवाही का भाषा रूपांतरण होगा। सदन की कार्यवाही का भाषा रूपांतरण पहले अंग्रेजी और हिंदी के अलावा 10 क्षेत्रीय भाषाओं में हो रहा था। बिरला ने कहा कि उनका प्रयास है कि मान्यताप्राप्त सभी 22 भाषाओं में सदन की कार्यवाही का रूपांतरण एक साथ हो। उन्होंने कहा कि मानव संसाधन की उपलब्धता होने के साथ ही यह सुनिश्चित कर दिया जाएगा।

# साइबर अपराध रोकने के लिए एआई का इस्तेमाल कर म्यूल अकाउंट्स की पहचान की योजना बना रही सरकार : अमित शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार साइबर अपराध को रोकने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर म्यूल अकाउंट्स की पहचान करने की योजना बना रही है।

गृहमंत्री शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली में 'साइबर सुरक्षा एवं साइबर अपराध' विषय पर गृह मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में अमित शाह ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग और रिज़र्व बैंक तथा अन्य सभी बैंकों के साथ समन्वय से म्यूल अकाउंट्स की पहचान की व्यवस्था बनाने के लिए प्रयास जारी है। म्यूल अकाउंट को ऑपरेट होने से पहले ही बंद करने की व्यवस्था भी की जाएगी। सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'रुकें, सोचें और फिर कार्रवाई करें' के मंत्र के बारे में जानकारी देकर उन्हें साइबर अपराधों के प्रति सतर्क किया जा सके।

गृहमंत्री ने कहा कि आई4सी पोर्टल पर कुल 1 लाख 43 हजार एफआईआर दर्ज की गई हैं और 19 करोड़ से अधिक लोगों ने इस पोर्टल का उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से 805 'ऐप्स' और 3266 वेबसाइट-लिंक को आई4सी की सिफारिश पर ब्लॉक किया गया है। इसके अलावा 399 बैंक और वित्तीय मध्यस्थ ऑनबोर्ड हो चुके हैं। साथ ही 6 लाख से अधिक संदिग्ध डेटा साझा किया गया, 19 लाख से अधिक म्यूल खाते पकड़े गए और 2038 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन रोके गए हैं।उल्लेखनीय है कि म्यूल अकाउंट- धोखाधड़ी के जरिए कमाए गए पैसे को ठिकाने लगाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला बैंक खाते को कहते हैं।

अमित शाह ने कहा कि आज भारत दुनिया में डिजिटल परिदृश्य के मामले में तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। भारत की कुल अर्थव्यवस्था में डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान 20 प्रतिशत है। गृह मंत्रालय का लक्ष्य साइबर अपराध के मामलों और उनकी एफआईआर को शून्य करना है। साइबर अपराध से निपटने के लिए हमने चार प्रकार की रणनीति अपनाई है, जिसमें अभिसरण, समन्वय, संचार और क्षमता शामिल है। इन सभी को स्पष्ट उद्देश्यों और रणनीतिक दृष्टिकोण के साथ लागू किया जा रहा है। गृह मंत्रालय के भीतर अंतर-मंत्रालयी और अंतर-विभागीय समन्वय को मजबूत किया गया है, जिससे निर्बाध संचार और सूचना का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित हुआ है।

शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय, सीईआरटी-आईएन, आई4सी और दूरसंचार और बैंकिंग जैसे विभागों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान की स्वस्थ परंपरा के कारण कई साइबर अपराध मामलों से सफलतापूर्वक निपटने में मदद मिली है। गृहमंत्री ने साइबर अपराध को रोकने के लिए जनता के बीच जागरुकता बढ़ाने के महत्व पर बल दिया और समिति के सभी सदस्यों से आई4सी हेल्पलाइन नंबर 1930 का प्रचार करने का अनुरोध किया। साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मद्देनजर, '1930' हेल्पलाइन कार्ड ब्लॉक करने जैसी विभिन्न सेवाओं की पेशकश करते हुए एक-बिंदु समाधान प्रदान करती है।



अमित शाह ने कहा कि 33 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में साइबर अपराध फोरेंसिक प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। साइट्रेन प्लेटफॉर्म, जो कि एक मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (एमओओसी) प्लेटफॉर्म है, पर 101,561 पुलिस अधिकारियों ने पंजीकरण कराया है और 78,000 से अधिक प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। बैठक में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय एवं बंदी संजय कुमार, समिति के सदस्य, केंद्रीय गृह सचिव और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

# चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में पतंजलि फूड ने कमाया बंपर मुनाफा

**नई दिल्ली ।**

बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड लिमिटेड ने चालू वित्ते तवर्ष की तीसरी तिमाही में बंपर मुनाफा कमाया है। कंपनी की विज्ञापनों और मार्केटिंग पर फोकस करने का तरीका काम आया और उसे दिसंबर तिमाही में 71 फीसदी का नेट प्रॉफिट मिला है। इस दौरान कंपनी का खर्च भी 13 फीसदी बढ़ा है। पतंजलि फूड लिमिटेड का कहना है कि उसकी सबसे ज्यादा कमाई का जरिया खाने वाला तेल है। दिसंबर तिमाही में हुई कुल कमाई में से 6,717 करोड़ रुपये सिर्फ इडिबल ऑयल सेंगे मेंट से आए हैं कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 216.54 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। चालू वित्त वर्ष अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी की कुल कमाई बढ़कर 9,103.13 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 7,910.70 करोड़ रुपये थी। दूसरी तरफ खाने-पीने की अन्य चीजों का कारोबार नीचे आ गया, जो पिछले साल की समान तिमाही के 2,499 करोड़ रुपये से 18.4 फीसदी गिरकर 2,038 करोड़ रुपये पर आ गया है। कंपनी ने अपनी मार्केटिंग रणनीति में भी बदलाव किया है और ग्राहकों के बीच भरोसा बढ़ाने और उत्पादों की पहुंच को सामान्य करने के लिए जमकर पैसे खर्च कर रही है।




कंपनी ने पिछली तिमाही में अपने कुल खर्चों का 2.5 फीसदी विज्ञापन और बिक्री प्रचार पर खर्च किए हैं। अभी शिल्पा शेट्टी, शाहिद कपूर, एमएस धोनी और भोजपुरी अभिनेता खेसारी लाल से अपने प्रोडक्ट के विज्ञापन करा रही है।

## ऑस्ट्रेलियाई इस्पात और एल्युमीनियम पर शुल्क छूट पर विचार कर रहे हैं: ट्रंप



**मेलबर्न ।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के साथ टेलीफोन पर बातचीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई इस्पात तथा एल्युमीनियम आयात पर शुल्क छूट पर विचार करने के लिए सहमत हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने सोमवार को इस्पात तथा एल्युमीनियम आयात पर शुल्क की घोषणा से पहले ट्रंप से फोन पर बातचीत की और छूट की मांग की थी। ट्रंप ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के साथ अमेरिका का व्यापार अधिशेष उन कारणों में से एक है जिसकी वजह से वह शुल्क से छूट पर विचार कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ने ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार के बारे में ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि हमारे पास वास्तव में अधिशेष है। यह उन कुछ देशों में से एक है, जिनके साथ हमारे पास अधिशेष है। मैंने कहा कि यह ऐसी चीज है जिस पर हम गहनता से विचार करेंगे। ट्रंप ने इस्पात पर 2018 के शुल्क से अपवादों और छूटों को हटाने के बाद यह बात कही, जिसका मतलब है कि सभी इस्पात आयातों पर न्यूनतम 25 प्रतिशत कर लगाया जाएगा। 2018 के 10 प्रतिशत एल्युमीनियम शुल्क को भी बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे पहले अल्बनीज ने कैनबरा में संवाददाताओं से कहा था कि उन्होंने छूट के लिए ऑस्ट्रेलिया का पक्ष रखा और दोनों नेताओं ने सार्वजनिक रूप से फैसले की घोषणा करने पर सहमति व्यक्त की, जो यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति इस बात पर सहमत हुए कि हमारे दोनों देशों के हित में छूट पर विचार किया जा रहा है।

## मस्क ने दिया 97.4 अरब डॉलर में ओपन एआई खरीदने का ऑफर

### - मस्क ने 2015 में ओपनएआई की स्थापना में अहम भूमिका निभाई थी

**नई दिल्ली ।**

दुनिया के सबसे अमीर व्ये क्ति और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की लीडरशिप में निवेशकों के एक ग्रुप ने एआई मॉडल चैटजीपीटी की पैरेंट कंपनी ओपनएआई को खरीदने के लिए लगभग 97.4 अरब डॉलर की पेशकश की है। यह कदम उस कानूनी विवाद को और बढ़ा सकता है, जो मस्क और ओपनएआई के बीच चल रहा है। मस्क ने 2015 में ओपनएआई की स्थापना में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन अब वह इसे वापस उसके मूल उद्देश्य- एक गैर-लाभकारी शोध संस्थान के रूप में- लाने की कोशिश कर रहे हैं। मस्क की एआई कंपनी और अन्य निवेश फर्मों का यह समूह ओपनएआई का नियंत्रण हासिल करना चाहता है। मस्क के वकील मार्क टोबेरॉफ के मुताबिक उनका लक्ष्य ओपनएआई को उसके शुरुआती मिशन पर लौटाना है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में लाभ कमाने की बजाय शोध और विकास पर केंद्रित था। इस प्रस्ताव के बाद ओपनएआई और मस्क के बीच कानूनी खींचतान और तेज होने की संभावना है। मस्क और उनकी कंपनी



एक्सएआई के साथ इस बोली का समर्थन करने वालों में बैरन कैपिटल ग्रुप, वेलोर मैनेजमेंट, एट्रेड्स मैनेजमेंट, वीवाई फंड, इमैनुएल कैपिटल मैनेजमेंट और ऐट पार्टनर्स वीसी शामिल हैं। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने एलन मस्क के सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर इस डील को तुरंत खारिज कर दिया। मस्क को करारा जवाब देते हुए उन्होंने कहा, नहीं धन्यवाद, लेकिन अगर आप चाहें तो हम ट्विटर को 9.74 अरब डॉलर में खरीद सकते हैं। बता दें कि मस्क ने 2022 में ट्विटर को 44 अरब डॉलर में खरीदा था, जिसे अब एक्स के नाम से जाना जाता है। मस्क और ऑल्टमैन ने 2015 में मिलकर ओपनएआई की शुरुआत की थी। बाद में दोनों इसके नेतृत्व को लेकर एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने लगे। 2018 में मस्क ने ओपनएआई के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद से ही दोनों के बीच इसकी दिशा को लेकर विवाद चल रहा है।

## देश के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल हुआ सस्ता

### ब्रेंट क्रूड का भाव चढ़कर 74.31 डॉलर प्रति बैरल हुआ



**नई दिल्ली ।**

सरकारी तेल कंपनियों की ओर से मंगलवार सुबह जारी पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में गिरावट दिख रही है। मंगलवार को देश के कई शहरों में तेल के दाम नीचे आए हैं, जबकि कुछ जगहों पर इसकी कीमतों में तेजी दिख रही। वैश्विक बाजार में कच्चे चे तेल के भाव गिरने का असर खुदरा मार्केट में भी दिख रहा है और यूपी सहित कई जगहों पर पेट्रोल-डीजल के दाम गिर गए। हालांकि दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के गाजियाबाद जिले में पेट्रोल 39 पैसे सस्ता होकर 94.50 रुपये लीटर बिक रहा है, डीजल भी 45 पैसे गिरा और 87.58 रुपये लीटर पहुंच गया है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 35 पैसे चढ़कर 105.58 रुपये और डीजल 33 पैसे बढ़त के साथ 92.42 रुपये लीटर हो गया है। हरियाणा की राजधानी गुरुग्राम में पेट्रोल 24 पैसे गिरकर 94.87 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 24 पैसे टूटकर होकर 87.73 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल में भी थोड़ी गिरावट दिख रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव चढ़कर 74.31 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई का भाव भी तेजी के साथ 70.60 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.76 रुपये और डीजल 92.35 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है। गाजियाबाद में पेट्रोल 94.50 रुपये और डीजल 87.58 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 105.58 रुपये और डीजल 92.42 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गुरुग्राम में पेट्रोल 94.87 रुपये और डीजल 87.73 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# रिलायंस पावर ने भारी नुकसान के बाद 41.95 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया

### -निवेशकों की निगाहें अब कंपनी के विकास और शेयर प्रदर्शन पर टिकीं

**नई दिल्ली।** भारत के ऊर्जा क्षेत्र की रिलायंस पावर भारी नुकसान झेलने के बाद अब कंपनी मुनाफे की और लौट आई है। अक्टूबर से दिसंबर 2024 तिमाही में कंपनी ने 41.95 करोड़ का शुद्ध लाभ हासिल किया है, जो पिछले साल की समान अवधि में 1,136.75 करोड़ के नुकसान की तुलना में जबरदस्त सुधार है। कंपनी के आय बढ़ाने और खर्चों को नियंत्रित करने की रणनीति ने इसे घाटे से उबरने में मदद की है। अब निवेशकों की निगाहें कंपनी के आगे के विकास और शेयर प्रदर्शन पर रहेंगी। सितंबर 2024 तिमाही में 2,878.15 करोड़ का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ था, जो एक सहायक कंपनी के विघटन से हुए एकमुश्त लाभ की वजह से संभव हुआ है। हालांकि, संचालन से होने वाली आय 4.6 फीसदी घटी और 1,852 करोड़ रही थी। तिमाही नतीजों के बाद रिलायंस पावर के शेयरों में उछाल आया, लेकिन बाजार के दबाव के कारण फिर गिरकर 39.65 पर ट्रेड कर रहा है। 2020 में 1 रुपए के लो से बढ़कर 39.65 तक पहुंचना भी इस कंपनी के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। रिलायंस पावर ने जीरो बैंक लोन कंपनी का दर्जा हासिल कर लिया है। डेट-टू-इक्विटी रेश्यो 1.61¬1 से घटकर 0.86¬1 हो गया, जो इस सेक्टर में सबसे कम है। कंपनी ने हाल ही में सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया से 930 मेगावाट के सोलर+बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम प्रोजेक्ट का ठेका हासिल किया है। यह एशिया का सबसे बड़ा सोलर और बैटरी स्टोरेज प्रोजेक्ट होगा। यह प्रोजेक्ट 3.53 प्रति किलोवाट घंटे की दर से जीता गया है।

## रुपया भारी गिरावट के साथ बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को 28 पैसे की भारी गिरावट के साथ ही 86.73 पर बंद हुआ। आज सुबह कारोबार में रुपया 61 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.84 पर पहुंच गया। व्यापार युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के कारण व्यापक आर्थिक अनिश्चितता उत्पन्न हो गई है, जिससे वैश्विक मुद्रा बाजारों पर काफी प्रभाव पड़ा है। रुपया इस उठापटक के बीच सोमवार को 88 के स्तर के करीब पहुंच गया था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 87.45 पर खुला और फिर सुबह के कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.84 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 61 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया सोमवार को 87.45 पर बंद हुआ था। इस बीच अमेरिकी प्रशासन के एल्युमीनियम तथा इस्पात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद बढ़ते व्यापार तनाव के बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 108.40 पर पहुंच गया।



## अडानी ग्रुप ने की मेयो से साझेदारी, भारत में करेंगे हेल्थ सिटी का निर्माण

**अहमदाबाद।** अडानी समूह ने अमेरिका की प्रतिष्ठित मेयो क्लिनिक के साथ साझेदारी कर अडानी हेल्थ सिटी (एएचसी) की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य विश्वस्तरीय चिकित्सा अनुसंधान, किफायती स्वास्थ्य सेवाएं और मेडिकल शिक्षा को बढ़ावा देना है। अडानी परिवार ने पहले दो हेल्थ सिटी परिसरों के निर्माण के लिए 6 हजार करोड़ रुपए दान किए हैं। मुंबई और अहमदाबाद में एक हजार बिस्तरों वाले मल्टी-सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज बनाए जाएंगे। यह दान हाल ही में जीत अडानी की शादी के अवसर पर घोषित 10 हजार करोड़ रुपए के सामाजिक योगदान का हिस्सा है। गौतम अडानी ने कहा कि यह पहल पूरे भारत में अत्याधुनिक चिकित्सा इनोवेशन लाने की दिशा में एक अहम कदम है। दुनिया के सबसे बड़े गैर-लाभकारी चिकित्सा समूह मेयो क्लिनिक की तकनीकी विशेषज्ञता का इस्तेमाल एएचसी परिसरों में किया जाएगा। इन परिसरों में मेडिकल कॉलेज, अनुसंधान केंद्र और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं होंगी। हर साल यहां 150 स्नातक, 80 से ज्यादा निवासी और 40 से ज्यादा फेलो को प्रवेश मिलेगा। अडानी हेल्थ सिटी का उद्देश्य सभी वर्गों के लोगों को किफायती और विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। यह पहल भारत को स्वास्थ्य और चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में वैश्विक लीडर बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

## ओएनजीसी ने मुंबई हाई फील्ड का उत्पादन 60% बढ़ाने के लिए बीपी से किया समझौता

**नई दिल्ली ।**




तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) ने अगले दशक में अपने प्रमुख मुंबई हाई तेल एवं गैस क्षेत्र से उत्पादन 60 फीसदी तक बढ़ाने के लिए वैश्विक तेल कंपनी बीपी के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों कंपनियों ने बयान में कहा` कि बीपी भारत के सबसे बड़े और सर्वाधिक उत्पादक अपतटीय तेल क्षेत्र मुंबई हाई फील्ड के लिए तकनीकी सेवा प्रदाता (टीएसपी) होगी। इसमें कहा गया` कि ओएनजीसी क्षेत्र का स्वामित्व और परिचालन नियंत्रण बरकरार रखेगा। अनुबंध की शर्तों के तहत बीपी को अपने तैनात कर्मियों के लिए दो वर्ष की अवधि के लिए एक निश्चित शुल्क मिलेगा। इसके बाद वृद्धिशील तेल व गैस उत्पादन से जुड़ा एक सेवा शुल्क मिलेगा।' पी क्षेत्र के वर्तमान उत्पादन में गिरावट को स्थिर करने तथा इसे मजबूत विकास पथ पर पुनः लाने के लिए ओएनजीसी के साथ मिलकर काम करेगी। ओएनजीसी ने पिछले महीने कहा था कि बीपी सौदे से तेल व गैस उत्पादन में वृद्धि से 10.3 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व लाभ होगा। ओएनजीसी के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने कहा कि टीएसपी के साथ जुड़कर ओएनजीसी का लक्ष्य अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों तथा वैश्विक स्तर पर सर्वोत्तम प्रथाओं का लाभ उठाकर मुंबई हाई फिल्ड की बढ़ी हुई क्षमता का दोहन करना है। साथ ही भारत के ऊर्जा परिदृश्य में इसके भविष्य के योगदान को सुनिश्चित करना है। बीपी इंडिया के चेयरमैन ने कहा कि ओएनजीसी द्वारा साझेदार के रूप में चुने जाना हमारे लिए गर्व की बात है।

# ट्रेड वॉर की आशंका से शेयर बाजार में भारी गिरावट, सेंसेक्स 1018 अंक गिरा

### निफ्टी भी 309 अंक नीचे आया, निवेशकों के 10 लाख करोड़ रुपये डूबे

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई हैं। इसके अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की ट्रेड वॉर की चेतावनी से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। इससे निवेशकों ने अपना पैसा बाजार से निकाल लिया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में सेंसेक्स 1018.20 अंक करीब 1.32 फीसदी ऊपर आकर 76,293.60 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 309.80 अंक तकरीबन 1.32 फीसदी की बड़ी गिरावट लेकर 23,071 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान भारती एयरटेल के अलावा सेंसेक्स की सभी कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। जोमैटो के शेयर में सबसे ज्यादा 5.24 फीसदी की गिरावट आई। इसके अलावा टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, एलएंडटी, बजाज फिनसर्व, कोटक बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, अल्ट्रा सीमेंट, सनफार्मा, टीसीएस, महिंद्रा, रिलायंस के शेयर भी गिरे। जानकारों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी से भी बाजार टूटा है। विदेशी निवेशकों ने सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में 2463.72 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची।

इसके अलावा ट्रम्प ने अमेरिका में स्टील और एल्युमीनियम आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषया की। उन्होंने और अधिक टैरिफ लगाने की भी चेतावनी दी है। इससे दुनिया भर के बाजारों में भय का महौल बना और बाजार गिरने लगा।

मुनाफावसूली के साथ ही कमजोर मार्जिन की रिपोर्ट से भी आयशर मोटर्स के शेयरों में कारोबार के दौरान 6.8 फीसदी की गिरावट आई। इसके अलावा अपोलो हॉस्पिटल के शेयर भी 5 फीसदी नीचे आये। बाजार में आई इस गिरावट से निवेशकों को 10 लाख करोड़ रुपये



का घाटा हुआ है। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,17,71,803 करोड़ रुपये से घटकर 4,08,53,774 करोड़ रुपये रह गया।

**वहीं गत दिवस भी बाजार में गिरावट रही थी।**

इससे पहले आज सुबह बाजार बार गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स मामूली बढ़त लेकर 77,384 पर खुला। हालांकि, कमजोर सेंटीमेंट्स की वजह से कुछ ही देर में यह लाल निशान में फिसल गया। शुरुआत में सेंसेक्स 195 अंक गिरकर 77,115 पर कारोबार कर रहा था। इस तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 भी मामूली बढ़त के साथ 23,383 पर खुला लेकिन कुछ ही देर में लाल निशान में फिसल गया।


## भारतीय आईटी उद्योग में बढ़ सकता है जेनरेटिव एआई का 45 फीसदी तक उपयोग: सर्वे

**नई दिल्ली ।** भारतीय आईटी उद्योग को नए उच्चाधिकारी मिले हैं क्योंकि जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग अगले पांच सालों में इसकी उत्पादकता को 43-45 फीसदी तक बढ़ा सकता है। एक कंसल्टिंग फर्म द्वारा किया गया सर्वे बताता है कि ऐसी शीर्ष आईटी कंपनियां जैसे कि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इन्फोसिस, एआई के इस्तेमाल को एक नया क्रम में ले रही हैं। इस सर्वे में अनुदानकर्ताओं ने बताया कि सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट क्षेत्र में उत्पादकता में लगभग 60 फीसदी की वृद्धि होगी। इसके अलावा, बीपीओ सेवाओं में 52 फीसदी और आईटी परामर्श में 47 फीसदी का सुधार देखा जा सकता है। इन सेवाओं के योगदान से तकनीकी सेवाओं की समग्र उत्पादकता में 50-60 फीसदी की वृद्धि होगी। इस मामले में ईवाई इंडिया के एक प्रौद्योगिकी परामर्श भागीदार ने बताया कि एआई का उपयोग करने वाली कंपनियां उत्पादन में शानदार सफलता पा रही हैं। यह वृद्धि एआई की क्षमता को और भी मजबूती देती है और उद्योग को बड़ी मात्रा में लाभ पहुंचाती है।

# नये एंट्री-लेवल ईवी को फॉक्सवैगन ने किया टीज

**नई दिल्ली ।**

अपने नए एंट्री-लेवल ईवी को फॉक्सवैगन ने आधिकारिक तौर पर टीज किया है। उम्मीद जताई जा रही है कि यह ईवी जल्द ही लॉन्च होने वाली है। कंपनी सूत्रों के अनुसार, यह इलेक्ट्रिक कार फॉक्सवैगन की बंद हो चुकी अप हैचबैक का ऑल-इलेक्ट्रिक रिप्लेसमेंट होगी। इस नए मॉडल को फॉक्सवैगन आईडी.2 आल हैचबैक के नीचे पोजिशन किया जाएगा और इसकी संभावना है कि इसे आईडी. वन या आईडी. वन के नाम से बाजार में पेश किया जाएगा। टीज़र में, कार के आयताकार हेडलैम्प्स को 3डी एलईडी ग्राफिक्स के साथ दिखाया गया है, जो वीडब्ल्यू लोगो के साथ एक ब्लैक ग्रिल में इंटिग्रेटेड हैं। इसके अलावा, फ्रंट बम्पर पर वर्टिकल डीआरएल और हल्के ढंग से गढ़े गए फेंडर नजर आ रहे हैं, जो इसके डिज़ाइन को और भी आकर्षक बनाते हैं। इस इलेक्ट्रिक हैचबैक में 5 डोर और थोड़ा ऊंचा रग्ड लुक



होगा, जो इसे एक मजबूत और मैस्क्युलिन फील देता है। यह नया ईवी एमईबी प्लेटफॉर्म पर आधारित होगा, जिसे आईडी.2 आल हैचबैक के साथ साझा किया जाएगा, हालांकि इसका वर्जन थोड़ा छोटा होगा।

इस ईवी में सिंगल मोटर सेटअप और एक कॉम्पैक्ट बैटरी पैक हो सकता है, जो लागत को कम रखने में मदद करेगा। 2027 तक, फॉक्सवैगन अपने 9 नए इलेक्ट्रिक मॉडल्स को लॉन्च करेगा, जिनमें से यह एक होगा। यह नया एंट्री-लेवल मॉडल यूरोपीय बाजार में स्कोडा और सीट ईवी के साथ भी साझा किया जाएगा, जिसमें समान प्लेटफॉर्म और पावरट्रेन का उपयोग किया जाएगा।

## भारत तैयार है न्यूनतम दरों पर ऊर्जा आयात के लिए: केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली । केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने घरेलू तेल विपणन कंपनियों के गैस तलाश पर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि भारत सभी स्रोतों से न्यूनतम दरों पर ऊर्जा आयात के लिए तैयार है। पुरी ने जताया कि भारतीय ऊर्जा सप्ताह की शुरुआत अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद रूस से ऊर्जा आपूर्ति पर असर की चिंताओं को दूर किया। उन्होंने बताया कि भारत अब 39 आपूर्तिकर्ताओं से पेट्रोलियम पदार्थों की खरीदारी कर रहा है, जिसमें अर्जेंटीना भी शामिल है। केंद्रीय मंत्री ने उज्जवला योजना के तहत प्राकृतिक गैस की उपलब्धता में कमी की बात की और प्रस्तावित है कि प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के माध्यम से वितरित होने के साथ 30 प्रतिशत सस्ती है। इससे पहले भारतीय ऊर्जा सबंधी विभाग ने एलएनजी और कच्चा तेल खरीदने की निविदाएं जारी की हैं, जिससे छूट मिल सके। पुरी ने कहा कि भारत आयात के समय सस्ते स्रोत से खरीद कर अपनी आवश्यकताओं को पूरा करेगा। उन्होंने भविष्य में भारत की ऊर्जा सुरक्षा के प्रति निरंतर संकल्प प्रकट किया और गैस तलाश के साथ-साथ प्राकृतिक गैस का उपयोग बढ़ाने का संकल्प जताया।

## सिग्नेचर ग्लोबल की बिक्री बुकिंग रिकॉर्ड स्तर पर




**नई दिल्ली ।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल की बिक्री बुकिंग मजबूत आवास मांग के दम पर चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीनों में 2.8 गुना होकर रिकॉर्ड 8,670 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में 8,670 करोड़ रुपये की प्री-सेल या बिक्री बुकिंग हासिल की, जो` पिछले अवित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में 3,120 करोड़ रुपये थी। यानी 178 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। सिग्नेचर ग्लोबल ने समूचे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 10,000 करोड़ रुपये की बिक्री का अनुमान लगाया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 7,270 करोड़ रुपये रही थी। सिग्नेचर ने समीक्षाधीन अवधि में 16,000 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 13,500 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू कीं। कंपनी के एक अे धिकारी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीनों में मजबूत राजस्व वृद्धि और लाभप्रदता के दम पर बेहतरीन प्रदर्शन इसकी रणनीतिक पहलों और निष्पादन क्षमताओं की सफलता को दर्शाता है।





दुई दिनक राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला कर सुभारंभ

# कलचर आदिवासीमन कर पहचान, इके बढ़ाऊ आगे : मंत्री

सोनू सपरवार





**पलामू।** वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास आउर संसदीय कार्य विभाग कर मंत्री राधा कृष्ण किशोर कहलयं कि समाज कर हर बर्ग आगे बढ़ी। आर्थिक रूप से कमजोर आदिवासी, अल्पसंख्यक समाज कर भी उत्थान होवे। इकर ले सरकार काम करत हे। सिछित होवेक से आदिवासीमन कर छउवामन बिधानसभा आउर लोकसभा कर सदस्य बनबयं। इकर से गर्व कर अनुभूति होवी। ऊ हर बर्ग-समुदाय कर सिछा उपरे जोर देलयं। ऊ कहलयं कि एकजुट रहबा, तो आगे बढ़बा। मंत्री पलामू कर दुबियाखांड़ में आयोजित दुई दिनक राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला कर उद्घाटन समारोह के संबोधित करत रहयं। राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला पलामू जिला परसासन आउर मेला आयोजन समिति कर समन्वय से हर बछर 11 आउर 12 फरवरी के आयोजित होवेला। मेला में लगाल गेल बिभिन्न बिभागमन कर स्टॉल कर माध्यम से परिसंपत्ति कर बितरन करल गेलक।

**मेला पलामू परमंडल अस्तर कर होवी :** मंत्री कहलयं कि अगला बछर से ई मेला पलामू परमंडल अस्तर कर होवी। इकर में तीनों जिला पलामू, लातेहार आउर गढ़वा जिला कर आदिवासी समाज भाग लेंबयं। इकर ले सरकार कर अस्तर में तैयारी करल जात हे। ऊ कहलयं कि आदिवासीमन कर आपन संस्कृति आहे। इके बचाय के राखेक कर आवसकता आहे। आदिवासीमन कर आत्मा नदी कर किनारे बसेला। मांदर कर थाप में बसेला। प्रकृति में बसेला। आदिवासी समाज प्रकृति कर धरोहर आहे। ई समाज आगे बढ़ी, तो गोटा समाज समृद्धसाली बनी। आदिवासी समाज प्रकृति/वशुंधरा कर खजाना आहे। ऊ कहलयं कि आर्थिक रूप से संपन्न बेक्ति भी आदिवासी संस्कृति, रहन-सहन से जुड़ल रइह हयं। ऊ कहलयं कि महानगर कर इस्थिति से अवगत कराते कहलयं कि महानगर में रहेक वाला अदमीमन कर स्वास्थ्य प्रतिकूल होवत हे आउर हमिन आइज भी बहुत सुरछित बाताबरन में रहीला। अइसन में पुराना परंपरा, जंगल में रहेक कर प्रवृत्ति के छोड़ेक कर आवसकता नखे।

**सिछा से समाज में आवेला जागरुकता :** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति आउर पिछड़ा बर्ग कल्यान बिभाग कर मंत्री चमरा लिंडा कहलयं कि समाज कर बेहतरी आउर उत्थान ले सिछा जरुरी आहे। बिकास ले समाज के एकजुट रहेक भी महत्वपूर्न आहे। सिछा से समाज में जागरूकता आवेला आउर बिकसित समाज कर सपना साकार होवेला। सरकार आदिवासीमन संगे समाज कर हर बर्ग कर उत्थान कर दिसा में काम करत हे। राजा मेदिनीराय बिकसित समाज निरमान कर काम करलयं। एकजुटता उपरे जोर देलयं। आदिवासी समाज भी एकजुटता में कमी नी आवे देवयं। एकता आउर दृढ़ता कर संगे रहेक से अधिकार खुद मिइल जाई। समाज के आगे बढ़ायेक कर सोच राखेक होवी।

### मेला के भब्यता प्रदान करु : रामचंद्र सिंह

मनिका बिधायक रामचंद्र सिंह मेला के आउर भब्यता प्रदान करेक कर बात कहलयं। ऊ कहलयं कि मेला राइज अस्तर में होवे। इकर माध्यम से आउर बेसी अदमीमन के लाभान्वित करल जाए। पूर्ब मंत्री केएन त्रिपाठी कहलयं कि दुई दसक से लगातार मेला कर आयोजन होवथे, जे चेरो राजवंश कर याइद दिलायला। राजा मेदिनीराय कर याइद में आयोजित ई मेला में सरकार कर बिभाग कर स्टॉल लगाय जायेला। जोजनामन अदमीमन के लाभान्वित करल जायेला।

**सजगता से काम करेला सरकार :** जिला परिषद उपाध्यछ आलोक कुमार सिंह कहलयं कि हर बछर आयोजित ई मेला ले सरकार सजगता से काम करते आए हे। पलामू जिला परसासन सक्रियता से ई मेला के सफल बनायेक में जी-जान से मेहनत करेला। आयोजन समिति भी आपन मेला के सफल संचालन में गोटा उत्साह कर संगे काम करेला।

**समन्वय से लागेला मेला :** इकर से पहिले मेला आयोजन समिति कर अध्यछ अर्जुन सिंह सउब आगंतुकमन कर सोवागत करलयं। ऊ कहलयं कि आदिवासी विकास मेला कर सुभारंभ 1990 में होय हे। ई मेला राजा मेदिनीराय कर याइद में लागेला। ई मेला जिला परसासन आउर आयोजन समिति कर समन्वय से लगते आए हे। ऊ राजा मेदिनीराय कर याइद के ताजा करते कहलयं कि मेला कर माध्यम से परसासन आउर आमजन कर मिलेक-जुलेक होवेला आउर जोजनामन से उनके लाभान्वित करल जायेला। उऊ कुछ मांग के भी राखलयं।

**पारंपरिक वेस में नृत्य मोहलक मन :** सरना समाज पलामू कर दन से पारंपरिक वेस में सोवागत गान प्रस्तुत करल गेलक। इकर संगे पारंपरिक परिधान में पुरूस आउर जनीमन गीत-संगीत प्रस्तुत करलयं। सांस्कृतिक कार्जकरम सउब कर मन मोइह लेलक।

**देवल जात हे जोजनामन कर जानकारी :** राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला में जिला परसासन कर दन से बिभिन्न बिभाग कर स्टॉल लगाल जाय हे। मंत्री संगे आउर जन प्रतिनिधि आउर अधिकारीमन स्टॉल कर भ्रमन कइर के निरीछन भी करलयं। स्टॉल कर माध्यम से सउब के द्वल जायेक वाला जानकारी आउर गतिबिधिमन से अवगत होते उकर सराहना करलयं। संगे स्टॉल में हे संबंधित लाभुकमन कर बीच परिसंपत्ति कर बितरन करलयं।

**ई अधिकारी भी लागल हयं :** कार्जकरम में नगर आयुक्त जावेद हुसैन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीना आदि उपस्थित रहयं। मेला के सफल बनायेक में जिला कल्याण-सह-जिला खेल पदाधिकारी सेवा राम साहु, नजारत उप समाहर्ता विक्रम आनंद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान संगे जिला कर अन्य वरीय पदाधिकारी आउर राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला आयोजन समिति कर अध्यछ अर्जुन सिंह, हृदयानंद सिंह, उमेश सिंह, भर्दुल कुमार सिंह, अवधेश सिंह चेरो, रविन्द्र सिंह चेरो, हरेराम सिंह आदि सदस्य लागल हयं।

---

नागपुरी कविता

## उम्मीद कर फूल



रामदेव बड़ाईक

गरीब घरे जनम ले हिस,
तनि पढ़-लिख मंईंयां,
उम्मीद कर फूल फूलेल ,
दृढ़-संकल्प से हियां ।
सिक्छा कर महातम के,
तोंय नी बूझत हिस,
तोंय का ले.., पढ़े-लिखे,
नी खोजत हिस ।।
संघर्ष आउर साहस ,
तोंय नी करत हिस,
धैर्य बनाय के,
तोंय नी रहत हिस ।
जीवन के उंचाई तक,
सिक्छाय तो लेजेल,
सिक्छाय मान-सम्मान,
सपना साकार करेल ।।
सिक्छा आत्मविश्वास के,
बयां हों करेल,
उज्जवल भबिस्य ले ई,
दीया हों बारेल ।
गरीब घरे जनम ले हिस,
तनि पढ़-लिख मंईंयां,
#उम्मीद कर फूल' फूलेल,
दृढ़-संकल्प से हियां ।।

---





# केऊ भी एसएमएस से मिलल लिंक के खोलेक से पहिले उकर जांच-पड़ताल करु

- साइबर फ्रॉड से बचेक ले सुरछित तरीका से पैसा कर ट्रांजेक्सन करू
- बगैर जाने समझें अनजान अदमीमन कर संगे रकम कर लेनदेन नई करु

**रांची।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री कर निरदेस में 11 फरवरी, 2025 के रांची नगर निगम कर सभागार में जिला सूचना एंव विज्ञान पदाधिकारी रांची राजीव रंजन कर अध्यछता में ₹सेफ इंटरनेट डे₹ के लेइ के कार्जसाला कर आयोजन करल गेलक।

ई अवसर में जिला सूचना एंव विज्ञान पदाधिकारी कहलयं कि इंटरनेट हमिन कर लाइफस्टाइल आसान बनाय देइ हे, मकिल हमिन के सावधान आउर सतर्क रईह के इंटरनेट कर उपजोग करेक चाही। केऊ भी अनजान लिंक में क्लिक करेक से पहिले उकर डोमेन कर जांच करेक बहुते जरूरी आहे। फर्जी साइट से बचेक ले सतर्क रहेक कर जरुरत आहे। केऊ भी एसएमएस कर माध्यम से मिलल लिंक के खोलेक से पहिले उकर जांच -पड़ताल कइर लेवेल चाही। इंटरनेट कर उपजोग करेक बेरा अन्य महत्वपूर्न सावधानी बरतेक कर अपील करल गेलक।

साइबर अपराधी नवा नवा तरीका अपनाय के सउब के ठगेक कर कोसीस करयंना, जेकर में डिजिटल अरेस्ट, बेसी रिटर्न कर लालच देइ के निवेस करेक, बिभिन्न किसिम कर ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्म इत्यादि सामिल आहे।

जिला सूचना एंव विज्ञान पदाधिकारी कहलयं कि साइबर फ्रॉड से बचेक ले सुरछित तरीका से पैसा कर ट्रांजैक्सन करु। सार्वजनिक अस्थान में मोबाइल चार्जिंग, सार्वजनिक वाईफाई कर इस्तेमाल करेक से बचू। बिना जाने समझें। अनजान अदमीमन कर संगे रकम कर लेनदेन नई करु। अनजान नंबर से आवेक वाला व्हाट्सएप कॉल आउर व्हाट्सएप बिडियो कॉल आउर इंटरनेसनल कॉल के रिसीव करेक से बचू। खुद जागरूक बनू आउर आपन परिवार के भी जागरूक करु।

कार्जसाला में साइबर डिप्टी एसपी श्रीनिवास सिंह कहलयं कि कहियों भी डिजिटल अरेस्ट कर बात सुइन के भयभीत नई होवेक हय। पैसा इन्वेस्ट कइर के बेसी रिटर्न देवेक वाला कर जाल में नई फंसेक हय।



ऊ कहलयं कि साइबर अपराधी सउब अदमीमन कर अज्ञानता आउर डर कर फायदा उठाय के साइबर फ्रॉड करयंना। साइबर फ्रॉड होवेक से 1930 नंबर में कॉल कइरके आउर रास्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल में तुरते सिकायत दर्ज कराऊ आउर ट्रांजेक्सन ब्लॉक कराऊ।

कार्जसाला कर दौरान अनजान अदमीमन कर संगे ओटीपी, आधार कार्ड, पैन कार्ड इया बैंक कर आउर जानकारी साझा नई करेक, अनजान नंबर से आवेक वाला लिंक में क्लिक नी करेक, अनजान अदमीमन से पेमेंट पावेक ले कयू.आर. कोड स्कैन नई करेक आउर ओटीपी इया पिन साझा नई करेक, बैंक ट्रांजैक्सन करेक बेरा सार्वजनिक वाईफाई कर इस्तेमाल नई करेक संगे आर्टिफ़िसीयल इंटेलिजेंस, सोसल मीडिया, साइबर थ्रेटस, ऑनलाइन फ्रॉड, डीप फेक, व्हाट्सएप्प सिक्योरिटी, डिजिटल अरेस्ट संगे अन्य मुद्दा उपरे चर्चा करल गेलक।

कार्जसाला में ई भी बताल गेलक कि आपने जिला परसासन रांची कर पहल अबुआ साथी से भी आपने व्हाट्सएप्प कर द्वारा आपन हर किसिम कर समस्या के परसासन कर सामने राइख सकीला।

कार्जसाला में जिला सूचना एंव विज्ञान पदाधिकारी रांची राजीव रंजन, साइबर डिप्टीं एससी श्रीनिवास सिंह, एडीआईओ श्रीमती रीमा कुजूर, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अनिमेष दास, आईटी मैनेजर रांची नगर निगम, राज, इ डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, पियुष जयसवाल, डीपीओ यूआईडी समीर सागर, समाहरणालय कर्मी, कृषक मित्र, उषा मार्टिन विश्वविद्यालय कर छात्र, प्रज्ञा केन्द्र संचालक संगे आउर अदमीमन पहुंचल रहयं।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com